* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

01 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 160












## न्यूज रील्स

### आडवाणी 'भारत रत्न' से सम्मानित

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी पीएम लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आडवाणी को घर जाकर उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शनिवार को राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में लालकृष्ण आडवाणी खराब स्वास्थ्य के चलते शरीक नहीं हो पाये थे। इसके बाद उन्हें उनके दिल्ली वाले आवास में जाकर इस सम्मान से नवाजा गया।

### कांग्रेस को 1745 करोड़ का आयकर नोटिस

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है। इसमें आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1745 करोड़ रुपये के टैक्स की मांग की गयी है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है।

### प्रधानमंत्री ने यूपी की क्रांतिधरा मेरठ से किया चुनावी शंखनाद

# बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में हैं जमानत नहीं मिल रही: मोदी


- भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होगा, मोदी झुकनेवाला नहीं है
- लूटे गये धन को गरीबों को वापस दिलाने के काम में लगा हूं

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावों में भाजपा की जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रविवार को उत्तरप्रदेश की क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया। 'भारत माता की जय' के साथ शुरू किये गये अपने संबोधन में उन्होंने विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। जब हमारे छोटे भाई चौधरी जयंत संसद में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग करने के लिए बोलने लगे, तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। उनका अपमान किया गया। ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी मांगनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि वह भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहे हैं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है। दूसरा वह है, जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। पीएम मोदी ने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिल कर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है कि मोदी इससे डर जायेगा, लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए कदम उठा रहा हूं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े सत्ताधारियों को जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए आपने टीवी पर देखा होगा कि कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, तो कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। अभी तो मैंने देखा कि वाशिंग मशीन में भी नोटों के ढेर निकले थे। मोदी ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम हो रहा है। 'नमो ड्रोन दीदी योजना' भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिये जा रहे हैं। ये ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेंगी, तो उनका गौरव भी बढ़ेगा और उनकी कमाई भी बढ़ेगी। किसानी भी सरल हो जायेगी।



### महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी

पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले असंभव लगता था, लेकिन अब नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम से सब कुछ संभव लगता है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिये। यह हमारी सरकार है, जिसने 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बना कर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है। यह हमारी सरकार है, जिसने ढाई करोड़ से ज्यादा घरों में बिजली कनेक्शन देकर उनके जीवन से अंधेरा दूर किया है। 10 वर्ष से देश में माता-बहनों और बेटियों के लिए सुविधा, सुरक्षा और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्ष में नारी शक्ति समृद्धि होने वाली है। देश में करोड़ों बहन और बेटियों को पहली बार उद्यमी बनाया गया है। पुलिस हो या फिर अर्धसैनिक बल हों, इसमें आज बेटियों की संख्या दोगुना से अधिक हो चुकी है। मुद्रा योजना ने करोड़ों बहनों को पहली बार अपना बिजनेस शुरू करने का संबल दिया है। पिछले 10 वर्षों में 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं।

### अयोध्या में कभी राम मंदिर बनेगा, लोगों को सपना लगता था

मोदी ने कहा कि कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा, ये लोगों को मुश्किल लगता था। लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली। ये मोदी गरीबी से टक्कर लेकर यहां पहुंचा है। इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की तकलीफ मोदी भली भांति समझता है। इसीलिए हमने गरीब की चिंता दूर करने के लिए योजनाएं बनायीं। गरीब को इलाज की चिंता न हो, इसलिए पांच लाख वाली आयुष्मान योजना बनायी। केंद्र सरकार मुफ्त राशन दे रही है, जिसको किसी ने नहीं बूझा, उसका सम्मान हमने लौटाया है।

### रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में रखी गयीं पांच मांगें

# इंडी अलायंस ने तत्काल हेमंत और केजरीवाल की रिहाई की मांग की

सीएम चंपाई और कल्पना सोरेन समेत तमाम नेता भाजपा पर बरसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी दलों के इंडी अलायंस ने रविवार को महारैली का आयोजन किया। इसमें गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन भी शामिल हुईं। महारैली में इंडी गठबंधन ने पांच मांगें रखीं। इनमें भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करना, चुनाव आयोग को चुनाव में हेरा-फेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी राजनीतिक दलों के खिलाफ इडी, आइटी और सीबीआइ द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को बलपूर्वक रोकना, हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई, चुनाव के दौरान विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद करने और चुनावी बांड का उपयोग कर-के भाजपा द्वारा बदले की भावना, जबरन वसूली और धनशोधन के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक एसआइटी गठित करना शामिल है।

**'मैच फिक्सिंग' करना चाहते हैं प्रधानमंत्री: राहुल :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस लोकसभा चुनाव में 'मैच फिक्सिंग' की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भारी बहुमत से चुनाव जीत कर संविधान को खत्म किया जा सके। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे इसको रोकने के लिए पूरी ताकत से मतदान करें।



### लोकतंत्र को जीवित रखना चाहते हैं, तो आगे आना होगा : कल्पना सोरेन

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि हम अपने देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए यह सब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों को यह बताना चाहते हैं कि अगर आप अपने देश में लोकतंत्र चाहते हैं, लोकतंत्र को जीवित रखना चाहते हैं, तो आपको आगे आना होगा। अपने लोकतंत्र के लिए लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की जनता सबसे बड़ी है। कोई नेता बड़ा हो जाये, तो वह सबसे बड़ा नहीं होता। अगर कोई खुद को बहुत शक्तिशाली समझता है, तो वह 140 करोड़ जनता की शक्ति से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी को हेमंत जी को जेल में डाला गया। वह दो महीने से जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल 10 दिनों से जेल में हैं। आज तक बता नहीं सके कि उन्हें क्यों जेल में रखा गया है। कल्पना ने कहा कि मेरा यही कहना है कि ये भूमि, इस मैदान की मिट्टी, राम की, रामलीला की कहानी बताती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने युद्ध के समय भी नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। जिस तरह से उन्होंने शक्तिशाली होते हुए भी सदैव धैर्य एवं सहनशीलता दिखायी, युद्ध में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर भी उनको सम्मान की दृष्टि से देखा था। उन्होंने कहा कि हमने प्रण लिया है कि झारखंड कभी नहीं झुकेगा और न दिल्ली।

### तानाशाही को बढ़ावा दे रही है केंद्र सरकार: चंपाई



महारैली में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि 'लोकतंत्र बचाओ' महारैली लोकतंत्र को बचाने के लिए है। लोगों को यह बताने के लिए है कि केंद्र की अभी की सरकार तानाशाही को बढ़ावा दे रही है।

**सत्ता सदा नहीं रहती : प्रियंका :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्ता में बैठे अन्य लोगों को भगवान राम का यह संदेश याद रखना चाहिए कि सत्ता सदा नहीं रहती और अहंकार चूर-चूर हो जाता है। उन्होंने भगवान राम और रामायण का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा पर निशाना साधा।

**भाजपा ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी: अखिलेश :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा को 'ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी' करार देते हुए कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पूरी दुनिया में भाजपा की थू-थू हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को '400 पार' में इतना ही भरोसा है, तो वह इतनी घबराहट में क्यों नजर आ रही है।

### सरयू राय ने ढुल्लू महतो की आपराधिक जन्मकुंडली खोली, कहा

# जिस पर 49 आपराधिक केस हों, चार मामले में सजायाफ्ता हो, उसे भाजपा ने टिकट देकर जनता का मजाक उड़ाया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने धनबाद के भाजपा प्रत्याशी और विधायक ढुल्लू महतो को निशाने पर लिया। उनकी आपराधिक जन्मकुंडली का ट्रेलर अपने रांची आवास पर रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से जारी किया। साथ ही यह भी कहा कि ऐसे आपराधिक चरित्र के व्यक्ति, जिस पर 49 आपराधिक केस हों, चार मामले में सजायाफ्ता हो, उसे भाजपा ने टिकट देकर धनबाद की जनता का मजाक उड़ाया है। ढुल्लू की आपराधिक जन्म कुंडली में ऐसी-ऐसी बातें लिखी हुई हैं कि हर सभ्य व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जायेगा। पर आश्चर्य है कि भाजपा और संघ के लोगों का सिर शर्म से नहीं झुक रहा, बल्कि गौरव से तना हुआ है। वे इस ढुल्लू को जीत दिलाने को कमर कसे हुए हैं। जिस ढुल्लू को इडी खोज रही है, उसे टिकट दिया गया है। यह इडी वही है (प्रवर्तन निदेशालय) जिसकी भृकुटि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तनी हुई है, पर ढुल्लू पर पता नहीं, इतना अनुराग कैसे है? सरयू राय ने एक प्रमाण देते कहा कि उस प्रमाण के अनुसार ऐसे व्यक्ति की तो विधानसभा की सदस्यता चली जानी चाहिए, लेकिन फिर भी यह विधायक है। यह चुनाव लड़ रहा है और खुद को सर्वाधिक देशभक्त कहनेवाली भाजपा धनबाद की जनता की छाती पर मूंग दलने के लिए इसे प्रत्याशी बना कर खड़ा कर चुकी है, लेकिन जनता ने भी ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए इस बार प्रण कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी के धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए घोषित उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर संगीन अपराधों में दायर 49 मुकदमों की सूची संलग्न है। इसमें से 21 मुकदमे भारतीय दंड विधान की धारा-307 एवं अन्य संज्ञेय अपराधों में, 13 मुकदमा रंगदारी और दबंगई से संबंधित भारतीय दंड विधान की धारा-384, 385 तथा 15 मुकदमा आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव एक्ट के विभिन्न धाराओं में दायर किये गये हैं। इन मुकदमों में से चार मुकदमे यथा- बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के महुदा थाना कांड संख्या 242/2005 में एक साल की सजा, 25 फरवरी 2016 को बाघमारा (बरोरा) थाना कांड संख्या-307/2006 में एक साल की सजा, 20 जनवरी, 2016 को बाघमारा (बरोरा) थाना कांड संख्या-133/2006 में 12.07.2018 को एक साल की सजा और कतरास थाना कांड संख्या-120/2013 में 18 माह (1.5 साल) की सजा 09 अक्टूबर, 2019 को हुआ। इन चार कांडों में ये सजायाफ्ता अभियुक्त हैं। इनकी कुल सजा को जोड़ दें तो यह सजा साढ़े चार साल की हो जा रही है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक खंडपीठ का जो निर्णय है, उसके अनुसार ढुल्लू महतो चुनाव लड़ने से अयोग्य हैं। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 13 फरवरी, 2023 को ढुल्लू महतो के विरुद्ध मुकदमा संख्या (ईसीआईआर)-9/23 दायर किया है। यह मुकदमा झारखंड उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दायर हुआ है और इडी ने शपथ पत्र देकर उच्च न्यायालय को बताया है कि ढुल्लू महतो के विरुद्ध जांच के लिए मुकदमा दायर कर दिया गया है।






### ओबीसी का हितैषी नहीं सबसे बड़ा दुश्मन है

ढुल्लू महतो स्वयं को ओबीसी श्रेणी का हितैषी बताते हैं। परन्तु अपने पूरे विधायक काल में इन्होंने जितने अत्याचार किये हैं, वे सभी ओबीसी वर्ग के व्यक्तियों एवं परिवारों पर किया है, जिसमें से अशोक महतो का परिवार भी शामिल है। जिसने लंबी लड़ाई लड़कर इनके जुल्म का प्रतिकार किया। इसके अतिरिक्त अपने स्वजातीय करीब आधा दर्जन परिवारों का पानी, बिजली इन्होंने कटवा दिया। यह सभी परिवार 17 दिनों तक धनबाद के सार्वजनिक स्थल पर धरना देकर बैठे रहे तब जाकर वर्तमान वरीय पुलिस अधीक्षक ने बीसीसीएल प्रबंधन से उनके घरों का पानी, बिजली कनेक्शन जुड़वाया। सरयू राय के अनुसार, यदि विधायक ढुल्लू महतो वास्तव में मजदूरों के हितैषी होते तो उनके हित के लिए जो अधिकांश पिछड़े वर्गों के स्थानीय लोग हैं, वे उपायुक्त धनबाद के प्रतिवेदन को क्रियान्वित कराकर मजदूरों और स्थानीय पिछड़े वर्गों का कल्याण करते। परन्तु उन्होंने तत्कालीन सरकार की मिलीभगत से यह नहीं होने दिया और बीसीसीएल के एरिया में आज भी रंगदारी और असामाजिक तत्वों का बोलबाला पहले की तरह है, जिन्हें इनका संरक्षण प्राप्त है। इसलिए इनका यह कहना कि इनका विरोध इसलिए हो रहा है कि वे ओबीसी एवं स्थानीय हैं, सरासर गलत है। इनका जुल्म अबतक ओबीसी और स्थानीय के उपर और पिछड़े वर्गों के उपर ही होता रहा है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, प्रधानमंत्री जी चार सौ में जो काम करेंगे वह 399 में भी होगा, इसलिए धनबाद सीट भूल जाएं।

### ढुल्लू-प्रिंस दोनों ऑडियो की स्क्रिप्ट में समानता है

30 मार्च को ह्यप्रिंस खानह्ल नामक एक अपराधी का एक ऑडियो वायरल हुआ, जिसमें वह उन्हें और धनबाद के उनके सहकर्मी कृष्णा अग्रवाल को धमकी दे रहा है। इसके दो दिन पूर्व भाजपा के घोषित लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने भी कृष्णा अग्रवाल को धमकाया, जिसका ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इन दोनों ऑडियो की स्क्रिप्ट में समानता है, केवल आवाज भिन्न है। पुलिस इसकी जांच करें। उनसे और कृष्णा अग्रवाल से प्रिंस खान की नाराजगी स्वभाविक है, क्योंकि उसके रंगदारी और आपराधिक कार्यकलापों के खिलाफ उन्होंने झारखंड विधानसभा में गत 15 दिसंबर, 2023 को एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया था। जिसका नतीजा हुआ कि झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रिंस खान को विदेश से वापस लाने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय को लिखा है। साथ ही विभाग ने उसके दो सहयोगियों के पासपोर्ट रद्दीकरण के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी से अनुरोध किया है। परन्तु तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक भारत सरकार ने इस पर कार्रवाई नहीं किया है। कृष्णा अग्रवाल भी प्रिंस खान द्वारा भी धनबाद के व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने और रंगदारी नहीं देने वालों की हत्या के मामले पर अनशन किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 63,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# चुनाव से पहले ही ढीली पड़ गयी है झारखंड कांग्रेस

- रांची और धनबाद समेत चार सीटों पर अब तक तय नहीं हो सके हैं नाम
- उम्मीदवारों की घोषणा में हो रही देरी के कारण बढ़ रही है अनिश्चितता
- आक्रामक राजनीति के इस दौर में भी पुराने ढर्रे पर चल रही कांग्रेस पार्टी

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश भर में जारी सियासी सरगर्मी के बीच झारखंड में अब यह चर्चा होने लगी है कि यहां देश की सबसे पुरानी पार्टी, यानी कांग्रेस चुनाव से पहले ही ढीली पड़ गयी है और उसने भाजपा को वॉकओवर दे दिया है। इस चर्चा के पीछे वजह यह है कि एक तरफ जहां भाजपा और दूसरे दल अपनी चुनावी रणनीति तय करने में व्यस्त हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस नेता अभी रांची और दिल्ली के बीच संतुलन बनाने में लगे हुए हैं। झारखंड की 14 में से सात सीटों पर कांग्रेस को उम्मीदवार देना है, लेकिन उसने अब तक केवल तीन प्रत्याशियों की ही घोषणा की है। रांची, धनबाद, गोड्डा और चतरा या पलामू से कांग्रेस का प्रत्याशी कौन होगा, इस पर अब भी विचार चल रहा है, क्योंकि पार्टी के भीतर की गुटबाजी प्रत्याशियों के चयन पर भारी पड़ रही है। कांग्रेस ने रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को अपने खेमे में शामिल तो कर लिया है, लेकिन उन्हें अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, क्योंकि उसे बगावत का डर सता रहा है। यही हालत धनबाद की भी है, क्योंकि वहां भी गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय को पार्टी में शामिल कराने के बाद टिकट देने की बात तय हुई है, लेकिन इसे अब तक कार्यान्वित नहीं किया जा सका है, क्योंकि इसमें भी कई पेंच हैं। कांग्रेस की इस असमंजस की स्थिति के कारण ही कहा जा रहा है कि वह मुकाबले से पहले ही हारने का मन बना चुकी है। क्या हैं झारखंड कांग्रेस की इस ढुलमुल रवैये के कारण और आसन्न चुनाव में क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड समेत पूरे देश में जारी सियासी सरगर्मी के बीच अब देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। झारखंड के संदर्भ में यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पार्टी सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार है। चुनावी गहमा-गहमी के दौर में झारखंड कांग्रेस अब तक अपना चार उम्मीदवार तय नहीं कर सकी है, जबकि भाजपा और आजसू ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं और वे चुनाव प्रचार अभियान का पहला चरण तेजी से पूरा भी कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर चुनाव से पहले कांग्रेस इतनी लचर अवस्था में कैसे पहुंच गयी है। इस सवाल का जवाब बहुत आसान नहीं है। इसका जवाब जानने के लिए व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

यह ठीक है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी, कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता या मोर्चाबंदी अधूरी है, किंतु वर्तमान कांग्रेस का राजनीतिक क्षरण भी एक सच है। झारखंड में सत्ता में साझीदार होने के बावजूद कांग्रेस सांगठनिक रूप से इतनी जर्जर हो चुकी है कि इसके पास न रणनीति है और न कोई विजन। पार्टी केवल नकारात्मक राजनीति के सहारे चल रही है, जहां हर नेता अपनी मर्जी से मुद्दे चुनता है, उठाता है और बयान जारी कर चुपचाप बैठ जाता है। इससे पता चलता है कि वास्तव में झारखंड कांग्रेस की समस्या बहुआयामी है। इसमें पहला है कि पार्टी नेतृत्व संकट से दो-चार है। गुटबाजी के विष-आलिंगन में फंसी झारखंड कांग्रेस का हर नेता अलग गुट का प्रतिनिधित्व करता है। दूसरी समस्या पार्टी का बौद्धिक रूप से शून्य होना है। आज हम जिस कांग्रेस को देख रहे हैं, वह अपने व्यवहार-आचरण से सियासी हाशिये पर जा चुके वामपंथी चिंतन की घटिया कार्बन कॉपी है, जिसे तत्कालीन कांग्रेस ने वर्ष 1969-71 में 'आउटसोर्स' किया था। झारखंड कांग्रेस की तीसरी समस्या यह है कि उसका नेतृत्व अब फर्जीवाड़े के गंभीर आरोपों में फंस चुका है।

## प्रत्याशी चयन में सामने आयी कमजोरी

झारखंड की तरफ लौटते हैं। राज्य की 14 सीटों में से कांग्रेस को सात सीटों पर उम्मीदवार देना है। इनमें से तीन सीटों, खूंटी, लोहरदगा और हजारीबाग के लिए प्रत्याशी घोषित हो गये हैं। अब रांची, धनबाद, गोड्डा और पलामू या चतरा से प्रत्याशी देना है। रांची से सुबोधकांत सहाय का नाम लगभग तय था, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। भाजपा के सांसद रहे रामटहल चौधरी अब कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं और उन्हें टिकट देने की तैयारी चल रही है। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर कांग्रेस उन्हें टिकट देने में देरी क्यों कर रही है। वास्तव में यह देरी संभावित बगावत को रोकने के लिए की जा रही है। रामटहल चौधरी तपे-तपाये नेता रहे हैं। वह एक या दो बार नहीं, पांच बार रांची से कांग्रेस को हरा चुके हैं। ऐसे में इस बार यदि उन्हें कांग्रेस टिकट देती है, तो पार्टी के भीतर बगावत लगभग तय है। कांग्रेस के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि इतने सालों तक भाजपा का चेहरा रहे किसी नेता का अचानक से कांग्रेसी बन जाना आसानी से पचाया नहीं जा सकता। वहीं मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग रामटहल चौधरी का हिमायती नहीं है। उसका कहना है कि जिसने 20 साल तक भाजपा की नीतियों को सींचा, जो मुसलमानों के खिलाफ मुखर रहा, उसे वे इतनी आसानी से कैसे अपना लेंगे। ये लोग बाबूलाल मरांडी का उदाहरण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने भी भाजपा छोड़ दी थी और जेवीएम बना लिया था। वह भाजपा के खिलाफ मुखर भी खूब हुए, लेकिन इसके बावजूद मुसलिम समाज ने बाबूलाल को अपना नहीं बनाया। उनका कहना है कि अगर रामटहल चौधरी 20 साल तक भाजपा में रहे हैं और मुसलमानों के खिलाफ उन्होंने आग उगली है, तो इसे भूलने में बीस साल तो लगेंगे ही। ऐसा थोड़े न होता है कि कल तक आपने गाली दी और आज आप गले लगाने आ गये, तो हम गले लगा ही लेंगे।

लगभग यही स्थिति धनबाद की भी है। वहां से उम्मीदवारों का टोटा होने के बाद पार्टी ने गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय से संपर्क साधा और उन्हें पार्टी में शामिल होने के बदले धनबाद से टिकट देने की पेशकश की। पांडेय इसके लिए तैयार भी हो गये, लेकिन धनबाद के कांग्रेसियों ने इसमें पेंच फंसा दिया। उनका कहना था कि करीब चार दशक तक पूरे कोयलांचल में भाजपा का चेहरा रहे किसी नेता को अब कांग्रेस की ओर से मैदान में उतारना आत्मघाती कदम होगा। उनका कहना है कि रवींद्र पांडेय ने कांग्रेस को दलदल में छोड़ कर भाजपा को गले लगाया था। अब जब उन्होंने भाजपा ने टिकट नहीं दिया, तो वह महज टिकट के लिए कांग्रेस में आये हैं। ऐसे लोगों पर कैसे भरोसा करें। पार्टी को कीर्ति आजाद का उदाहरण याद रखना चाहिए। इस पेंच के कारण रविंद्र पांडेय का कांग्रेस में शामिल होना भी फिलहाल स्थगित हो गया है। अब पूर्णिमा नीरज सिंह का नाम सामने आ रहा है। अंतिम समय में उनको टिकट मिलता भी है, तो वह कितनी मुश्तैदी से लड़ पायेंगी, यह भविष्य के गर्भ में है।



## कांग्रेस लड़ाई के लिए तैयार नहीं

कांग्रेस की हालत यह है कि वह मुकाबले के लिए इच्छुक तो है, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं है, क्योंकि उसके पास योद्धा ही नहीं है। पार्टी के नेता भी कह रहे हैं कि अगर अचानक किसी को चुनाव लड़ने के लिए कहा जाये, तो कौन इसके लिए तैयार होगा। पार्टी ने कभी संकेत नहीं दिया कि किसी नेता को चुनाव लड़ना है। इसलिए कांग्रेस का कोई नेता चुनाव की तैयारी नहीं कर सका है। इसके अलावा कांग्रेस के पास ऐसे नेताओं की भारी कमी है, जो लोकसभा चुनाव में उतरने की काबिलियत रखते हों। पहचान की बात छोड़ भी दें, तो संसाधन के हिसाब से भी वे प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ते नजर आ रहे हैं।

कुछ समय पहले कांग्रेस ने अधिक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए संभावित युवा नेताओं की पहचान करने और उन्हें तैयार करने की कोशिश की, लेकिन यह झारखंड में असफल साबित हुई। इसीलिए पार्टी को भाजपा से मुकाबला करने के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों के वास्तविक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जो हमेशा चुनावी मोड में रहती है।

## क्या है कांग्रेस की इस कमजोरी का कारण

झारखंड कांग्रेस का यह नकारात्मक रवैया वास्तव में कुछ महत्वपूर्ण संकेत देता है। एक तो यह पार्टी संगठन की कमजोरी को उजागर करता है, जो इस यकीन से पैदा होता है कि आपको विरासत में इतनी ताकत मिली है कि आपकी नाकामियों के लिए कोई भी आपको जवाबदेह नहीं ठहरा सकता। दूसरी बात यह कि आपके लिए पार्टी हित से ज्यादा महत्वपूर्ण है आपकी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद। और तीसरी बात यह कि भयंकर भूल करने के बाद भी आपको सुधार करने या खोयी हुई जमीन को वापस हासिल करने की कोशिश करना जरूरी नहीं लगता। यह ऐसा ही है, जैसे आप यह मान बैठे हों कि हमने अपना घर ढहाने का इतना शानदार काम कर दिया है कि उधर मुड़ कर देखने की जहमत क्यों की जाये। इसका नतीजा यह है कि झारखंड कांग्रेस में नेतृत्व पर कोई सवाल नहीं उठाया जाता। जो सवाल उठाते हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है और बाहर जाते हुए उन्हें वफादारों के हमलों का सामना करना पड़ता है। जो टिके रहते हैं, वे चारे के रूप में राज्यसभा सीट हासिल करने की कोशिश करते हैं, जो अब भी उपलब्ध हो सकती है। इसके बाद जो मूल सवाल पैदा होता है, वह है कि पार्टी है कहां? झारखंड में गठबंधन है, तो वहां सबसे बड़ा दल झामुमो पूरी तरह एकजुट है, लेकिन दरार कांग्रेस में ही दिखाई दे रही है।


यह सही है कि जब भी हम झारखंड कांग्रेस, उसके भविष्य, उसकी खूबियों, कमजोरियों, अवसरों और चुनौतियों पर नजर डालते हैं, तब हर बार यही पाते हैं कि उसकी हालत चंद महीने पहले की हालत से और बदतर ही हुई है। पिछले एक दशक में तो इसकी भी वजह है। इस दौरान इस पार्टी ने जो एकमात्र जीत हासिल की है, वह है राजनीति के गर्त की ओर दौड़ में। इसके बावजूद झारखंड की चुनावी सफलता ने कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम किया था, लेकिन अब इसके घर के चूहे ही इस पहाड़ को खोखला बना चुके हैं। कांग्रेस को यह समझना होगा कि 2019 में उसने जो सफलता हासिल की, उसके पीछे झामुमो के साथ उसका गठबंधन था, ना कि उसकी अपनी लोकप्रियता। कांग्रेस को यह भी समझना होगा कि वह अब झारखंड में झामुमो पर ही आश्रित है, जैसे बिहार में उसका संबल राजद है।

झारखंड कांग्रेस के लिए अब भी वक्त है संभलने का। उसे अपने संगठन पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। इसके लिए स्थानीय नेतृत्व को सामने लाना होगा, जो कम से कम पार्टी के लिए स्टैंड ले सके। उसे अब उन लोगों से भी किनारा करना होगा, जो बूढ़े हो चुके हैं। उनसे भी सावधान रहना होगा, जो पुत्रमोह में फंसे हुए हैं। जब तक ऐसा नहीं होता, कांग्रेस अपने क्षरण की इस राह पर लगातार आगे बढ़ती रहेगी।

# गुरुजी ने दिया कालीचरण मुंडा को जीत का आशीर्वाद

**शिबू सोरेन से कांग्रेस प्रत्याशी ने की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने दिशोम गुरु एवं राज्यसभा सांसद आदरणीय शिबू सोरेनसे मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया एवं उन्हें महागठबंधन प्रत्याशी चुने जाने के लिए आभार व्यक्त किया। कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव आदिवासी अस्मिता को बचाए रखने का चुनाव है, जिस तरह से आदिवासी समाज के एक चुने हुए युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत केंद्र सरकार ने झूठे केस में फंसा कर जेल में डाला है, उसे आदिवासी समाज बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा एवं वह चुनाव के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार को इसका जवाब देगा। मोदी सरकार आदिवासियों की जमीन लूटना चाहती है एवं जिस संघर्ष से गुरुजी ने झारखंड राज्य बनाया आज केंद्र सरकार पुनः वही आक्रमण करते हुए अपने मित्रों और बड़े बड़े कॉर्पोरेट घरानों को आदिवासियों की जमीन देना चाहती है। केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के कानूनों को बदलकर जल, जंगल, जमीन से आदिवासियों के हक को कम करने का काम किया है, उसका जवाब देते हुए आदिवासी समाज भाजपा को हराने का काम करेंगे। कांग्रेस पार्टी आदिवासी संकल्प के तहत आदिवासी समाज की हिस्सेदारी बढ़ाने का काम करेगी एवं खूंटी की जनता इसका सम्मान करते हुए गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी से भारी मतों से जीत दिलाकर एक राष्ट्रीय संदेश देगी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, खूंटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा, आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो, विजय कुमार स्वांसी, अनमोल होरो और अन्य समर्थक मौजूद थे।

# 178.26 करोड़ से दो लेन बनेगी बंता-राहे-बुंडू रोड

**जमशेदपुर-रांची रोड से सिल्ली जाना होगा आसान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य राजमार्ग प्राधिकार जल्द ही रांची से सटे ग्रामीण इलाके बंता-राहे-बुंडू रोड को दो लेन करने का काम प्रारंभ करेगा। सरकार से इसके निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। चुनाव के बाद इसका टेंडर जारी होगा। 30.40 किमी लंबे इसे रोड के चौड़ीकरण-मजबूतीकरण भू-अर्जन सहित अन्य कार्य 178.26 करोड़ की लागत से करने की स्वीकृति दी गयी है।

हालांकि, इस रोड के बनने से बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई भी होगी। बता दें कि यह पथ सिल्ली-बंता-हजाम-टीकर- रंगामाटी पथ एमडीआर-25 के सातवें किमी बंता से प्रारंभ होकर जमशेदपुर-रांची मार्ग एनएच 33 पर बुंडू बाजार में समाप्त होता है। जमशेदपुर-रांची पथ से सिल्ली को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क है, जो राहे प्रखंड से होकर गुजरती है। बंता से आठ किमी की दूरी पर कांची नदी अवस्थित है, जो क्वालिटी सैंड का महत्वपूर्ण केंद्र है।

साथ ही औद्योगिक शहरों जिसमें धनबाद, बोकारो तथा रामगढ़ से जमशेदपुर जाने वाले व्यावसायिक वाहनों के लिए प्रमुख पथ है। इस रोड के बन जाने से पूरे क्षेत्र में अवस्थित गांवों के लोगों के लिए सुविधा एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# जनता चाहेगी तो राजमहल से निर्दलीय चुनाव लड़ने पर करूंगा विचार: लोबिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। दरअसल, लोबिन हेंब्रम अपने बगावती रवैये की वजह से अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं। इस बार भी उन्होंने बगावती सुर छेड़ दिया है। लोबिन लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में नजर आ रहे हैं। वो राजमहल सीट पर अपने दावेदारी पेश कर रहे हैं। लोबिन हेंब्रम का कहना है कि निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदा सांसद विजय हांसदा के प्रति नाराजगी है। यदि उनको टिकट मिला तो पार्टी को नुकसान होगा।

**राजमहल की जनता चाहती है मैं बनूं उम्मीदवार :** द फॉलोअप से बातचीत में लोबिन हेंब्रम ने लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पर हामी भरी है। उन्होंने कहा कि वह बीते एक सप्ताह से राजमहल लोकसभा क्षेत्र घूम रहे हैं। वह राजमहल के विभिन्न इलाकों में लोगों से मिल कर उनकी राय ले रहे हैं। उनका कहना है कि इस बार राजमहल की जनता उन्हें उम्मीदवार के रूप में देखना चाहती है, इसलिए, वे राजमहल सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।



## विजय हांसदा की लोगों के बीच पकड़ मजबूत नहीं

**गौरतलब है कि राजमहल एसटी आरक्षित सीट है, जो इंडिया गठबंधन के पाले में थी। झामुमो से विजय हांसदा राजमहल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। विजय हांसदा को लेकर लोबिन हेंब्रम ने कहा कि राजमहल लोकसभा में उनकी छवि एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि व्यवसायी के तौर पर है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों में उनकी पहुंच न के बराबर है। इस बार विजय हांसदा को टिकट दिया गया, तो लोगों में नाराजगी देखने को मिलेगी।**

**टिकट नहीं मिला तो लड़ेंगे निर्दलीय चुनावः** लोबिन हेंब्रम ने बताया कि उन्होंने चुनाव लड़ने की बात पार्टी आलाकमान से की है। इस पर जवाब में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने उन्हें टिकट देने पर विचार करने की बात कही है। पार्टी आलाकमान का कहना है कि वे अभी इस पर मंथन कर रहे हैं। लोबिन ने कहा कि अगर उन्हें पार्टी टिकट नहीं देती है, तो वह राजमहल लोकसभा सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.2 °c | 19.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in



# शिबू सोरेन परिवार की कठपुतली नहीं बनें चंपाई सोरेन : बाबूलाल

## एक्स पर पोस्ट के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन जी, इंडी ठगबंधन की रैली लोकतंत्र बचाने की नहीं, बल्कि परिवारवाद, भ्रष्ट तंत्र और भ्रष्टाचारियों को बचाने की मुहिम है। कहा कि अफसोस है कि चंपाई सोरेन पारिवारिक अंदरूनी



महाभारत की परिस्थितिवश सोरेन परिवार की अनुकंपा पर मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाये जाने के बाद इनके हाथों की कठपुतली बने हुए हैं।

कहा कि दिल्ली में स्वांग रचने से बेहतर होता कि वे झारखंड के छात्रों की समस्या का निदान करते, जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली करने वाले लोगों के साथ सख्ती बरतते, उन्हें जेल भेजते, राज्य की मरणासन्न कानून व्यवस्था की समीक्षा कर उसे सुदृढ़ करते, लेकिन वह भी हेमंत सोरेन के नक्शे कदम पर चलने की कसम खा रखे हैं।

# जेपीएससी पीटी परीक्षा में धांधली के विरोध में झारखंड बंद करेगा यूथ एसोसिएशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी पीटी परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में झारखंड यूथ एसोसिएशन झारखंड बंद का आयोजन करेगा। इसके लिए तैयारी आरंभ कर दी गयी है। एसोसिएशन ने कहा है कि जल्दी ही झारखंड बंद की तिथि की घोषणा कर दी जायेगी। साथ ही एसोसिएशन ने कहा है कि झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भ्रष्ट व्यवस्था की महत्वपूर्ण अंग बन चुके हैं। इसमें अचानक बदलाव या सुधार संभव नहीं है। इसके लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। इसके लिए रणनीति तैयार की जा रही है। छात्रों से इसके लिए संपर्क किया जा रहा है।




**जेपीएससी कार्यालय घेराव कार्यक्रम स्थगित :** एसोसिएशन ने कहा कि 11वीं जेपीएससी पीटी परीक्षा में अनियमितता और गड़बड़ी को देखते हुए 1 अप्रैल को शांतिपूर्ण तरीके से जेपीएससी कार्यालय घेराव की घोषणा की गयी थी। लेकिन कुछ कारणों से इसे स्थगित किया जाता है। कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के कारण, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि द्वारा माहौल बिगड़ने की आशंका और आंदोलन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों पर मुकदमा और कार्रवाई होने की आशंका को देखते हुए आंदोलन को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है।

**आगे की रणनीति :** एसोसिएशन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद जेपीएससी और जेएसएससी के तमाम परीक्षार्थी और छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से संपूर्ण झारखंड बंद किया जायेगा। इस बीच सभी 24 जिलों में जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। साथ ही रोजगार के लिए आंदोलन तेज किया जायेगा। इसकी जानकारी इमाम सफी, झारखंड यूथ एसोसिएशन के नेता ने दी है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलने की संभावना, नौकरी में उन्नति।

**वृष** शत्रुओं पर दबाव बनाने में सफल रहेंगे। कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरुआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** आपके परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। पुराने शुभचिन्तक काम आयेंगे। शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी, परिस्थितियों में सुधार।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# नक्सलियों ने लोकसभा चुनाव से पहले बहिष्कार का पोस्टर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले में लोकसभा चुनाव से पहले नक्सलियों ने एक बार फिर से चुनाव बहिष्कार के लिए जनता से अपील करना शुरू कर दिया है। मामला नक्सल प्रभावित प्रखंड टोंटो का है। टोंटो प्रखंड के लिसीमोती, पंडराईबेड़ा, डुमुरजोआ, बड़ा लुइया और छोटा लुइया आदि क्षेत्रों में किया है। यहां नक्सलियों के द्वारा बीती रात स्कूल सहित अन्य इलाकों में जमकर पोस्टरबाजी करने का मामला सामने आया है।




नक्सलियों ने पोस्टर बैनर लगाकर लोगों से वोट नहीं देने की अपील की है। नक्सलियों के द्वारा किये गए इस पोस्टरबाजी से लोकतंत्र के महापर्व में आतंक और भय का माहौल खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि पुलिस ने इस मामले को लेकर अब तक कोई भी जानकारी मीडिया से साझा नहीं की है। बहरहाल पुलिस प्रशासन की पूरी कोशिश है की जनता भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव में मतदान करें और देश लोकतांत्रिक रूप से मजबूत करें। इसको लेकर टोंटो में लगातार सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान जारी है जिसमें सुरक्षाबलों को कामयाबी भी मिल रही है। लगातार मिल रही पुलिस को सफलता के कारण नक्सली इन दिनों बैकफुट पर हैं।

# भाजपा के धनबाद और चतरा लोस प्रत्याशी के समर्थन में है सदान मोर्चा : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के द्वारा धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को बदलने की मांग करने पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारी जमीन को किसी ने कब्जा कर लिया था। भाजपा ने उसे मुक्त कर असली जमीन मालिक को वापस कर दिया है, परंतु अभी और कुछ जमीन को आगे मुक्त कराने की बात कही है। श्री प्रसाद ने कहा कि धनबाद और चतरा के प्रत्याशी दोनों उसी लोकसभा के निवासी और धरतीपुत्र हैं। श्री प्रसाद ने कटाक्ष




करते हुए कहा कि जब कोई भी राजनीतिक दल प्रत्याशी घोषित करता है तो पिछड़ा, दलित, सवर्ण को आधार बनाता है। यदि हर जाति को प्रतिनिधित्व देने की बात होगी तो पच्चासों जातियां पिछड़ों में ही हैं, तो क्या यह संभव है कि हर जाति को झारखंड में लोकसभा का प्रतिनिधित्व दिया जा सके? यह संभव नहीं है। सवर्ण में भी ब्राह्मण, भूमिहार, राजपूत, कायस्थ आते हैं। दलित में भी कई उपजाति हैं। ऐसे में अलग-अलग सभी जातियों को टिकट दे पाना किसी भी राजनीतिक दलों के लिए संभव नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा ने तीन सवर्ण को झारखंड में प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में सवर्ण समुदाय की आबादी को देखते हुए यह बहुत है। इसके बाद भी कुछ लोग सिर्फ अपनी जाति और गैर सदान के लिए टिकट मांग रहे हैं, जो कतई औचित्यपूर्ण नहीं है। चतरा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह भूमिहार जाति के सवर्ण समुदाय से आते हैं। जबकि धनबाद के प्रत्याशी ढुल्लू महतो पिछड़ी जाति से आते हैं और दोनों सदान हैं। इस मौके पर मीडिया प्रभारी विशाल कुमार सिंह, प्रो अरविंद राम, डॉ अमर यादव, महेंद्र ठाकुर, हरीश कुमार डॉ बृजभूषण पाठक आदि उपस्थित थे।

## सीपीआइ ने झारखंड की चार लोस सीटों पर उम्मीदवारों का किया एलान

रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से चार पर सीपीआइ चुनाव लड़ेगी। लोहरदगा से महेंद्र उरांव, पलामू से अभय भुइयां, चतरा से अर्जुन कुमार और दुमका से राजेश कुमार के नाम पर मुहर लगी है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय से पहली सूची की घोषणा रविवार को की। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और अन्य नेताओं ने बैठक कर उम्मीदवारों के नाम की आधिकारिक घोषणा की है।

# निशिकांत पर केस, सांसद बोले, आरोप साबित हुआ तो संन्यास

- पत्नी-बेटे समेत नौ के खिलाफ शिकायत
- परित्राण मेडिकल कॉलेज को हड़पने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे पर मेडिकल कॉलेज हड़पने का आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज करायी गयी है। सांसद के साथ-साथ उनकी पत्नी सहित नौ लोगों पर परित्राण मेडिकल कॉलेज हड़पने का आरोप लगाते हुए जसीडीह थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

मेडिकल कॉलेज के मालिक और बावनबिघा कस्टर टाउन देवघर के रहनेवाले शिव दत्त शर्मा (शंभु शर्मा) ने मामला दर्ज कराया है। इसमें परित्राण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को साजिश के तहत हड़पने, धोखाधड़ी करने सहित अन्य धारा 406, 409, 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 के तहत शिकायत की गयी है।

थाने में शिकायत दर्ज होने पर आपत्ति जताते हुए गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत ने कहा कि अगर झारखंड पुलिस आरोप साबित कर दे, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि यह विरोधियों की साजिश है।

**दर्ज शिकायत में क्या कहा गया :** दर्ज एफआइआर के मुताबिक शिव दत्त शर्मा जसीडीह थाना क्षेत्र के दर्दमारा के दम्मा के पास परित्राण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) खोलने वाले थे। कॉलेज भवन बन कर तैयार हो गया। इस कॉलेज को संचालन के लिए पीएनबी की अगुआई में बैंकों के संघ ने 93 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया।

लेकिन साल 2009 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ने नियमों में बदलाव किया। इस बदलाव की शर्तों को पूरा नहीं कर पाने की वजह से कॉलेज खोलने की अनुमति नहीं मिल सकी। कॉलेज नहीं खुलने की वजह से बैंक ने मेरे लोन खाते को एनपीए घोषित कर दिया। बिना मेरी किसी



गलती के बैंक कंसोर्टियम द्वारा समझौते का पालन न करने की बात कही गयी।

दर्ज एफआइआर में शिव दत्त शर्मा (शंभू शर्मा) ने कहा है कि इस बात की जानकारी सांसद निशिकांत और उनकी पत्नी को हुई, तो उन्होंने मालिक बनने की इच्छा जाहिर की।

**सांसद और उनकी पत्नी ने बना लिया नया ट्रस्ट :** उसके बाद 24 जून को उन्होंने कॉलेज के सभी दस्तावेज सौंपने की बात कही। कागजी कार्रवाई की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 25 लाख रुपये की मांग की, जिसे उन्होंने दो महीने में वापस करने का वादा किया। इसके बाद मैंने उन्हें 20 लाख रुपये भी दिये। दर्ज एफआइआर में बताया गया है कि परित्राण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (पीएमसीएच) परित्राण ट्रस्ट के तहत संचालित होना था। लेकिन बीते साल दिसंबर के दूसरे सप्ताह में मुझे पता चला कि 22 नवंबर 2023 को बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट नाम से एक नया ट्रस्ट पंजीकृत किया गया है। उसका मुख्य कार्यालय धवनदीप बिल्डिंग, जंतर मंतर रोड, नयी दिल्ली में है, जिसकी मालकिन अनामिका गौतम हैं, जबकि उनके दो बेटे ट्रस्टी हैं।

बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के द्वारा डीआरटी पीएनबी ने नीलामी अधिसूचित की है। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने नियमों को ताख पर रख कर 20 दिसंबर को 60 करोड़ रुपये पर नीलामी की अनुमति ले ली। यह अनुमति सांसद निशिकांत दुबे, अनामिका गौतम और संबंधित लोक सेवकों की मिलीभगत और साजिश का नतीजा था।

### महागठबंधन की सरकार में मेरे ऊपर 44वां केस : निशिकांत

शिकायत दर्ज होने पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- यह मेरे ऊपर 44वां केस है। झारखंड में कांग्रेस और झामुमो की सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन जी जेल जा चुके हैं। मेरे पर केस करते करते। अब सीबीआइ के कोर्ट से भगोड़ा घोषित एक अपराधी, जिसके ऊपर हत्या, डकैती, बलात्कार और बैंक को चूना लगाने के दर्जनों केस लंबित हैं, उनको लेकर आये हैं इस एफआइआर में यह कहा गया है कि मैंने एक करोड़ दिया है। यदि झारखंड पुलिस यह साबित कर दे तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। यह मेडिकल कॉलेज डीआरटी कोर्ट की नीलामी में खरीदा गया है। झारखंड हाइकोर्ट ने इस पर मुहर लगायी है। मैं इसका ट्रस्टी नहीं हूं, मैं भाजपा का सिपाही हूं। पूरे सोरेन परिवार को जेल भेजूंगा। इस फुटफुटिया से मेरा क्या होगा।

# झारखंड में वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण : एस अली

- वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य को कोई संवैधानिक अधिकार भी नहीं दिया जाता जबकि अन्य राज्यों में राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने बताया कि अपनी निजि भूमि अथवा संपत्ति को धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के लिए अल्लाह के नाम पर दान करना वक्फ कहा जाता है। इसके अलावा दरगाह, खानकाह, मजार, मकबरा, कब्रिस्तान, मस्जिद, मदरसा, इमामबाड़ा और मुस्लिम ऐतिहासिक इमारतें और स्थल आदि भी वक्फ संपत्ति होते हैं। बिहार से अलग झारखंड बनने के बाद 27 अगस्त 2008 को वक्फ बोर्ड का गठन हुआ और इसका नाम झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड पड़ा। झारखंड को बिहार से



कुल 147 वक्फ संपत्ति प्राप्त हुई थी और बाद में 05 वक्फ संपत्ति निबंधित हुई जो विभिन्न जिलों को मिलाकर कुल निबंधित 152 वक्फ संपत्ति हैं। वक्फ बोर्ड का कार्यकाल 2019 में समाप्त हो गया है, लेकिन झारखंड सरकार ने पिछले पांच वर्षों से वक्फ बोर्ड पुनर्गठन का मामला लटका कर रखा हुआ है, जिसके कारण वक्फ संपत्तियों के विकास एवं संरक्षण संवर्धन के सभी कार्य बाधित पड़े हुए हैं।

झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड का कार्यालय 2019 से झारखंड हज भवन में है। वक्फ बोर्ड गठन में नियमों का अनुपालन नहीं बल्कि मनमानी होती रही, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य को राज्य सरकार द्वारा कोई संवैधानिक अधिकार भी नहीं दिया जाता जबकि अन्य राज्यों में राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाता है।

झारखंड वक्फ बोर्ड ने अबतक अपनी नियमावली का निर्माण नहीं किया, बल्कि आज भी बिहार नियमावली 2004 के अनुसार कार्य हो रहे हैं जो गलत है। जबकि वक्फ एक्ट 1995 (संशोधित अधिनियम 2013) लागू होने के बाद हर हाल में कल्याण विभाग को वक्फ नियमावली बना देनी जानी चाहिए थी। झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड सरकार की उपेक्षा का दंश झेल रहा है, जिसमें सुधार की जरूरत है।

# हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार : झारखंड की सलीमा टेटे को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का अवॉर्ड, पुरुषों में हार्दिक सिंह को मिला पुरस्कार




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कार 2023 का आयोजन रविवार को दिल्ली में किया गया। इसमें झारखंड की सलीमा टेटे को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सलीमा को हॉकी इंडिया की ओर से 25 लाख का चेक दिया गया। वहीं पुरुषों में हार्दिक सिंह को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष हॉकी इंडिया की ओर से आठ श्रेणियों में कुल 32 खिलाड़ियों को वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इनके बीच कुल 7.56 करोड़ की राशि दी गयी। सलीमा टेटे के अलावा झारखंड की दीपिका सोरेंग को अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला) के लिए असुंता लकड़ा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके तहत हॉकी इंडिया की ओर से 10 लाख रुपये का चेक दिया गया।

### हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 2023 के लिए सम्मानित खिलाड़ी

- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष) के लिए हार्दिक सिंहः हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (25 लाख का चेक)।
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (महिला) के लिए सलीमा टेटेः हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (25 लाख का चेक)।
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए पीआर श्रीजेशः हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार (5 लाख का चेक)
- वर्ष के डिफेंडर के लिए हरमनप्रीत सिंहः हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार (5 लाख का चेक)।
- वर्ष के मिडफील्डर के लिए हार्दिक सिंहः हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार (5 लाख का चेक)।
- फॉरवर्ड ऑफ द ईयर के लिए अभिषेकः हॉकी इंडिया धनराज पिल्लई पुरस्कार (5 लाख का चेक)।
- हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार दीपिका सोरेंगः (महिला-21 वर्ष से कम)10 लाख का चेक।
- हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष के आगामी खिलाड़ी का पुरस्कार अरजीत सिंह हुंदलः (पुरुष-21 वर्ष से कम)10 लाख का चेक।
- मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

## कांग्रेस नेता ब्रजेंद्र सिंह से मिले मथुरा महतो

# गिरिडीह क्षेत्र की जनता चंद्रप्रकाश चौधरी से नाराज है : ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गिरिडीह लोकसभा के महागठबंधन के प्रत्याशी विधायक मथुरा महतो ने रविवार को पांडेडीह रेंगुनी गंडूबा में क्षेत्र के लोगों से मिलते हुए धनबाद स्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र सिंह के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। साथ ही गिरिडीह लोकसभा चुनाव पर विस्तृत चर्चा हुई ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा में ऐसे तो झारखंड के सभी 14 लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन की जीत होगी, लेकिन गिरिडीह लोकसभा में मथुरा महतो की जीत अभी से पक्की है। इसका कारण है कि वहां के वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी 5 वर्षों में क्षेत्र में मुश्किल से पांच बार भी जनता से संपर्क



करने का प्रयास नहीं किये। गिरिडीह क्षेत्र की जनता उनसे नाराज चल रही है और यही कारण है की मथुरा महतो इस बार झारखंड में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों से विजय हासिल करेंगे। मथुरा महतो के साथ महागठबंधन के कांग्रेस नेता प्रदीप पांडेय साथ ही झामुमो के मनोज महतो, मदन महतो, बसंत महतो, अनवर शमीम, जयप्रकाश चौरसिया, बाबूलाल महतो, आनंद महतो, अर्जुन महतो, राजेश गुप्ता, भी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

No 1 Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


# दोस्तों ने ही की थी आलोक की हत्या, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र में रहनेवाले आलोक कुमार उर्फ कान्हा की हत्या की गयी थी। कान्हा की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों आरोपी आलोक के ही दोस्त हैं, जिनमें सुंदर हेंब्रम, अमन कुमार और अनिल ओहदार शामिल हैं। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि पूर्व की मारपीट की घटना और शराब पीने के दौरान पैसे के लेन देन के विवाद में आलोक की हत्या दोस्तों ने कर दी और शव को झाड़ियों में फेंक दिया था।

**24 मार्च को लापता हो गया था आलोक :** 24 मार्च को आलोक उर्फ कान्हा अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने उसके लापता होने को लेकर सदर थाना में सनहा भी दर्ज करवाया था, लेकिन इसी बीच 28 मार्च को आलोक का शव सदर थाना क्षेत्र के एक अस्पताल से कुछ ही दूरी पर स्थित झाड़ियों से बरामद किया गया। झाड़ियों से दुर्गंध आ रही थी। जब लोग मौके पर गये, तो उन्होंने देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है। उसके बाद स्थानीय लोगों ने ही सदर पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। आलोक का शव काफी खराब स्थिति में मिला था। उसके शरीर का कई हिस्सा गलने लगा था।



## रांची पुलिस का खुलासा: बोकारो से जहरीली शराब मंगा कर रांची में महंगे ब्रांड की बोतलों में भर बिहार में करता था सप्लाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** बोकारो की जहरीली को महंगे ब्रांड की बोतलों में भर कर रांची से बिहार भेजा जाता था। बूटी बस्ती में रांची के सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर इसका खुलासा किया है। चार आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की बोतल समेत अन्य सामान बरामद किये है। गिरफ्तार आरोपी में बूटी बस्ती में पवन सिंह के मकान में किरायेदार संतोष कुमार, बरियातू थाना क्षेत्र स्थित जोड़ा तालाब के पास रहनेवाले राज कुमार, खेलगांव थाना क्षेत्र स्थित महावीर नगर निवासी आदर्श सिंह और बिहार के जहानाबाद जिले के हुलासगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले निखिल कुमार का नाम शामिल है। आरोपी की निशानदेही पर 100



पाइपर 45 बोतल, ब्लेंडर प्राइड 165 बोतल, ब्लैक टाईगर 235 बोतल, सिगनेचर 20 बोतल, टाटा पंच कार, शराब बोतल का रैपर एवं खाली बोतल ओर भारत सरकार का कार में लगाने वाला नकली बोर्ड पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार एसएसपी को मिली सूचना पर सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने बूटी बस्ती स्थित पवन सिंह के एस्बेस्टस छतयुक्त मकान में छापामारी कर भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की शराब बरामद की। मौके पर संतोष कुमार, राज कुमार, आदर्श सिंह, निखिल कुमार को पकड़ा गया। बरामद शराब के संबंध में पूछने पर बताया गया कि वे लोग बोकारो से नकली शराब लाते थे तथा यहां पर महंगे ब्रांड की बोतलों में भरकर बिहार के विभिन्न जिलों में बेचने हैं।

## शहीद अमरजीत के बेटे की पढ़ाई के लिए राशि आवंटित

**रांची (आजाद सिपाही)।** नक्सली हिंसा में शहीद हुए एसपी अमरजीत बलिहार के बेटे जैकब बलिहार की पढ़ाई के लिए 1.56 लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने यह राशि अलॉट किया है। बता दें कि 2 जुलाई 2013 को एसपी अमरजीत बलिहार दुमका में डीआइजी की बैठक में शामिल होकर पाकुड़ लौट रहे थे। इसी बीच काठीकुंड थाना के जमनी मोड़ के समीप जैसे ही उनकी गाड़ी पहुंची, नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी। इस गोलीबारी में एसपी सहित अंगरक्षक चंदन थापा, वीरेंद्र श्रीवास्तव, मनोज हेंब्रम, राजीव कुमार शर्मा, संतोष मंडल शहीद हो गये थे।

## आरपीएफ ने यात्री को एप्पल आइ पैड लौटाया

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ ) ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्री को एप्पल आइ पैड लौटाया। रविवार को आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 20840 नयी दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस में यात्रा कर-के कोडरमा स्टेशन पर उतरे यात्री अमित अंबस्ट ने रेल मदद पर अपने एप्पल कंपनी के आई पैड मूल्य करीब 27 हजार रुपये के छूट जाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी। इस पर त्वरित कारवाई करते हुए आरपीएफ रांची ने आइ पैड को ढूंढ़ निकाला और यात्री को आइ पैड सौंपा।

# बुद्धा ट्रस्ट के श्याम सुंदर बाल संस्कार केंद्र का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लॉर्ड गौतम बुद्धा ट्रस्ट, कोकर के तत्वावधान में श्याम सुंदर बाल संस्कार केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआइपी के सीनियर लाइब्रेरियन एवं भारत विकास परिषद रांची महानगर शाखा के सदस्य जितेंद्र कुमार के द्वारा ओबर गांव में किया गया। जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल्यकाल से ही बच्चों में अच्छे संस्कार जगें तथा दिव्यता का झरना उनके जीवन में बहे, ऐसा करने से हर बच्चा बड़ा होकर समाज और देश के लिए समर्पित होगा। ट्रस्ट के संस्थापक भारत भूषण ने कहा कि बच्चों में ज्ञानार्जन के साथ माता-पिता, मातृभूमि, देश, अपनी सभ्यता एवं संस्कृति और पूर्वजों को लेकर एवं पूजनीय भावना जागृत होना आवश्यक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रबीन ने कहा कि संस्कार केंद्र की सहायता से बच्चों में




अच्छे बुरे कार्य को समझने और स्वच्छता आदि के संस्कार भी भरे जायेंगे।

सरोज कुमार मित्तल ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रारंभिक में ही संस्कार केंद्र की सहायता से प्रेम एवं करुणा का भाव होने के साथ-साथ जीव-जंतुओं और पेड़ों के प्रति भी दया का भाव जागृत करने की जरूरत है।

संस्था के वित्त सचिव सुप्रिया भारती के सहयोग से उद्घाटन के दौरान 30 बच्चों के बीच कॉपी, कलम, कलर पेंसिल एवं फोल्डर का वितरण किया गया। संस्कार केंद्र के अध्यक्ष श्याम सुंदर बेदिया ने कहा कि संस्कार केंद्र के कार्य से बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा। कार्यक्रम का संचालन जुगल किशोर बेदिया ने किया। मौके पर वार्ड पार्षद गायत्री देवी एवं संस्था के सदस्य सावित्री कुमारी एवं चारवा भक्त उपस्थित रहे।

# गुरु नानक सेवक जत्था के शिविर में 26 लोगों ने किया रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन माउंट मोटर गली, रातू रोड स्थित सोना फिटनेस जोन में हेल्थ प्वाइंट ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया। सुबह 11 से शाम 4 तक चले इस शिविर में तीन महिलाओं समेत कुल 26 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत जिम के संचालक संजय मिढ़ा, युग मिढ़ा, संगीता मिढ़ा एवं पलक मिढ़ा द्वारा रक्तदान से हुई। सभी डोनर्स को नरेश पपनेजा एवं सूरज झंडई ने ब्लड डोनर्स प्रोत्साहन सर्टिफिकेट प्रदान किये एवं सोना फिटनेस जोन की तरफ से मोमेंटो प्रदान किया गया।



शिविर में हेल्थ प्वाइंट ब्लड बैंक ब्लड बैंक के डॉ प्रवीण, डॉ रश्मि, विवेक गौरव, विनीत मिश्रा, प्रवीण, श्वेता कुमारी, उर्मिला कुमारी ने जांचों की प्रक्रिया पूरी की। गुरुनानक सेवक जत्था के सूरज झंडई, कुश किंगर, जयंत मुंजाल, रुद्र गिरधर, रौनक ग्रोवर, वंश डावरा, विन्नी अरोड़ा, साहिल सरदाना, कशिश नागपाल, ऋषभ शर्मा, कुणाल अरोड़ा, गीतांशु तेहरी, चेतन्य स्वरूप, मोहित कुमार, पुनीत अरोड़ा, गीत सचदेवा, करण अरोड़ा, चंचल ग्रोवर, सुमित मिढ़ा, वरुण गेरा, विनय खत्री समेत अन्य की शिविर के संचालन में सक्रिय भागीदारी रही।

# सरहुल अखड़ा का वीडियो हुआ रिलीज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यूट्यूब चैनल ताल मंजरी पर नागपुरी सरहुल सांग सरहुल अखड़ा का जेबीकेएसएस /जेएलकेएम महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा के द्वारा रिलीज किया गया। इस मौके पर श्रीमती मुंडा ने कहा कि पांचपरगना क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। चाहे कला - संस्कृति हो या खेल-कूद या अन्य विभिन्न क्षेत्रों में इस क्षेत्र के युवा अग्रणी हैं। इन्हें आवश्यकता है उचित सरकार के विभागीय सहयोग की और उचित मंच की। श्रीमती मुंडा ने कलाकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के हर कलाकार के प्रतिभा और कला संस्कृति के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगी। इस मौके पर एआइएमएफए फिल्म प्रोडक्शन के वरीय कलाकार विशू गंजू, सिंगर कुमार कृष्ण दास, महावीर प्रमाणिक, गुरु लोहारा, सत्यनारायण मुंडा आदि उपस्थित थे। इस खूबसूरत गीत को सिंगर कुमार कृष्ण दास और सुमन गुप्ता ने अपने आवाज से पिरोया है और मुख्य भूमिका में पुनीत केपी, प्रियंका, सुकुमार महतो एवं कैमरामैन महावीर प्रमाणिक हैं। इसके गीत भूपति सिंह मुंडा ने लिखे हैं।

# सुख क्षणिक है, आनंद चीर है : पं दीनानाथ

## कथा ऐसी हो, जिसे ज्ञान, वैराग्य और भक्ति बढ़े

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भगवान पालन पोषण करते है, पर संहार भी करते हैं, तब दयावान नहीं होते हैं। भगवान सबका एक जैसा पालन करते हैं, संहार इसलिए करते है कि सत भगवान है और संसार बदलता रहता है, जो तीनों काल में है वही सत है, इसी सत (सत्य), चित और आनंद है। यह आनंद परमानंद भगवान ही देते हैं। सुख तो भोजन से भी मिलता है। भगवान विश्व की उत्पति पालन और संहार का कारक हैं। भगवान की शरण में आने से तीनों ताप दैहिक, दैविक और भौतिक ताप नष्ट



हो जाते हैं। भगवान के शरणागत होने का यही लाभ है, कथा ऐसी हो जिसे भक्ति ज्ञान और वैराग्य बढ़े। वृंदावन से आये आचार्य दीनानाथ ने भागवत की यह कथा श्री राम जानकी मंदिर हाउसिंग कॉलोनी बरियातू मैदान में आगामी 6 अप्रैल तक संध्या सात से दस बजे तक संगीत रस मयी कथा से चलेगी। यह जानकारी पं रामदेव पांडेय ने दी।

## बढ़ा टोल टैक्स, सफर करनेवालों की जेब होगी ढीली

**रांची (आजाद सिपाही) ।** आज से झारखंड सहित पूरे देश भर में नयी दर से टोल टैक्स की वसूली शुरू हो जायेगी। इसके लिए नयी दर में पांच से 20 रुपये तक की वृद्धि की गयी है। झारखंड के सारे टोल प्लाजा को नयी बढ़ी हुई दर के साथ अपडेट करने काम किया जा रहा है। एक अप्रैल के रात बारह बजे से टोल टैक्स दरों में बढ़ोतरी कर दी जायेगी। फॉस्टटैग में अधिक रकम जमा करना पड़ेगा। केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने टोल की दरों में अधिकतम 2.6 प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला लिया है, इसके आलोक में राज्यों के राजमार्गों में लगने वाले टोल टैक्स में भी बढ़ोतरी की गयी है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार करीब पांच से 20 रुपये तक टोल की वृद्धि होगी। टोल वृद्धि राज्य के सभी 16 टोल प्लाजा में लागू होगा।

# युवा महावीर मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष बने नंद किशोर सिंह चंदेल

## श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर में युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) की बैठक रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नंद किशोर सिंह चंदेल को आठवीं बार अध्यक्ष चुना गया और इसके बाद अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल ने सभी की सहमति से पूरी कमेटी की घोषणा की। घोषणा के पश्चात नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) हर साल भव्य कार्यक्रम करती है। साथ ही रांची शहर की सबसे बड़ी पूजा समिति है। इस साल भी अल्बर्ट एक्का चौक के निकट लगने वाले अपने मंच से झांकी के बीच प्रथम, द्वितीय, तृतीय सहित अन्य पुरस्कार का वितरण के साथ सभी श्रीराम भक्तों का भव्य स्वागत करेगी। नवमी के दिन तमाम श्री राम भक्तों के बीच अपने मंच से मिनरल वाटर, गुड़ चना के वितरण के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया जायेगा।

**कमेटी इस प्रकार है- अध्यक्षः** नंद किशोर सिंह चंदेल, **मुख्य संरक्षकः** विनय सरावगी, **मुख्य संयोजकः** उज्जवल कुमार सिन्हा। **मुख्य आयोजकः** कुमार राजा, विजेंद्र सिंह, रमेंद्र कुमार।

**मुख्य सलाहकारः** शंकर दुबे, सोमवित माजी, श्रीकांत शाहदेव, विनय सिंह, लखन कुमार। **वरिष्ठ संरक्षकः** रवि कुमार पिंकू, ललित ओझा, हेम सिंह, संजय सिंह उर्फ लल्लू, अजय कुमार



सिंह, डॉ मुकेश सिंह, शेरु सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, भारतेंदु कुमार, संजीत सिंह, गुलशन मिढ्ढा, राजू काठपाल, जीतू अरोड़ा, नरेश मक्कड़, बंटी यादव, बबलू चौधरी, विक्रम सिंह सोनू, रवि सिंह। **संरक्षक :** दीपक ओझा, विकास जयसवाल, विशाल पाड़िया, टून्ना सिंह, बंटी सिंह, अनिल कुमार, जिम्मी गुप्ता, दीपू सिंह, पंकज सिंह, अभिजीत राज, अमर सिंह, रवि सिंह पिंटू, रिशु, मुकेश, संजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, बासु बेरा, श्याम किशोर सिंह, आलोक कुमार सिंह। **महिला मंडल संरक्षक :** नीलू सिंह, वीणा श्री, सूम्मी वर्मा, शिल्पी कुमारी वर्मा, रीना सिंह, सुप्रिया दास, मंजुला बेरा, रीता सेन, पूजा कुमारी, जिया सिंह, शीतल वर्मा, अनु रणजीता सिंह।

**महिला मंडल संयोजकः** बिना सिंह, मीनू सिंह, रोमा सरकार, मुस्कान शर्मा, अंजना प्रियदर्शी, अनिता कुमारी, अनु देवी, महिमा सिन्हा, नीतू सिंह, मीरा गुप्ता, विनीता।

**संयोजकः** भोलू सिंह, मोनू शर्मा, बिट्टू सिंह, कैलाशी अरविंद सिंह कौशल, अशोक यादव, गोपाल पांडे, विकास कुमार सिंह, डॉ धीरज सिंह, काशीनाथ, दीपक, अजीत सिंह, विकास, भोला चौधरी, सुबीर सेन,विजय पांडे। **कार्यकारी अध्यक्षः** विवेक झा,अमित राय, राहुल सिंह राजपूत, कुंवर यस सिंह परमार। **उपाध्यक्षः** अभिजीत सिंह, चंदन पाठक, शिव किशोर शर्मा, कुमकुम गुप्ता, रवि अग्रवाल, किशन सिंह, मोहन गोस्वामी, अभिषेक भारद्वाज, बंटी सिंह राजपूत, रॉनित साहू, पंकज शर्मा, अभिषेक दयाल सिंह, **महासचिवः** बंटी, सुनील चौधरी, हर्ष चौधरी, रंजन, नितेश ठाकुर, रवि अग्रवाल। **सचिव :** रत्नेश सिन्हा, सुभाष कुमार सिंह, विशाल राय, आकाश दूबे, पंकज कुमार, सुमित कुमार, बलिराम सिंह, करण सिंह, शक्ति सिंह। **संयुक्त सचिवः** विवेक गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता,उदय कुमार सिंह, कुमार मिल्टन। **मीडिया प्रभारीः** नरेश पपनेजा, सह मीडिया **प्रभारीः** नमन भरतीया। **कोषाध्यक्षः** ममता मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष- सरिता राय। **सदस्यः** प्रकाश चंद्र सिन्हा, पप्पू कुमार वर्मा, सुमित चौधरी,अमन वर्मा, मोंटू वर्णमाला,विनय कुमार वर्मा।

# शंकर दुबे अध्यक्ष बने और गोपाल पारीक महामंत्री

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक श्री चैती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता राजकुमार गुप्ता ने की। उसके बाद मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा श्री महावीर मंडल के चुनाव पदाधिकारियों को चुनरी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नयी कमेटी की घोषणा की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक मंडलियों के द्वारा निर्णय 2024 के लिए लिया गया। इसमें अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह को नयी कमेटी का कार्यभार सौंपा गया एवं मुख्य संयोजक कुमार राजा एवं सयोजक विशाल कृष्णा एवं मुख्य सलाहकार सत्यनारायण सिंह, महेश चंद्रा को बनाया गया एवं पूरी कमिटी का विस्तार बहुत जल्द कर दिया जायेगा।

मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा महावीर मंडल के सफल




चुनाव हेतु सभी चुनाव पदाधिकारी के नाम राजकुमार गुप्ता, कैलाश यादव, शंकर साहू, जगदीश साहू, राजू पंडित, बिंदुल वर्मा, विष्णु देव प्रसाद, लीलू रोशन अग्रवाल, शंकर प्रसाद को सम्मानित किया गया।

इस बैठक में शामिल महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, महावीर मंडल नवनिर्वाचित पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, राजीव रजन मिश्रा, जय सिंह यादव, अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, दीपक ओझा, राजा सेन गुप्ता, राज किशोर प्रसाद, मुन्ना शर्मा, प्रदीप गुप्ता, कुणाल अजमानी, सुजीत सिंह, निशांत यादव, मुनचुन राय, अशोक पुरोहित, रिंकू वर्मा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, कैलाश केसरी, ललित ओझा, रविंदर वर्मा, प्रकाश चंद्र सिन्हा, डॉ राजेश गुप्ता, बसंत चंद्रवंशी, कृष्ण लाल गुप्ता, रवि मुंडा बैठक में शामिल थे। यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय, शिव किशोर शर्मा ने दी।

# श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल अध्यक्ष बने अमित सोनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल रातू रोड कमेटी भंग कर नया कमेटी का गठन किया गया और इस वर्ष का आय व्याय दर्शाया गया। इस वर्ष ढोल नगाड़े के साथ भगवान पुरुषोत्तम राम जी का भव्य जुलूस और झांकी का दर्शन कराया जायेगा।

कमेटी इस प्रकार है : मुख्य संयोजक मंजीत सिंह, मुख्य संरक्षक डॉक्टर आनंद, संरक्षक नीरज कुमार सुमित सिंह, गौतम रीत राज, गुड्डन सिन्हा, रवि जयसवाल, मनीष सिंह, शंकर प्रशाद, सागर वर्मा, कुमार राजा, रवि कुमार पिंकू, रवि मुंडा, पवन मिश्रा, सबलू मुंडा, संतोष गुप्ता भोला चौधरी, पवन सिन्हा, अध्यक्ष अमित सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सिंह, मंत्री आयुष राज वर्मा, कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा, वरिय उपध्यक्ष हरी गोप, विक्की सिंह, उपध्यक्ष बंटी सोनी, सुंदरम सिंह, राहुल विश्वकर्मा, शिबू चौहान, करण पाठक, अभिषेक पासवान, सह मंत्री अंशु तिर्की, मोहित सोनी, अंकित सिंह, किशन क्रमकर अंकित सोनी, प्रचार मंत्री रंजीत सोनी, सुजीत सोनी, उत्तम नायक, संघटन मंत्री अंकित तिवारी, अंकित गुप्ता, मिडिया प्रभारी धीरज दयाल कुशवाहा, राजवीर चौधरी, जुलूस प्रभारी समर सोनी इत्यादि।

## माउंट एवरेस्ट लर्निंग फॉउंडेशन पिछले दस साल से स्कूली शिक्षा पर कर रहा है शोध



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्सा को हरी झंडी दिखा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा की संस्था के इस सार्थक प्रयास से कंप्यूटर शिक्षा से वंचित बच्चों को एक नई दिशा मिलेगा और वह खुद को तैयार कर सकेंगे। ई-रिक्सा में मोबाइल कंप्यूटर लैब बनाया गया है, जो स्किल्स ऑन व्हील्स ई-रिक्सा छः ग्रामीण सरकारी स्कूल में कंप्यूटर एवम डिजिटल शिक्षा देगी। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड रजरप्पा क्षेत्र के उन छः ऐसे स्कूलों को चयन किया जा रहा है जो अब तक कंप्यूटर शिक्षा से वंचित हैं। यह प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन एजेंसी 'स्कूलाजियम' माउन्ट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन है। माउन्ट एवेरेस्ट लर्निंग फाउंडेशन पिछले दस सालों से झारखंड में स्कूली शिक्षा में शोध कर रही है। स्कूलाजियम' का एक मुख्य उद्देश्य कौशल विकास से आधारित शिक्षा को विकसित करना है। जिसे माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल में बच्चों के पठन-पाठन में उपयोग में लाया जाता है। स्कूलाजियम' चितरपुर, रामगढ़ स्थित शिक्षा में शोध का प्रयोगशाला है। इस कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी यूएन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (उत्खनन) शंभू रजक, स्टाफ अधिकारी (योजना) एस के सिन्हा, सीएसआर अधिकारी आशीष झा, 'स्कूलाजियम' के डायरेक्टर साजिद हुसैन, माउंट प्राचार्य जीतेंद्र कुमार सिंह, स्किल्स ऑन व्हील्स के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दिनेश, सतीश, अरशद उल्लाह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## झालोक्रांमो लोस प्रत्याशी संजय की जनआशीर्वाद यात्रा

कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता का जन आशीर्वाद यात्रा तोयरा बस्ती पहुंचा। जहां ग्रामीणों ने प्रत्याशी का स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आप अपने विकास के लिए हमारी पार्टी के उम्मीदवार को विजयी बनावे। इस दौरान उन्होंने पूरे गांव का भ्रमण कर लोगों से जीत दिलाने का आग्रह किया। मौके पर रमेंद्र महतो, अनीता देवी, कुलदीप कुमार महतो, सत्येंद्र महतो, संजय पटेल, सूरज कुमार, कुनाल कुमार, अर्जुन महतो, मीतलाल महतो, भवानी महतो, धर्मेंद्र कुमार, कौशल्या देवी, उषा देवी आदि उपस्थित थे।

## मंगला जुलूस और शोभा यात्रा की भव्यता को लेकर तैयारी शुरू : दीपक मिश्रा



रामगढ (आजाद सिपाही)। साहू धर्मशाला के सभागार में श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ जिले की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की। बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों ने आगामी 9 अप्रैल को मंगला जुलूस और शोभा यात्रा लेकर 17 अप्रैल को प्रमुख झाकियों को सम्मानित करने तक को लेकर चर्चा हुई। बैठक में दीपक मिश्रा ने कहा कि जिले के प्रत्येक गांव में शोभा यात्रा निकालने को लेकर जनजागरण कार्यक्रम जारी है। जिससे कार्यक्रम को भव्यता के साथ संपन्न किया जा सके। बैठक में संरक्षक के रूप में जगदीश शर्मा, बद्री विश्वकर्मा, वसूध तिवारी, विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में दिलीप सिंह और सचिव के दायित्वों हेतु धीरज साहू, सौरव नारायण सिंह और सुजीत सोनकर के नामों की घोषणा की गयी। बैठक में मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, मुख्य संरक्षक राजेश ठाकुर, महामंत्री, संतोष नायक, उपाध्यक्ष ब्रजेश पाठक, बीजू गोयनका, विनय शर्मा, सचिन चंदेवंशी, कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा, कार्यालय प्रमुख मनोज सिंह, शौरव नारायण सिंह, अंकित सिंह, धीरज साव उपस्थित थे।

## कुजू में कराटे बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट प्रशिक्षण शिविर संपन्न



कुजू (आजाद सिपाही)। शोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया ने कुजू में एक दिवसीय बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य रूप से हांशी मानस सिन्हा, क्योशी नरेंद्र सिन्हा, रेंशि शशि पांडेय शामिल रहे। इस दौरान आगत अतिथियों ने कराटे खिलाड़ियों को कराटे की महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनका अभ्यास कराया। साथ ही, बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट में उत्तीर्ण हुए खिलाड़ियों को अगला बेल्ट प्रदान कर सम्मानित किया। आयोजित शिविर में कुजू के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 65 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षक सुमित कुमार, रवि सोरेन, विनय रंजन के अलावे कई कराटे खिलाड़ी शामिल रहे।04

## ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर भुरकुंडा बाजार में गरीबों को कराया गया भोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जेएसपीएल के संस्थापक ओपी जिंदल के 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था के बैनर तले साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। इस दौरान जेएसपीएल के सीएसआर प्रमुख रवि निवास, मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह व गिरधारी गोप ने दर्जनों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत जेएसपीएल के संस्थापक ओपी जिंदल के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गयी। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि सबों के सहयोग से पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों को मंच द्वारा भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, सुकरा करमाली, लालू उरांव, उदयभान दुबे, राजकिशोर पांडेय, संजू सिन्हा, गिरधारी गोप आदि का विशेष योगदान रहा।

# हजरत अली की शहादत की याद में निकला मातमी जुलूस

**भाईचारगी को बढ़ावा देना एक सच्चे इंसान की पहचान है : मौलाना तहजीबुल हसन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मस्जिदे जाफरिया परिसर से निकाला गया हजरत अली की शहादत कि याद में मातमी जुलूस। हजरत अली की शहादत के याद में तीन दिवसीय मजलिस के अंतिम दिन आज रात्रि नौ मस्जिद जाफरिया से अलम और ताबूत निकाल गया। इसमें लोग अपने सीने को पीट रहे थे और रो-रोकर हजरत अली को याद कर रहे थे। हजरत अली की शहादत 1400 वर्ष पूर्व रमजान की 21 तारीख को मस्जिदे कुफा में हुई थी। उसी याद में पूरी दुनिया के शिया मुसलमान हजरत अली को याद करते हैं, और उनकी शहादत को अंजाम देने वाले इब्ने मुलजिम पर लानत करते हैं। जुलूस से पूर्व मजलिस को हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने संबोधित करते हुए हजरत अली के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा के इंसान को अपने परिवार को चलाने के लिए मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह हजरत अली का संदेश है। हजरत अली इतने बड़े इंसान होने के बाद यहूदी के बाग मैं मैं मजदूरी करने से कभी पीछे नहीं हटे और उन्होंने फरमाया कि तुम्हारा दोस्त वही है जो तुम्हारी गलत बातों को तुम्हारे मुंह पर कह दे। जो तुम्हारी बुराइयां पीठ पीछे करता है वह तुम्हारा कभी सच्चा दोस्त नहीं हो सकता। ऐसे दोस्तों से हमें दूरी बनाकर रखना चाहिए। दोस्त अगर अच्छा होता है, तो इसकी अजमत लोगों के बीच बढ़ जाती है। इंसान को दोस्ती हमेशा अच्छे लोगों से करनी चाहिए। हजरत अली का जीवन समाज को शिक्षित करने में गुजर और भाईचारगी को बढ़ावा देना एक सच्चे इंसान की पहचान है।

मौलाना रिजवी ने आगे कहा कि धर्म कोई भी बुरा नहीं होता, धर्म में कुछ बुरे लोग आ जाते हैं। जो नफरत पैदा करते हैं। नफरत की दीवार गिराना है, मोहब्बत की दीवार को बढ़ाना है। यही संदेश मेरे मौला का था। मजलिस के बाद हजरत अली की याद में निकाले गये ताबूत को देख कर लोग रोने लगे। पूरा मस्जिद परिसर हाय अली की सदा से गुंज उठा। इस मजलिस में जमन गाजीपुरी, कासिम अली, आजाद हुसैन ने नोहा पेश किया। मर्सिया खानी आता इमाम, मोहम्मद इमाम, निहाल हुसैन, अमुद अब्बास ने पेश किया। जुलूस कर्बला चौक स्तिथ कर्बला मजार पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन जफरिया के तत्वावधान में हुआ।

## डंके की चोट पर हो रहा है बालू का अवैध कारोबार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोला।** थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है।इससे सरकार को प्रति दिन लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि दामोदर नदी के परसाडीह, गंधोनिया आदि घाटों से इन दिनों सरकार के रोक के बावजूद बालू का अवैध खनन कर माफियाओं द्वारा धडल्ले से ढुलाई किया जा रहा है। बताया जाता हैं कि इस धंधा को संचालित करने के लिए माफियाओं ने स्थानीय प्रशासन से सेटिंग कर लिया है। इसलिए जिस गाड़ी का नंबर माफियाओं द्वारा स्थानीय पुलिस को दिया जाता है। उक्त गाड़ी को नहीं पकड़ा जाता है। जबकि जिस गाड़ी की सेटिंग नही होती है। पुलिस उसे पकड़ कर अपनी सक्रियता दिखाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रति ट्रेक्टर सेटिंग के नामपर एक निश्चित राशि का चढ़ावा मासिक दिया जाता है। इसके बाद ही वह गाड़ी आसानी से निकल जाता है।ग्रामीणों ने बताया कि गोला थाना क्षेत्र में बालू की कमी होने पर नाव के सहारे गोमिया इलाके से बालू को जमा किया जाता है। इसके बाद ट्रैक्टर में लोड कर लाया जाता हैं। बताया जाता है कि इस खेल में माफियाओं के साथ कुछ तथाकथित पत्रकार भी शामिल है। जो इस सेटिंग को कराने में अहम भूमिका निभा रहे है। जिसके कारण माफिया द्वारा बालू का रेट एक ट्रैक्टर की कीमत 3500 सौ से लेकर 5000 हजार तक वसूली जाती हैं। साथ ही बताया गया कि यह गौरख धंधा का समय रात दो बजे से लेकर सुबह दस बजे तक जारी रहता है। बताया जाता हैं कि इसकी धरपकड के लिए टास्क फोर्स का गठन डीसी के द्वारा किया गया है। लेकिन वह भी सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रह गया है। कभी कभी टीम थाना क्षेत्र का दौरा कर अपनी पिंड छुड़ा लेती है। जिसका फायदा माफियाओं को मिल रहा है। वे अपनी मनमानी से बालू की बिक्री कर रहे है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ट्रैक्टर बालू की कीमत पूर्व में 1200 सौ से लेकर 1500 सौ रुपये लिया जाता था।लेकिन अब यही बालू को लेने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करना पड़ रहा है। जिससे पूरा परिवार का बजट बिगड़ जाता है। पिछले दिनों बालू को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। मामला काफी सुर्खिया बांटोरा था। वर्तमान में दो पक्षो में वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष की बात बताया जा रहा है।

## समाजसेवी मधु देवी छावनिका का निधन



रांची (आजाद सिपाही) । श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की वरिष्ठ सदस्या एवं समाजसेवी मधु देवी छावनिका का अकस्मात धामगमन 30 मार्च हो गया। मधु देवी छावनिका की अंतिम यात्रा रविवार को उनके निवास स्थान मदगुल हेविटेट, चांदनी चौक कांके रोड रांची सुबह 11 बजे हरमू मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान की। अंतिम यात्रा में मारवाडी समाज के पवन पोद्दार, पदम जैन, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, महाबीर मंडल के प्रमोद सारस्वत, झदिपक पौदार, पवन बाजाज, आनंद पसारी, प्रवीण मेवाडा, प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी उपस्थित थे। यह जानकारी उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

## सीता सोरेन से मिले चतरा जिला के दुर्गा सोरेन सेना के दर्जनों कार्यकर्ता


आजाद सिपाही संवाददाजा



**टंडवा।** दुमका लोकसभा उम्मीदवार सीता सोरेन से चतरा जिला के दुर्गा सोरेन सेना के दर्जनों कार्यकर्ता की एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को रांची आवास में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्त्व दुर्गा सोरेन सेना चतरा जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु, जिला महासचिव संतोष नायक ने की।इस अवसर पर भेंट के रूप में गुलदस्ता देकर सभी लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं मुलाकात के बाद दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय अध्यक्ष जय श्री सोरेन और राजश्री सोरेन से मुलाकात हुयी। जिसमें जयश्री और राजश्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि दुर्गा सोरेन सेना एक सामाजिक संगठन है। इसकी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। केंद्रीय अध्यक्ष ने बताई यह संगठन को अथावत जैसे चल रहा है, वैसा ही चलता रहेगा। लोकसभा चुनाव में जो स्थानीय उम्मीदवार होगा जो समाज के बीच का उम्मीदवार होगा उसके समर्थन में विचार करके काम करने का और उनका समर्थन देने का निर्णय जिला अध्यक्ष पर और संगठन के सभी केंद्रीय नेताओं पर छोड़ दिया है। केंद्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ता को जोश भरी की समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन को पहुंचना ही उद्देश्य है। लोकसभ चुनाव के बाद रांची में संगठन की बैठक होगी। और उसमें कई नीति सिद्धांतों पर निर्णय ली जायेगी बताया। इस मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान, कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश राम, केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश पांडे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीमा कुजूर, महिला जिला महासचिव गौरी देवी, प्रतिमा देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## 20 वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने 20 वर्षों से फरार एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वह नक्सली रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एक घर में छुपा हुआ था। वहीं से वह अपनी योजना बना रहा था। रविवार को इस मामले में एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि कुख्यात नक्सली डेगलाल महतो बोकारो जिला का रहने वाला है। उसने हत्या की वारदातों को भी अंजाम दिया है। उसके खिलाफ 17 सीएलए एक्ट भी लगा हुआ है। एसपी ने बताया कि डेगलाल महतो के खिलाफ वर्ष 2004 में भी धारा 302 के तहत कांड संख्या 96/04 दर्ज किया गया था। रविवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो जिले के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत खरना गांव निवासी डेगलाल महतो पिता-बुधन महतो घर में रहकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के फिराक में है। तत्काल एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।

छापामारी टीम के द्वारा चतरोचट्टी पुलिस, जिलाबोकारो के सहयोग से 20 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त डेगलाल महतो के घर छापामारी कर उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। छापामारी में बेस्ट बोकारो आरोपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## गिरिडीह को विकास से दिलाऊंगा अलग पहचान : चंद्रप्रकाश चौधरी



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की सुविधा को देखते हुए पिछले पांच साल में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य किये गये हैं और जनता के सहयोग से विकास का यह सिलसिला आगे भी अनवरत जारी रहेगा। उपरोक्त बातें सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रविवार को रजरप्पा मंदिर प्रक्षेत्र में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के गिरिडीह सदर, सिरसिया और सीओडीह के लोगों से मुलाकात करने के दौरान कही। इस दौरान लोगों ने सांसद को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और गिरिडीह से पुनः एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बधाई दी। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और अपनी ओर से हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के हर सुख-दुख में साथ रहता हूं और आगे भी यह अटूट रिश्ता कायम रहेगा। आपलोग अपना स्नेह बनाएं रखें, आपसबों के सहयोग से आने वाले समय में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र को अलग पहचान दिलाऊंगा। इस अवसर पर विनोद बर्मन, मनोज बर्मन, प्रमोद स्वर्णकार, सुबोध बर्मन, पंचम, मंटू, सतीश, गणेश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने फर्जी लूटकांड मामला का किया उद्भेदन

कुजू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा व कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय की सक्रियता ने फर्जी लूट कांड मामले का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, भाई के रुपये लौटाने में अपने को असमर्थ पाकर एक युवक ने कुजू ओपी में साढ़े तीन लाख रुपये के दिनदहाड़े लूट का आवेदन दिया था। आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने दिनदहाड़े लूट कांड घटना के बाद जांच पड़ताल एवं कार्रवाई अभियान शुरू कर छानबीन की। जहां एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने बैंक से रुपयों की निकासी व सीसीटीवी फुटेज आदि की जांच की। इस क्रम में घटना की पुष्टि नहीं होने पर पुलिस ने अनिल से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने खुद लूट की झूठी कहानी गढ़ी।

## अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान 880 किलो जावा महुआ किया गया नष्ट

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को भी रामगढ़ एसपी डॉक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 880 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया है। गोला थाना अंतर्ग्गत करीब 200 किलो जावा महुआ, बासल थाना अंतर्गत करीब 200 किलो जावा महुआ, कुज्ज ओपी अंतर्गत करीब 400 किलो जावा महुआ, भदानीनगर ओपी अंतर्गत करीब 40 किलो जावा महआ, बरकाकाना ओपी अंतर्गत करीब 40 किलो जावा महुआ और अवैध शराब के निर्माण हेतु संचालित विभिन्न सामग्री को नष्ट किया गया।

## लोधमा में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ का होगा आयोजन



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के लोधमा में ग्रामीणों की एक बैठक शिवालय मंदिर परिसर में आयोजित की गयी, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हनुमान मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मंदिर निर्माण के पश्चात जुलाई महीना में नवनिर्मित मंदिर पर मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा, इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा जुलाई में किया जायेगा, यज्ञ भजन और प्रवचन का सात दिवसीय भव्य आयोजन होगा। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक यज्ञ का कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है। बैठक में महिला-पुरुष, श्रद्धालु बढ़-चढ़कर यज्ञ को संपन्न कराने में तन मन धन से अपना योगदान और सहयोग करने की अपील की गयी है। इस मौके पर रघु यादव, प्रकाश यादव, राजू यादव, झरी बेदिया, धनेश्वर यादव, कैलाश यादव बबलू यादव, अजीत गोप, मदन यादव, शैलेंद्र यादव, नरेश बेदिया, दिलीप यादव, सुरेश यादव, दामोदर यादव नेमन यादव मनोज यादव, खूब लाल यादव बढ़न गोप, गूंजलाल यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सरयू राय धनबाद से लड़ कर देख लें, ओबीसी वर्ग उनकी जमानत जब्त करा देगा : राजेश गुप्ता




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पर्यावरणविद् एवं भ्रष्टाचारी विरोधी होने का खोल ओढ़ कर सरयू राय दरअसल जातिवादी, सामंतवादी और पिछड़ा विरोधी मानसिकता के हैं। उक्त बातें रविवार प्रदेश कार्यालय आशीर्वाद भवन हरमू में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस कर कही। श्री गुप्ता ने कहा कि वैश्य-पिछड़े वर्ग से आने वाले नेता अधिकारी जब-जब आगे बढ़ने लगते हैं तो सरयू राय को पेट में दर्द उठने लगता है और उसी पेट दर्द में पिछड़ा वर्ग से आने वाले नेता लालू यादव, मधु कोड़ा, रघुवर दास, बन्ना गुप्ता के आदि के विरुद्ध अनर्गल प्रलाप करते हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के ऊपर फर्जी आरोप लगाये जाने का कारण उनके ऊपर मंत्री बन्ना गुप्ता ने एफआइआर दर्ज भी कराया है। फिर भी वे अनर्गल आरोप लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। अगर सरयू राय के अंदर दम है तो वे धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ कर देख लें। उनकी पिछड़ा विरोधी, जातिवादी, सामंतवादी होने के कारण ओबीसी वर्ग उनकी जमानत जब्त करा देगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा को दिक्कत इस बात की है कि सरयू राय सिलेक्टेड पर्यावरणविद् और भ्रष्टाचार विरोधी मानसिकता के राजनीतिज्ञ हैं। इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पुरजोर विरोध करेगा। इस मौके पर सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, अजय मेहता, दिलीप वर्मा, शुभम विश्वकर्मा उपस्थित थे।

# जब सांसदों ने काम ही नहीं किया तो वेतन, सुविधाएं और पेंशन क्यों

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संसद सबसे बड़े लोकतंत्र का मंदिर कहलाती है। वर्तमान में यानी 17वीं लोकसभा के 543 सदस्य हैं। इन 543 सांसदों को देश की जनता अपने वोट के अधिकार के इस्तेमाल से 5 साल के लिए चुन कर भेजती है। सांसद बनते ही इन्हें देश के संविधान के अनुसार असीमित शक्तियां और अधिकार मिल जाते हैं ताकि यह अपने हलके और हलके के लोगों की परेशानियों को दूर कर लोक कल्याण के कार्य करते हुए अपने संसदीय क्षेत्र का विकास करवा देश की उन्नति में अपना योगदान डाल सकें। संसदीय क्षेत्र के हर मतदाता को अपने सांसद से अपेक्षा होती है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के हितों का प्रतिनिधित्व करे। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर कानून बनाने, सरकार की जवाबदेही तय करने और सार्वजनिक संसाधनों का प्रभावी आबंटन करवाने में सहायक हो। लेकिन 2019 के चुनाव में 17वीं लोकसभा के लिए चुने गए कुछ सांसद सदन में भोलेपन के लिए, कुछ डींगें हांकने के लिए, कुछ हुल्लड़बाजी के लिए, कुछ यौन शोषण के लिए, कुछ पैसे लेकर सवाल पूछने के लिए, कुछ खामोश रहने के लिए और कुछ मिमिक्री के लिए चर्चित रहे। इस बार के 9 सांसद तो ऐसे रहे जिन्होंने 5 साल के अपने कार्यकाल में सदन में एक भी चर्चा में भाग नहीं लिया। इसके साथ ही साथ कई सांसद ऐसे भी रहे जिनकी लोकसभा में उपस्थिति भी नाम मात्र रही। आपको यह जान कर भी हैरानी होगी कि माननीय यह 9 सांसद पिछले 5 साल से एक सांसद के रूप में वेतन तो ले रहे हैं और खामोश हैं। फिल्म में डायलॉग बोलने वाले अभिनेता बने सांसद भी सदन में खामोश रहे। पंजाब के गुरदासपुर संसदीय क्षेत्र के सूझवान मतदाताओं ने बहुत ही आस के साथ गदर फिल्म के हीरो जो फिल्म में पाकिस्तान पहुंच कर चीखते हुए कहते हैं...हिंदुस्तान जिंदाबाद है, जिंदाबाद था और जिंदाबाद रहेगा! को बड़े अंतर से जिता कर लोकतंत्र के मंदिर में भेजा था। लेकिन जब सदन में हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा बुलंद करने का अवसर था तब नदारद रहे। मतदाताओं ने सोचा था कि यह लोकसभा में इस हलके की आवाज बनकर गरजेंगे और 1998, 1999, 2004 और 2014 में जीते पूर्व सांसद विनोद खन्ना की तरह ही इस हलके के विकास और मतदाताओं की समस्याओं को दूर करने के लिए काम करेंगे लेकिन जीत के बाद लोकसभा में बोलना तो दूर एक बार भी अपने हलके में आकर अपने वोटरों की सुध नहीं ली। यही नहीं 13 फरवरी को पीआरएस लैजिस्लेटिव द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इस सांसद ने लोकसभा की किसी भी बहस में हिस्सा नहीं लिया। ऐसा ही हाल तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का रहा।

**इस बार के 9 सांसद तो ऐसे रहे जिन्होंने 5 साल के अपने कार्यकाल में सदन में एक भी चर्चा में भाग नहीं लिया। 9 सांसद पिछले 5 साल से एक सांसद के रूप में वेतन तो ले रहे हैं और खामोश हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डब्ल्यूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मैंटल हैल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है, जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता।**

# विश्व के लिए चुनौती बनता मानसिक अवसाद

सीमा अग्रवाल



**डब्ल्यूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मानसिक अस्वस्थता से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र 5 हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वह अस्वस्थ माना जाता है, उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वह है जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है। जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है, जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया, तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि। लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु, वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं।

**भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है।**

डब्ल्यूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मैंटल हैल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है, जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस अनुवांशिक, सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है, जिससे डॉक्टर और एक्सपर्ट्स भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक तौर पर बीमार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन और सेहत दोनों को खराब करती जाती है। मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। आज युवाओं में बढ़ते आत्महत्या के मामले भी इसकी पुष्टि करते हैं। कि बेरोजगारी से परेशान युवा इस कदर मानसिक नकारात्मकता के दौर से गुजर रहे हैं कि वो सुसाइड जैसा गंभीर कदम उठाने को मजबूर हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार जब किसी देश की आर्थिक हालत गंभीर होती है तो वहां मानसिक अवसाद भी बढ़ जाता है।

डब्ल्यूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हैल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी। जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खायी थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था। लेकिन आज भी भारत में मेंटल हेल्थ के हालात भयावह हैं। इसके पीछे तमाम कारण हैं। इसमें बड़ा कारण मेंटल हेल्थ पर खर्च होने वाला बजट है। आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य पर किया जाने वाला व्यय बहुत कम है। भारत अपने कुल सरकारी स्वास्थ्य व्यय का मात्र 1.3 प्रतिशत ही मेंटल हेल्थ पर खर्च करता है। 2011 की जनगणना के अनुसार 1.5 मिलियन लोग बौद्धिक अक्षमता और तकरीबन 722826 लोग मनो-सामाजिक दिव्यांगता का शिकार हुए थे। यह संख्या पिछले 10 सालों में करीब दोगुनी हो गयी है, लेकिन उस पर खर्च होने वाला बजट आज भी कम है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मानसिक अस्वस्थता से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र 5 हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे। पिछले दिनों डब्ल्यूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। आज भी मानसिक स्वास्थ्य की पूरी तरह उपेक्षा की जाती है। इसे काल्पनिक माना जाता है।

मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# किराये के वाहन में प्रशांत को हजारीबाग ले गयी थी काजल

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने प्रशांत सिन्हा हत्याकांड का खुलासा करते हुए महिला मित्र और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला काजल किराये के वाहन में प्रशांत सिन्हा को बैठा कर हजारीबाग ले गयी थी। वहां अपने प्रेमी के खटाल में लेकर पहुंची और दोनों ने मिलकर हत्या कर शव को बोरी में भर कर छेड़वा डैम में फेंक दिया। गिरफ्तार आरोपी में हजारीबाग जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित न्यू एरिया की रहनेवाली काजल सुमन और उसका प्रेमी रौनक कुमार का नाम शामिल है। आरोपी की निशानदेही पर एक स्कूटी और मृतक घड़ी तथा मोबाइल चार्जर पुलिस ने बरामद किया है। रविवार को जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बिरसानगर थाना क्षेत्र की शोभा सिन्हा के लिखित आवेदन के आधार पर बिरसानगर थाना (कांड सं-30/24) में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में बिरसानगर थाना प्रभारी के साथ एक टीम गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी, गुप्त सूचना के आधार पर प्रा अभियुक्त काजल सुमन और अप्राथमिकी अभियुक्त रौनक कुमार को हजारीबाग पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। दोनों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपी काजल सुमन एवं रौनक कुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि प्रशांत कुमार सिन्हा को हासमियां कॉलोनी स्थित रौनक के खटाल में गला दबा कर हत्या कर प्लास्टिक के बोरे में बंद कर शव को छुपाने के उद्देश्य से छड़वा पुल के नीचे फेंक दिया था। पुलिस दोनों की निशानदेही पर प्रशांत कुमार सिन्हा का सड़ा-गला अवस्था में के शव को प्लास्टिक बोरा में बंद छड़वा पुल के नीचे से बरामद किया।

**अपहरण का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस हुई रेस, तो खुला मामला**

जमशेदपुर के बिरसानगर रोड नंबर 1 के रहनेवाले प्रशांत कुमार सिन्हा अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे। वह वर्ष 2023 में थाइलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खेल में शामिल हुआ था और भारत का प्रतिनिधित्व किया था। जानकारी के अनुसार प्रशांत कुमार सिन्हा 11 मार्च 2024 से लापता था। परिजनों ने बिरसा नगर जमशेदपुर थाना में 13 मार्च को गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया था। प्रशांत की मां ने अपहरण का आवेदन देकर 22 मार्च को प्राथमिकी संख्या 30/24 धारा 364 (ए ) के तहत दर्ज करायी थी। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने पड़ताल शुरू की तो खुलासा हुआ।

# दिल्ली में देश बचाओ, संविधान बचाओ की जगह परिवार बचाओ, भ्रष्टाचार छुपाओ रैली : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शहर के साकची स्थित भाजपा कार्यालय में विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। रविवार को झारखंड प्रदेश प्रवक्ता ने दिल्ली रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की रैली को परिवार बचाओ-भ्रष्टाचार छुपाओ रैली करार दिया। उन्होंने कहा जो रामलीला मैदान जय प्रकाश नारायण व अन्ना आंदोलन में कांग्रेस के भ्रष्टाचार,परिवारवाद और तानाशाही के विरुद्ध आंदोलन का साक्षी रहा वही मैदान में भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाने वाले मुख्यमंत्री और एक पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थन में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा रैली घोर विडंबना व जनता का अपमान है। उन्होंने कहा झारखंड सरकार घोर भ्रष्टाचार में लिप्त है। कमीशन वाली सरकार की चर्चा जोर- शोर पर है। प्रतुल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रस्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। मौके पर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।

# मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उप नगर आयुक्त ने की पहल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने पहल शुरू कर दी। रविवार से जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से बूथ जागरूकता समूह के लोग मतदान केंद्रों में पहुंच कर आम लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए अभियान चलाया जारहा है।साथ ही मत देने से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे इसके लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा नगर प्रबंधक,अभियंता, नगर मिशन प्रबंधक, पर्यवेक्षक, बीएलओ के माध्यम से बूथ जागरूकता समूह का गठन किया गया।उनके द्वारा एक एक मोहल्ले में जा कर युवा, महिला व पुरुष सदस्य को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जारहा हैं। ताकि अपने सही प्रत्याशी का चुनाव कर सकें। उन्होंने कहा वैसे लोगों पर भी नजर रखी जा रही है जो किसी मतदाता को डराने या धमकाने का काम कर रहे। उनके विरुद्ध भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर पूर्वी व पश्चिम विधान सभा स्थित 48, 49 के विभिन्न बूथ में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।**

# मेहनत का है परिणाम उत्पादन : पप्पू सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** बलकुद्रा खुली खान में मार्च महीने में बेहतर उत्पादन करने पर भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी ने मजदूरों का हौसला बढ़ाया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी ने कहा की विगत एक माह में मजदूरों की मेहनत और लगन से करीब 1 लाख टन कोयला और 1.65 लाख क्यूबिक मीटर ओवर बड़न का उत्पादन करने का लक्ष्य प्राप्त किया है। कहा की बरका सयाल क्षेत्र के वार्षिक उत्पादन को हासिल करने में भुरकुंडा परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन प्रयास से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।आगामी वर्ष में बलकुदरा खदान से 8 लाख टन कोयला और 13 लाख क्यूबिक मीटर ओवर बड़न निकलने का लक्ष्य है। भुरकुंडा परियोजना के उत्पादन में महा प्रबंधक अजय कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में पूरी टीम के अथक प्रयास से इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। हर्ष वयक्त करने वालो में भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक, मैनेजर राजकुमार बरनवाल, सेफ्टी मैनेजर पंकज कुमार सिंह, मैनेजर बबलू कुमार, रिशु कुमार सिंह,अभिषेक कुमार,अविनाश चंद्र, धीरेंद्र कुमार, अंकुर विश्वनाथ, रमेश कुमार पप्पू सिंह, एस एम राजकुमार, शशि भूषण सिंह, मनोज कुमार राम, शैलेंद्र सिंह,अमरेंद्र कुमार सिंह, सुभाष तिवारी, लक्ष्मी नारायण, बसंत बसपत, रामानुज प्रसाद, अरविंद सहाय, रामदेव महतो, मनोज कुमार सिंह, अजीत कुमार, प्रभास दास, रविंद्र शाह सहित कई मजदूर शामिल थे।

# हिंदू एकता समिति कदमा गणेश पूजा मैदान से निकलेगी नव वर्ष यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** हिंदू एकता समिति की ओर से आगामी 8 अप्रैल 2024 को कदमा गणेश पूजा मैदान से नव वर्ष यात्रा निकाली जायेगी। अपराह्न 2 बजे से आरंभ होनेवाली नव वर्ष यात्रा साकची आम बगान पहुंच कर संपन्न होगी। उक्त जानकारी हिंदू एकता समिति के पदाधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। इस अवसर पर हिंदू एकता समिति के संरक्षक नीरज सिंह, दीपू सिंह, मुन्ना सिंह, शंकर रेड्डी, मनोज सिंह, तारक मुखर्जी, अनुज चौधरी, मनीष पांडे, दिनेश शर्मा, संतोष रेड्डी, विशाल के अलावा समिति के अध्यक्ष धरम सिंह, सचिव द्विपल विश्वास, कोषाध्यक्ष सुबोध कर्मकार, सह कोषाध्यक्ष रमेश मुखी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा दिन के दो बजे कदमा गणेश पूजा मैदान से आरंभ होकर साकची आमबगान के लिए प्रस्थान करेगी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 01 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in


# तेज आंधी से बिजली के चार टावर क्षतिग्रस्त गढ़वा में 24 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति



**पीने के पानी की भी किल्लत, उमस भरी गर्मी से लोग परेशान**

**विद्युत आपूर्ति सामान्य रूप से बहाल करने मेंलग सकता है एक माह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पिछले 24 घंटे के दौरान गढ़वा जिला में आई तेज तूफान और बारिश के कारण गढ़वा में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई है। पलामू के लहलाहे से गढ़वा जिला के रमना प्रखंड में अवस्थित भगोडीह ग्रीड को बिजली आपूर्ति करने वाले चार टावर तेज आंधी के कारण गिर गए हैं। जिसके चलते पूरा गढ़वा जिला दो दिन से अंधेरे में डूबा हुआ है। ऐसी ब्लैकआउट की स्थिति जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी प्रखंडों में बनी हुई है। बताते चलें कि शनिवार को दोपहर में आई तेज तूफान ने कई जगह बिजली के तार पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। वहीं रविवार को दोपहर में आई तेज तूफान ने रही सही कसर पूरी कर दी। और तेज तूफान के कारण भगोडिह ग्रीड को बिजली आपूर्ति करने वाले चार टावर छतिग्रस्त हो गए। जिससे रमना प्रखंड स्थित भगोड़ीह ग्रीड तक बिजली पहुंचने वाली सेंट्रल सेंट्रल ट्रांसमिशन लाइन बाधित होगया है। जिन्हें दुरुस्त करने में बिजली विभाग को महीनो लग सकते हैं। इस भीषण गर्मी में इन छतिग्रस्त टावर को कब तक दुरुस्त किया जाएगा यह बताने में विभागीय अधिकारी अनिश्चितता जाता रहे हैं। विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में जलापूर्ति बाधित है। इस प्रकार बिजली की त्रासदी के साथ लोगों को पीने के पानी के लिए भी मोहताज होना पड़ रहा है। हालाकि विभागीय पदाधिकारियों ने सोन नगर से रेलवे को होने वाली बिजली आपूर्ति से वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही है। हालाकि एक पदाधिकारी के अनुसार सामान्य रूप से बिजली आपूर्ति बहाल करने में एक माह लग सकता है। सनद रहे कि वर्ष 2023 ऐसे ही तूफान में छतिग्रस्त हुए दो टावर को दुरुस्त करने में तीन माह लगे थे।

## गेहूं की फसल को भारी नुकसान

**डंडई। प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को देर रात आई आंधी और बारिश से खेत में पककर तैयार गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आंधी और बारिश से गेहूं की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। फसल पकी होने से दाने खेत में झड़ गये हैं। ऐसे में किसान मौसम का कहर टूटने को लेकर डरे हुए हैं। वही आंधी तूफान व बारिश की वजह से दिनभर विद्युत आपूर्ति बाधित रही।**

## भवनाथपुर में दर्जनों घरों के छप्पर उड़े

**भवनाथपुर।** प्रखंड में शनिवार की देर रात आई आंधी तूफान से काफी नुकसान हुआ। आंधी तूफान के कारण दर्जनों घर के छप्पर उड़ गये। एस्बेस्टस के घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा। तूफान में कई लोगों के मिट्टी का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गये। बिजली के पोल गिरे। देर रात में हुई आंधी तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया और बिजली व्यवस्था गुल रही। आंधी तूफान के कारण प्रखंड क्षेत्र में भी काफी नुकसान हुआ है। यहां भी कई घरों के छप्पर उड़ गये है और कई पेड़ गिर गये। भवनाथपुर बस्ती निवासी सुदीप रवि का घर गिर गया, जबकि पूरण राम का एजबेस्टस का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पंडरिया पंचायत के चेपरी टोला निवासी अजय साव के घर के ऊपर विशाल पेड़ गिर गया। इससे घर में रहने वाले परिवार के सदस्य बाल-बाल बचे। इस आंधी तूफान में मुकेश दुबे का पैथोलॉजी दुकान, बंगाली होटल, मुन्ना



होटल, नागेंद्र पान जनरल स्टोर, मकरी टोला के बरवाबांध निवासी का घर, ढिकुलिया निवासी संतरा देवी का घर, सभी पीड़ित परिवारों ने अंचल अधिकारी से जांच कर मुआवजे की मांग की है।

## कांडी में तेज आंधी तूफान से भारी नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की रात्रि 10 बजे आयी तेज आंधी तूफान से भारी नुकसान होने की खबर है। इस आंधी तूफान में कई घरों के एस्बेस्टस सीट उड़ गये। सैकड़ों पेड़ उखड़ गये, साथ ही कई घरों पर पेड़ गिर गये और खेतों में काटकर रखी गयी फसलें तूफान में उड़ गये। रानाडीह पंचायत के कुरकुटा गांव निवासी चंदा देवी पति जोखन चौधरी का घर का एस्बेस्टस सीट पूरा उड़ गया। तूफान इतना तेज था कि घर का दीवार पर एक इंच भी सीटा नहीं बचा है। घर का सीटा उड़ कर 100 मीटर दूर चला गया है व पूरा चूर चूर हो गया है। पीड़ित परिवार बेघर हो गया है। तूफान के




साथ आये पानी से घर में रखे अनाज वगैरह भी भींग कर खराब हो गया। घटना के समय पीड़िता अपने तीन बच्चों धीरज, पंकज व पवन के साथ अकेली थी। पति नवीनगर में रहकर मजदूरी करता है। इस घटना में लगभग 60 हजार रुपये का नुकसान का अनुमान है। पीड़िता बहुत ही गरीब परिवार से है। अगर जल्द राहत उपलब्ध नहीं होता है, तो इस परिवार को सर छुपाने के लिए मुश्किल हो जायेगा। उधर मझिगावां पंचायत में कई जगहों पर पेड़ व बिजली की तार टूट कर गिर गये। प्रखंड कार्यालय के सामने चल रहा दाल भात केंद्र का भी एस्बेस्टस सीटा लोहे का एंगल के साथ उड़ कर ब्लॉक के चाहरदीवारी के अंदर चला गया है। इस तूफान में सैकड़ों पेड़ भी उखड़ गये हैं। अधौरा व बेलहथ में भी आंधी से नुकसान हुआ है, वहीं रामबांध गांव निवासी करंजु पाल के खेत में एक बिगहा का काटकर रखा खेसारी का फसल तूफान में उड़ गया। दस हजार का नुकसान का अनुमान है। उधर खुटहेरिया गांव के दुरविजवा डीह टोला निवासी श्रवण विश्वकर्मा के घर पर भी तूफान में एक बड़ा पेड़ टूट कर गिर गया है। पेड़ के धक्के से एक बिजली का पोल भी टूट गया है। बाल बाल बचे घर के लोग। इस आंधी तूफान से पूरे कांडी प्रखंड में पिछले 17 घंटे से ब्लैक आउट है। बिजली गुल है। जिसके कारण लोगों को बिजली नही रहने से पानी की समस्या का सामना करना पड़ा।

## धुरकी प्रखंड में बारिश से किसानों की बढ़ी मुश्किल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी ।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की रात्रि बारिश के साथ आयी तेज तूफान से जहां किसानों की क्षति हुई है। वहीं मकान पेड़ बिजली सहित कई चीजों का काफी नुकसान हुई है। विदित हो कि शनिवार की रात्रि तेज तूफान होने के कारण प्रखंड क्षेत्र में कई बिजली पोल के तार टूट जाने से यहां 20 घंटे से प्रखंड क्षेत्र अंधेरा में डूब गया। वही कई लोगों की मकान में लगे अलबेस्टर भी क्षतिग्रस्त हो गये हैं। वहीं कई पेड़ पौधे भी गिर गये हैं। ग्राम धोबनी में आम के पेड़ गिर जाने के कारण घर क्षतिग्रस्त वह ओमप्रकाश यादव का एक भैंस पेड़ के नीचे दब जाने के कारण से मौत हो गया।वहीं किसानों के खेत से



काटकर रखे गये चना, मसूर, अरहर सरसों फसल के साथ-साथ मवेशी के खाने वाला पुआल भी पानी व तूफान होने के कारण नुकसान हुआ है। जबकि आम महुआ की फसल का भी नुकसान हुआ है। जबकि इस क्षेत्र के लिए आम और महुआ का फसल काफी लाभदायक है। यह दोनों फसलों से ग्रामीण क्षेत्र के किसान काफी लाभान्वित होते हैं उल्लेखनीय है कि बारिश के साथ तूफान होने से खासकर किसानों का सब्जी का भी छाती हुई है।

## भवनाथपुर में दो सौ से अधिक पेड़ ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** शनिवार की रात आयी तूफान ने भवनाथपुर में भारी तबाही मचायी है। रात दस बजे आयी तूफान में बिजली पोल गिरने से पूरे प्रखंड में ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है। प्रखंड के विभिन्न पंचायत में करीब बड़े छोटे मिलाकर दो सौ से अधिक पेड़ ध्वस्त हो गये हैं। चपरी पंचायत स्थित मुस्कैनी पहाड़ में करीब एक सौ से अधिक पेड़ ध्वस्त हो गए हैं। आसपास के लोग पूरी रात पेड़ काट घर ले जाने में लगे रहे,वही तूफान के बहाने लोगों ने खड़े पेड़ को भी काटा। भवनाथपुर पंचायत के दक्षिणी बीडीसी सरिता देवी पति अविनाश राम का मिटटी के मकान पर लगा सीमेंट सिट तेज तूफान में उड कर ध्वस्त हो गया, पुरा परिवार प्लास्टिक के निचे रहने को मजबूर हैं। सरिता देवी



का अबूआ आवास में नाम था लेकिन पंचायत प्रतिनिधि के कारण आवास नहीं मिला, जबकि उसके पास रहने को जगह नहीं है।

पंडरिया पंचायत के चेपली में अजय साह के खपरैल घर के उपर पेड़ गिर गया जिससे काफी नुकसान हुआ।वही भवनाथपुर बस्ती में बिरेंद्र सिंह के घर के पास आम के पेड़ पर बिजली पोल गिर गया।चपरी पंचायत के मुस्कैनी पहाड़ी समीप मुसहर टोला में आधा दर्जन से अधिक मुसहर का झोपड़ी उजड़ गया, तूफान में रिंकी मुसहरिन का डेढ़ वर्ष का बच्चा बाल बाल बच गया। जिनका झोपड़ी उजड़ गया है उनमें अनिल मुसहर, सुनील मुसहर, रिंकू मुसहर, बिहारी मुसहर,छेवी मुसहर, विक्रम मुसहर, गोकुल मुसहर का नाम शामिल है।अचानक तूफान में घर उजड़ने के बाद सभी मुसहर विधालय में रात भर शरण लिया।मकरी पंचायत के बरवाबांध टोला निवासी विजय राम का झोपड़ी नुमा घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया,उसी घर में परिवार के साथ रहता था तथा दुकान भी चलाता था जो पूरी तरह दुकान भी ध्वस्त हो गया।

## फसलों को भारी नुकसान

**श्री बंशीधर नगर। शनिवार रात्रि और रविवार संध्या को भारी आंधी और पानी के साथ ओले पड़ने के कारण श्री बंशीधर नगर प्रखंड के विभिन्न वार्ड और गांव में काफी मकानों, झोपड़ी, पोल-तार, फसलों को नुकसान पहुचा है। आंधी और पानी के कारण नगर पंचायत अंतर्गत दर्जनों कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गया वहीं करकट, पानी का टंकी , झोपड़ी इत्यादि हवा में उड़ गये। बिजली के पोल तार को क्षति पहुंचा है सबसे ज्यादा नुकसान पत्थर गिरने से खेती को हुआ है, पूरे प्रखंड अंतर्गत गेहूं की फसल, आम और फलों का फसल को काफी नुकसान हुआ है, जिससे लोग बहुत हताहत है। आंधी पानी के कारण पिछले 24 घंटे से नगर उंटारी प्रखंड में बिजली बाधित है संभावना है अभी कई घंटे और लगने की जिसे लोगों को घरों में पीने के पानी की कीलत हो गयी है, हालांकि बिजली विभाग बिजली सप्लाई करने के लिए मुश्तैदी से लगा हुआ है।**

## क्रेडिट कार्ड का प्रलोभन देकर 41 हजार की ठगी

**दारू (हजारीबाग)। प्रखंड क्षेत्र मे आये दिन साइबर ठगों के द्वारा भोले भाले ग्रामीणों को तरह तरह के लालच और प्रलोभन देकर ठगी करने का मामला सामने आता रहता है। ताजा मामला रामदेव खैरिका पंचायत के कवालु का है जहाँ ठगों ने क्रेडिट कार्ड लालच देकर 41 हजार रुपैये की ठगी कर लिया। रविवार को दारू थाना क्षेत्र अंर्तगत कवालु निवासी आनंद कुमार गुप्ता पिता गिरधारी साव को साइबर ठगो ने क्रेडिट कार्ड का प्रलोभन देकर ठगी कर लिया।इस बारे मे भुक्तभोगी युवक ने बताया कि उसके मोबाइल पर तीन अलग-अलग नंबरों से कॉल आया। पहली बार में क्रेडिट कार्ड का प्रलोभन दिया उसके बाद कहा की पुरानी क्रेडिट कार्ड में केवाईसी कराना अनिवार्य है अन्यथा यह बंद हो जाएगा। क्रेडिट कार्ड का विवरण लेने के बाद दो बार में 41000 क्रेडिट कार्ड से खरीदारी कर ठगी कर लिया। ठगी होने पर जब उसने कॉल कर पूछा कि उसके खाते से पैसे कट गये हैं तो उसने कहा कि गलती से कट गया है मैं इसे वापस कर दूंगा। बाद मे मेरा नंबर को ब्लॉक कर दिया इसके बाद भुक्तभोगी युवक ने थाने में लिखित आवेदन देकर इसकी शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगायी है।**

## ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में उतारने पर जोर दें : मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** शांति निकेतन विद्यालय भवनाथपुर में 5 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अबेकस क्लासेस की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि रामनाथ रावत और विद्यालय के संस्थापक हरि शरण रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ज्ञान किताबों में सिमट कर नहीं रहना चाहिए, इसे व्यावहारिक जीवन में उतारने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे देवाशिष कुमार चौबे ने कहा कि सभी



विषयों में गणित जैसे कठिन विषय को यह तकनीक और आसान कर देगा ।मौके पर रांची से आये मास्टरमाइंड अबेकस रांची के डायरेक्टर सोनी सिंह एवं देवाशीष सिंह ने कहा कि इस ग्रामीण क्षेत्र के लिए अबेकस क्लास गणित को रुचिकर बनाने में रामबाण सिद्ध होगा जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करेगा। इससे बच्चों में सुनने, लिखने बोलने बोलने की क्षमता में विकास होगा। यह गतिविधि एक कैलकुलेटर की तरह कार्य करेगा और गणित के कठिन प्रश्नों को आसानी से हक करने में सहायक होगा। मास्टरमाइंड अबेकस भवनाथपुर के डायरेक्टर कंचन कुमारी ने कहा कि मेरा लक्ष्य यहां के बच्चों को ऐसा बनाना है ताकि वह मेट्रो सिटी के बच्चों तरह हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा सके। मौके पर सत्य प्रकाश यादव देवेंद्र मेहता संतोष कुमार, संगम कुमारी, रेणु देवी, जितेंद्र सिंह, आशीष कुमार, दीपक तिवारी, बृजेश यादव, अजय कुमार वर्मा, चंद्र धन राम, ऋषभ कुमार सहित सैकड़ों बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

## पंचायत सहायकों का सम्मान समारोह का आयोजन

**253 दिनों की लंबी हड़ताल के बाद सरकार ने पूरी की है इनकी मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को जिला स्तरीय पंचायत सहायक संघ के द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, विशिष्ट अतिथि युगल किशोर प्रसाद, बाल गोविंद महतो सहित बड़ी संख्या में



पंचायत सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर 253 दिनों तक चटानी एकता के साथ हड़ताल पर डेट रहने के बाद सरकार ने कई मांगों को पूरा किया। इसके लिए उन्होंने झारखंड सरकार की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सरकार से अन्य मांगों को भी पूरा करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने एक



दूसरे से गले मिलकर तथा मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद चौबे ने किया। कार्यक्रम में लातेहार जिला अध्यक्ष मंटू कुमार, प्रदेश पूर्व कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, प्रदेश कमेटी सदस्य संदीप कुमार, गढ़वा जिला अध्यक्ष लवकुश प्रजापति, रविंदर सोनी, रामप्रवेश राम, अनिल कुमार, पुष्प रंजन, लक्ष्मीकांत, नारद प्रजापति, उमेश यादव, उपेंद्र, प्राधेश्वर चौधरी, मुन्ना, चिंता गौतम, प्रिया सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गुरुर गांव में हाइवा पलटने से ड्राइवर को लगी चोट

**हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। प्राप्त सूचना के अनुसार ओपी क्षेत्र के गुरुर गांव में जीरा छरी लदी हुई हाइवा रविवार शाम पलट गयी। हाइवा पलटने से उसके ड्राइवर को चोट लगने की सूचना मिली है। गाड़ी संख्या यूपी 64 बीटी 5806 नम्बर की हाइवा हरिहरपुर से हुरका गांव की ओर जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क संकीर्ण और मोड़ होने के कारण हाइवा दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।**

## बीडीओ और अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों की क्रमवार समीक्षा की गयी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में आसान लोकसभा चुनाव के मध्य नजर प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ अमित कुमार व अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी मतदान केंद्र की क्रमवार समीक्षा की गयी। बीडीओ ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैप की सुविधा पेयजल सहित पर्याप्त जल की उपलब्धता शौचालय और रनिंग वाटर विद्युतीकरण मोबाइल चार्जिंग और पर्याप्त फर्नीचर सहित अन्य बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा की। बैठक में कई मतदान केंद्रों में बिजली न होने की समस्या से शिक्षकों ने अवगत कराया साथ ही कुछ स्थानों पर जलमीनार खराब होने की भी जानकारी दी। इस पर बीडीओ अमित कुमार ने कुछ स्थानों पर जलमीनार ठीक करने की पहल की साथ ही 15 दिनों के अंदर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश मतदान केंद्र अवस्थित विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक को दिशा निर्देश दिया गाया है। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि शंकर सिंह कन्या अभियंता जगमोहन ठाकुर सीआरपी सतनारायण यादव विजय कृष्ण प्रधानाध्यापक रवि शंकर कुमार शिक्षक नितेश कुमार वर्मा रतन रंजन कि रूस समद अर्जुन सिंह मधुसूदन राम, मनाथ केरकेटा, प्रजनन टोप्पो, जगदानंद सिंह, अरुण टोप्पो विद्यालय के प्रधानाध्यापक व बीएलओ उपस्थित थे।

## ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, श्याम नाम रस पी ले...





**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** श्याम शरण में आजा रे... के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय वार्षिक उत्सव अनूठी छाप छोड़ गया। शिव वाटिका में आयोजित वार्षिक उत्सव में जहां बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र बिंदु बना। वहीं, विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजा एवं छप्पन भोग, खीर चूरमा का भोग भगवान को अर्पित किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड, बिहार, बंगाल, गुजरात, दिल्ली के श्रद्धालु भक्त लगभग 8 घंटे तक राजस्थानी धमाल के अलावा विभिन्न देवी देवताओं पर आधारित क्लासिकल एवं भोजपुरी भजनों पर भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। संध्या 7 बजे से देर रात्रि 2 बजे तक ज्योत में लगातार श्रद्धालु भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों को माथे पर चंदन का तिलक लगाया गया। इस दौरान भक्तों ने बाबा के समक्ष मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में श्याम शरण में आजा रे के पुरुष एवं महिला सेवादार एक ड्रेस कोड में नजर आए। कार्यक्रम में जयपुर से आई रजनी राजस्थानी एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। उनके द्वारा प्रस्तुत भजन ऐसी मस्ती कहां मिलेगी, श्याम नाम रस पीले..., जब जब श्याम दीवाने के सर पर संकट मंडराया है, मेरा बाबा दौड़ा आया है..., प्यारा सा मुखड़ा, कलयुग का खाटू नरेश..., भक्तों का दुलारा है मेरा श्याम धनी..., कोलकाता के तुसार चौधरी ने कब आएगा मेरा सांवरिया..., भावना की ज्योत जगा कर देखिए बोलती है मूर्ति बुला कर देखिए..., मुंबई के रामावतार अग्रवाल ने बाबा श्याम के दरबार में मची रे होली..., लूट रहा लूट रहा लूट रहा रे मेरा श्याम का खजाना..., कोलकाता के सुदर्शन यादव ने बिगड़ी मेरी बनादे, कोई रास्ता दिखा दे तु है मेरा सहारा खाटू श्याम हमारा..., धनबाद के अभिषेक सिंघल व डोमचांच की खुशबु कुमारी ने भजनों की रसधार से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में इत्र का छिड़काव एवं फूलों की होली भी खेली गई। इस दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, जय श्री श्याम जैसे जयकारों से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंजयमान होता रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वृद्धाश्रम के बुजुर्ग शामिल हुए। इस अवसर पर बुजुर्गों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से तनाव से मुक्ति मिलती है। बुजुर्गों का सम्मान एक अनूठी पहल है। सेवादारों ने बताया कि कार्यक्रम में बुजुर्गो को आमंत्रित करने का मुख्य उदेश्य यह है कि बुजुर्ग समाज के धरोहर हैं। आज हमें इनसे कई प्रेरणाएं मिलती है। कार्यक्रम स्थल पर गौ माता को राष्ट्रीय दर्जा देने एवं गौ सेवा संबंधित कई स्लोगन की तखतियां लगाई गई थी। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव सहित कई गणमान्य श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न भजन मंडलियों सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन के अलावा विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालु भक्त, गायक कलाकार आदि को दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

## बीजेपी ने बड़कागांव बादल जायसवाल के आवास में किया कार्यकर्ताओं का सम्मेलन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के पत्र के आधार पर लोकसभा संयोजक विधानसभा प्रवास का बैठक विधानसभा स्तर पर किया गया जिसमें बड़कागांव ,उरीमरी, केरेडाडी, पिपरवार मंडल चार मंडलों का कार्यकर्ता प्रशिक्षण समारोह का आयोजन बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव और उरीमार मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष सह लोकसभा संयोजक टुनू गोप और बड़कागांव पूर्व विधायक व विधानसभा प्रभारी लोकनाथ महतो ने अधिकतम वोट प्राप्त करने के मूल मंत्र दिए पूर्व मंडल अध्यक्ष जुगनू सिंह ,उपेंद्र सिंह , बेचन साव व सांसद प्रतिनिधि रामपतिराम, मनीष पांडेय,बालेश्वर महतो किसान मोर्चा से बैजनाथ साव ओबीसी जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो बड़कागांव महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता देवी केरेडारी महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी बड़कागांव मंडल महामंत्री इंद्रभूषण, नरसिंह प्रसाद उरीमारी मंडल महामंत्री सुमन गिरी ,दिनेश करमाली केरेडाडी युवा मोर्चा अध्यक्ष शेर सिंह बड़कागांव युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश यादव पूर्व प्रमुख जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद बिनोद महतो मेवलालनाग शिबू मेहता सत्यजित विद्या अलंकार अरुण मालाकार किशोर राणा अनुज यादव नंदकिशोर कुमार नौशाद आलम अर्जुन पांडे नकुल साहू बेणेश्वर महतो अवधेश सिंह बसंत कुमार प्रतिम कुमार कुशवाहा संजय उरांव जयराम टूरी महेंद्र कुमार सिंह जीवन टूरी पिंटू कुमार कैलाश कुमार जिबलाल साव पुष्कर अग्रवाल महेश पाठक रामेश्वर कुमार चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खूंटी को बढ़ावा दे रहा है कबड्डी एसोसिएशन : ब्रजकिशोर



खूंटी (आजाद सिपाही)। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ खूंटी की बैठक अंगरबारी आमरेश्वर धाम परिसर में रविवार को एसोसिएशन के संरक्षक संतोष त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। कबड्डी कोच आशा कुमारी ने बताया कि खूंटी के बच्चे अच्छे खेल के प्रदर्शन के कारण राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। एसोसिएशन की कबड्डी खिलाड़ी सुप्रिया कुमारी का चयन 33वें राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास कराया जा रहा है और एसोसिएशन द्वारा निरंतर खिलाडियों को आगे लाने का कार्य किया जा रहा। कुछ दिनों पूर्व उपायुक्त द्वारा भी कबड्डी टूनार्मेंट कराने की बात कही गयी है। बैठक में अध्यक्ष कुणाल भगत, संरक्षक विनय कश्यप, संजय जयसवाल, जयंत जयसवाल, सचिव आशा कुमारी, उप सचिव अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## चूरी होयर के करंचतोरा में महिला को सांप ने काटा, डकरा अस्पताल में हुआ इलाज



डकरा अस्पताल में ईलाज के दौरान महिला सुलेखा कुमारी।

खलारी (आजाद सिपाही)। चूरी होयर के करंचतोरा निवासी सुलेखा कुमारी को शानिवार की देर रात सांप काट देने के बाद सुबह इलाज के लिए डकरा अस्पताल लाया गया। उक्त जानकारी देते हुए सुलेखा कुमारी के पति दीपक मुंडा ने बताया कि रात को अपने घर में बच्चे के साथ जमीन पर सो रही थी। इस दौरान एक सांप ने सुलेखा कुमारी को काट लिया। काटे जाने के बाद दर्द से जागी सुलेखा ने देखा कि सांप ने दाहिने हथेली में काट लिया है और हाथ से खुन बह रहा है। वहीं बगल में सो रहे पति दीपक मुंडा को उसने उठा कर बताया। जिसके बाद सुबह में डकरा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया और उसे खतरा से बाहर बताया। वहीं दोपहर के बाद सुलेखा कुमारी को अस्पताल से घर भेज दिया गया।

## धूमधाम से मनायी गयी धरम दयाल इंटर महाविद्यालय की पहली वर्षगांठ



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के सारिदकेल, अंगराबारी स्थित धर्म दयाल इंटर महाविद्यालय की पहली वर्षगांठ रविवार को धमूमधाम से मनाई कई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार महतो, अध्यक्ष झारखंड अधिविद्य परिषद रांची थे उपस्थित थे। उनकी धर्मपत्नी और मारवाड़ी कॉलेज की प्राध्यापिका स्नेहा प्रभा महतो भी कायक्रम में मौजूद थी। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ महतो ने कहा कि झारखंड के बच्चे गरीब होने के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। यह महाविद्यालय शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी यहां बहुत अच्छी और उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। महाविद्यालय के प्रबंधक दीपक दयाल साहू ने कहा कि हमारा महाविद्यालय बहुत कम फीस में अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम्‍ का संचालन महाविद्यालय की व्याख्याता रागिनी कुमारी ने किया। मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष शीतल ओहदार, महाविद्यालय के व्याख्याता राजेश महतो, विनोद कुमार विनित एक्का, ग्लोरिया मुंदरी, सरिता महतो आदि उपस्थित थे।

# अस्पतालों में खून की कमी को दूर करने के लिए युवा वर्ग आगे आये: मृत्युंजय सिंह

**खूंटी जिले में थैलेसिमिया रोगियों की संख्या काफी है। इसके लिए सदर अस्पताल में हर समय खून की जरूरत पड़ती है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंन की कमी से हर दिन कितने लोगों की जान चली जाती है। यदि हम सभी लोग खासकर युवा वर्ग रक्तदान के लिए आगे आये और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे, तो हम हजारों लोगों को असमय काल कल्वित होने से बचा सकते हैं। यह कहना है सीआरपीएफ 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह का। रिम्स प्रशासन द्वारा अस्पताल में खून की कमी को देखते हुए सीआरपीएफ सहित अन्य संगठनों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील पर सीआरपीएफ के इस अधिकारी ने रविवार को हटिया में आयोजित शिविर में रक्तदान किया। द्वितीय कमान अधिकारी ने कहा कि उनके रक्तदान का उद्देश लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के अधिकारी और जमवान वैसे भी स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, सीआरपीएफ के स्थापना दिवस सहित अन्य मौकों पर रक्दान करते रहे हैं। सीआरपीएफ के अधिकारी ने कहा कि एक अप्रैल सोमवार को सीआरपीएफ का स्थापना दिवस है। उस दिन सदर अस्पताल खूंटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में आकर रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में थैलेसिमिया रोगियों की संख्या काफी है। इसके लिए सदर अस्पताल में हर समय खून की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि लोगों को इस भ्रम को निकाल देना चाहिए कि खून देने से कोई कमजोरी आती है, रक्तदान से कई तरह के फायदे हैं।

# डीएवी बचरा में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा के सेवानिवृति पर दी गयी विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। इस समारोह में उपस्थित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से माला और बुके देकर प्राचार्य राजीव रंजन झा का स्वागत किया, जिसके बाद शॉल और उपहार प्रदान कर उन्हें सम्मान के साथ विदाई दी गयी। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल के शिक्षकों ने प्राचार्य राजीव रंजन झा के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। शिक्षकों ने कहा कि प्राचार्य राजीव रंजन झा के कार्यकाल में स्कूल का विकास और बच्चों की बेहतर शिक्षा प्रगति पर रही। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने स्कूल में टीम भावना के साथ बेहतर काम किया है। उनके कार्यों को स्कूल कभी भी भूला नहीं सकता। वहीं प्राचार्य राजीव रंजन झा ने भी अपने अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी से टीम भावना के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद को स्कूल का नया प्राचार्य बनाया गया।पूर्व प्राचार्य राजीव रंजन झा ने आरबी प्रसाद को प्राचार्य का कार्यभार सौंपा। इस मौके पर एके घोष, प्रेम सागर, आरआर दत्ता,ओपी यादव, बीएन पाण्डेय, आभा खन्ना, सुदिप्ता डे, निलिमा पाठक अनिता सोनी, जीएसपी शर्मा, एके द्विवेदी, एस भटटाचार्य, डीपी मिश्रा, सौरभ सिंह, मोहम्मद साहिद, सुरैश कुमार, फिरोज आलम, अकांक्षा, रागिनी सहित स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे। इधर एक अन्य कार्यक्रम में स्कूल के परीक्षा परिणाम में सफल बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल के कक्षा तृतीय से नवम और ग्यारहवीं के कक्षा मे प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक किलो अवैध गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थ के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसके तहत रविवार दोपहर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर सदर थाना क्षेत्र के कृषि बाजार स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान में छापामारी की गयी। सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर की अगुवाई में की गयी छापामारी में लगभग एक किग्रा अवैध गांजा और गांजा भरा सिगरेट 54 पीस जब्त किया गया। मौके पर प्रतिष्ठान संचालक वनवासी कल्याण केंद्र के समीप से भुनेश्वर साहू का 21 वर्षीय पुत्र सौरभ साहू को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। अवैध नशा कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार सौरभ साहू ने पुलिस के समक्ष मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर ने इस संदर्भ में पत्रकारों को बताया कि, आरोपी के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 69/ 2024 दर्ज कर उसे नामजद आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तार आरोपी को देर शाम जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय हो कि, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार मादक पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। चंद दिनों पूर्व देसी अवैध महुआ शराब भारी मात्रा में जब्त कर उसे नष्ट किया गया।

# साइबर अपराधियों ने डीसी का फेक अकाउंट बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** साइबर अपराधियों के जरिये राज्य के आइएएस अधिकारियों के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बना कर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के नाम से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बनाने के बाद साइबर अपराधियों ने उपायुक्त लातेहार गरिमा सिंह के नाम से भी फेक अकाउंट बनाया है। साइबर अपराधी मोबाइल नंबर 7874086569 से व्हाट्सएप्प पर फेक अकाउंट बना कर लोगों को मैसेज कर पैसों की मांग कर रहे हैं। साइबर अपराधियों के जरिये अलग-अलग परिस्थिति का हवाला देकर पैसों की मांग की जा रही है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आमजनों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर उनके नाम पर किसी तरह का मैसेज आने और पैसों की मांग करने पर ट्रांजेक्शन ना करें और तुरंत रिपोर्ट करें। जिला प्रशासन के जरिये फर्जी अकाउंट बना कर लोगों से धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। साइबर सेल मामले की जांच पड़ताल कर रहा है। यह जानकारी रविवार को जिला प्रशासन की ओर से दी गयी।

## श्रीश्री राधा रानी मंदिर समिति की आमसभा आयोजित

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में श्री श्री राधा रानी मंदिर समिति की आम सभा मंदिर प्रांगण में रविवार को आयोजित की गयी। आम सभा में नये सत्र के लिए समिति के पदधारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गणेश कुम्हार, सचिव सुरज भगत, कोषाध्यक्ष उज्जवल धीवर, उपाध्यक्ष आकाश जयसवाल, विष्णु प्रमाणिक, उप सचिव विनय रॉय, सोबित भगत उपकोषाध्यक्ष सुजीत गोराइ के अलावे कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपक कुमार, विषो कुम्हार, राम महतो, भोला कुम्हार, संदीप कुम्हार, सोहन कुमार महतो निखिल चटर्जी, कार्तिक कुम्हार चुने गये। इस अवसर पर नव चयनित सदस्यों ने मंदिर के विकास का संकल्प लिया। आमसभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## तमाड़ में 2200 किलो डोडा जब्त, चालक गिरफ्तार



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के दिउड़ी मंदिर के समीप रांची टाटा पथ एन एच ३३ पर आज दोपहर एक बजे एक एलपी ट्रक एच आर 55 ए जी 3711 में डोडा का परिवहन करते हुए धर दबोचा गया है। जिसमें कुल 90 बोरियों में लगभग 2200 किलो डोडा पैक पाया गया। तमाड़ पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सभी डोडा को वजन कर-के वापस एलपी गाड़ी में डाल दिया गया है, वहीं इसकी सूचना वरीय पुलिस उपाधीक्षक को दी गयी है। मौके पर चालक की गिरफ्तारी की गयी है। बताया जाता है कि इन डोडा की कीमत लाखों में है, जिसकी खरीददारी कर हरियाणा के व्यवसायी ऊंचे कीमतों में की जाती है। गाडी खुटी की ओर से टाटा की ओर जा रही थी।

## कोकाडीह गांव में भीषण पेयजल संकट



तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड प्रखंड के उलीडीह पंचायत के कोकाडीह गांव में भीषण पेयजल संकट हो गया है। कोलेशवर महतो के घर के निकट का चापाकल व सुकेश महतो के घर के पास का चापाकल महीनों से खराब है, जेई को कयी बार शिकायत किया गया, मगर कुछ नहीं किया गया। जेएमएम के जिला संयुक्त सचिव सुकुआ महतो ने अविलंब इसकी मरम्मत कर पानी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने की मांग की है।

## ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी व मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन के बीच पोल संख्या 158/22 व 158/20 के बीच डाउन लाईन में गढवा पेसरा निवासी 21 वर्षीय आनन्द कुमार पासवान शनिवार की रात यात्री ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में खलारी टीआई उमेश कुमार ने बताया कि उन्हे सुबह साढ़े 6 बजे सीआई सेक्शन के खलारी व मैकलुस्कीगंज रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाईन के किनारे एक युवक के घायल पड़े होने की सुचना मिली। जिसके बाद उन्होने तत्काल ही वहां जाकर देखा तो युवक काफी गंभीर रूप घायल था। वह कुछ बोलने की स्थिति में नही था सिर्फ हाथ हिला रहा था। उन्होने बताया कि उसके जेब से एक आधार कार्ड व गढवा से रांची का रेलवे टिकट मिला। बताया कि आधार कार्ड के अनुसार आनन्द कुमार पासवान, पिता रामनाथ पासवान निवासी गांव पेसरा थाना मेराल जिला गढ़वा निवासी हैं। संभावना जताया जा रहा है कि आनंद डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरकर घायल हुए है और रात भर उसी हालत में पड़ा हुआ था। उन्होने इसकी सुचना मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस को दे दिया। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी और ग्रामीणों की मदद से उसे डकरा स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर हालात को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया। समाचार लिखे जाने तक घायल आंनद का ईलाज रांची रिम्स में चल रहा है।

## लोस चुनाव को लेकर खूंटी में चला सघन वाहन



खूंटी (आजाद सिपाही)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार कों खूंटी, मुरहू, तोरपा, अड़की, जरियागढ़, रनिया तपकारा सहित सभी थाना क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त उड़न दस्ता दल (एफएसटी) सभी छोटे-बड़े वाहनों की तलाशी ली। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर एफएसटी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दो पहिया-चार पहिया और छोटे-बड़े वाहनों की भी तलाशी ली जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों पर पूर्ण रूप से रोक लगायी जा सके।

# ईस्टर मृत्यु पर विजय और आशा का त्योहार है, यह प्रभु यीशु के प्रति विश्वास पैदा करता है: बिशप विनय कंडुलना




**छोटानागपुर डायसिस अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया सीएनआइ चर्च, संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में पवित्र पुनरुत्थान पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रभु यीशु मसीह की मृत्यु के उपरांत उनके जी उठने की खुशी में रविवार सुबह आरसी चर्च में मसीही समुदायों द्वारा ईस्टर पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। बिशप विनय कंडुलना ने चर्च में विशेष मिस्सा अनुष्ठान कराया। इस मौके पर बिशप ने अपना संदेश सुनाया, जिसका सार था पुनरुत्थान हमारे विश्वास और जीवन का आधार है। इसी से हमें आशा और शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर मृत्यु पर विजय और आशा का त्योहार है। यह पर्व लोगों के लिए खुशियां लाता है। लोगों में प्रभु यीशु मसीह के प्रति विश्वास पैदा करता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हम लोगों की रक्षा के लिए प्रभु यीशु मसीह को इस धरती पर भेजा। इससे पूर्व शनिवार की रात आरसी चर्च परिसर के मैदान में सैकड़ों विश्वासी पास्का जागरण धर्म विधि के साक्षी बने। यह धर्म विधि ईस्टर (यीशु के पुनरूत्थान) को लेकर की जाती है। मुख्य अनुष्ठाता खूंटी धर्म प्रांत के बिशप विनय कंडुलना थे, उनका सहयोग फादर विशु बेंजामिन आईंद और फादर अमृत लकड़ा कर रहे थे। इस दौरान सबसे पहले आग एवं पास्का मोमबत्ती की आशीष की गई। पास्का मोमबत्ती से मैदान में मौजूद विश्वासियों ने अपनी मोमबत्तियों को जलाया। मौके पर नये और पुराने व्यवस्थान से पाठ पढ़े थे। बिशप विनय कंडुलना ने पास्का जागरण का महत्व बताया।

इधर छोटानागपुर डायसिस अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया सीएनआई चर्च, संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में पवित्र पुनरुत्थान पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा, तपकारा पेरिश केन्द्र के प्रचारक जोन तोपनो एवं विभिन्न मण्डियों से उपस्थित प्रचारकों ने सामूहिक आराधना में शामिल हुए। कार्यक्रम में तपकारा पेरिश के अंतर्गत मण्डली जिसमें तपकारा, बरदा, ईटाम, जराकेल, खिजुर टोली, जिलिंगबुरू, लैताऊली, पटपुर तोरपा के मसीही विश्वासी मौजूद रहे। पेरिश पुरोहित द्वारा शुभकामनाएं देते हुए कहा प्रभु यीशु मसीह के बलिदान होने के तीसरे दिन जी उठने का महापर्व पुर्नउत्थान पर्व तथा समस्त मसीहियों बहनों को शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर पेरिश सचिव शिरीन गुड़िया, सेनेम आश्रिता तोपनो, आशीष गुड़िया, अध्यक्ष सह प्रमुख रोहित सुरीन आदि उपस्थित थे।

# यीशु ने मनुष्य रूप में संपूर्ण जगत को श्राप से बचाने के लिए अपना बलिदान दिया : फादर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी स्थित शांतिनगर स्थित खीस्त राजा चर्च में रविवार को ईस्टर पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर फादर हिलारियस तिग्गा और फादर ऑस्कर टोप्पो ने मिस्सा पूजा कराया। मौके पर अपने संदेष में फादर हिलारियस तिग्गा ने कहा कि ईस्टर का दिन प्रभु के पुनरूत्थान का पर्व है। उन्होने कहा कि गुडफ्राईडे के दूसरे दिन प्रभु यीषू जी उठते है और प्रभु यीषु के पुनर्जीवित होने का पर्व मसीही विष्वासी पूरे धुमधाम से मनाते है। उन्होंने कहा कि इस दिन मृत्यु पर विजय प्राप्त करने वाले प्रभु यीशु ने समस्त मानव जाति को संदेश दिया था कि जो कोई परमेश्वर पर विश्वास करेगा, वह मृत्यु से छुटकारा पायेगा और अनन्त जीवन प्राप्त करेगा। वहीं फादर ऑस्कर टोप्पो ने अपने संदेष में कहा कि यीशु मसीह ने मनुष्य रूप में संपूर्ण जगत को श्राप से बचाने के लिए अपना बलिदान दिया और शिक्षा दी कि सभी लोभ, लालच, ईर्ष्या का त्यागकर एक दूसरों की भलाई के लिए कार्य करें। अंत मे मसीही विश्वासियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से सिस्टर जयंती, सिस्टर नेली, सिस्टर लुसिया, सिस्टर दिव्या, डीकन कंचन लकड़ा, डॉ. ए. कुजूर, संगीता खलखो, नरेश करमाली, बबलू किस्कू, तानसो कुजूर, लिबीन तिग्गा, तेरेसा कुजूर, संगीता टोप्पो, रूमीला लिंडा, पूनम किस्कू, आध्या रानी, प्रकाश कुजूर, पारस उरांव, ज्ञान कुजूर, सी.कुजूर, रोबिन एक्का, अनमोल कुल्ल, चार्ल्स पेंटोनी, जेवियर तिग्गा, नितिन कुजूर, तेरेसा कुजूर, मटिल्डा, बासिल लकड़ा, तेरेसा तिग्गा, समीर लिंडा, विजय रुंडा, अनमोल तेरेसा कुजूर, कैरोलीना मिंज, जॉयसी कुजूर, आनंद किसपोट्टा, अंजली तिग्गा सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे। इससे पुर्व शनिवार की रात्री में पास्का जागरण का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभु यीशु सूली में चढ़ने के बाद फिर से जी उठने की खुशी में मसीही विष्वासी पास्का जागरण का पर्व मनाते हैं। कार्यक्रम में सबसे पहले देर रात चर्च परिसर में कैंडल के आग का आशीष किया गया। तत्पश्चात उसी आग से एक बड़ा सा कैंडल जलाया गया। जिसे लोग पास्का मोमबत्ती कहते हैं। उसी कैंडल से उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से कैंडल जलाकर एक जुलूस निकाला। जुलूस में प्रभु यीशु का जयकारा लगाते हुए लोग चर्च के अंदर प्रवेश किए। मौके पर फादर हिलारियुस तिग्गा द्वारा ज्योति गुणगान गाया गया और लोगों को बाइबल का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान काफी संख्या में मसीही विष्वासी उपस्थित थे।

## मैकलुस्कीगंज में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही) । प्रभु यीशु के पुनरुत्थान का पर्व ईस्टर संडे मैकलुस्कीगंज में धूमधाम से मनाया गया। सैक्रेड हर्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अनुष्ठाता पुरोहित विल्फ्रेड के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान कराया गया। अनुष्ठाता ने शब्द समारोह के दौरान प्रभु यीशु के उपदेशों को बताते हुए कहा कि यीशु ने मानवता के कल्याण के लिये अपने प्राण त्याग दिए थे। यीशु के फिर से जी उठना संम्पूर्ण मानवता की आशा, नए जीवन व जीवन में बदलाव का प्रतीक है। पुरोहित विल्फ्रेड ने मसीही विष्वासियों को यीशु के वचनों को आत्मसात करते हुए मानव जाती को क्षमा, दया, प्रेम, त्याग की भावना को अपनाकर लोगों के कल्याण और स्नेह को जीवन का आधार बनाकर मानव जाति एवं संसार के सभी जीव जंतुओं की सेवा करने की बात कही। इसके बाद यूखारिस्तिय प्रार्थना कर पास्का पर्व ईस्टर की बधाई देते हुए ईसाई धर्मावलंबियों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं मसीहियों ने शनिवार को अपने पूर्वजों को याद किया व कब्र पर जाकर पुष्प अर्पित कर कैंडल जलाया एवं पास्का पर्व के धर्म विधि में शामिल हुए। अनुष्ठान एवं धर्म विधि संम्पन कराने में पल्ली पुरोहित हुबेरतुस बेक ने सहयोग किया। अनुष्ठान के उपरांत प्रभु के जी उठने की खुशियां मनाई गई व लोगों ने एक दूसरे को ईस्टर की बधाई दी। उधर एंग्लो इण्डियन समुदाय के एंग्लिकन चर्च आफ इंडिया में रेव फादर आल्फ्रेड अनूप सिंह के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। मौके पर तोबियस बाड़ा, सिस्टर बिरजिनिया, जोषी टीडी, राकेश साह, जौली जोसेफ, कोनैर्लुईस लकड़ा, प्रेम एक्का, संतोष भेंगरा, किटी टेक्सरा, एडवर्ड विजय सिंह, नमीता गोर्डन, सैमुअल धान, सिमोन पतरस धाम सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

## ग्राम प्रभारी हर 10 घर में एक-एक चूल्हा प्रमुख बनाये और बूथ स्तर पर काम करें



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड के लाली पंचायत में रविवार को आजसू के ग्राम प्रभारी की बैठक पंचायत प्रभारी सोहन महतो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संचालन नामकुम प्रखंड उपाध्यक्ष दिलीप महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने सभी ग्राम प्रभाररियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम प्रभारी हर दस घर में एक-एक चूल्हा प्रमुख बनाए और बूथ स्तर में काम करें। कहा कि पूरे पंचायत में 10 दिनों के अंदर चूल्हा प्रमुख कंसेप्ट को पूरा कर आजसू को मजबूती प्रदान करें। इस बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, बिहारी प्रमाणिक, ग्राम प्रभारी रमेश लाल महतो, सहाबीर महतो, राजेन्द्र महतो, चंद्र मोहन महतो, अजय कुमार महतो, संजय बैठा, मंगल मुंडा, किशन मुंडा, बुधराम मुंडा, सुरेश महतो, रामलाल महतो, संदीप लोहरा, मोहन महतो, आशा राम लोहरा, महिला ग्राम प्रभारी राजो देवी, सुनीता देवी, आरती देवी, सुमित्रा देवी आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को महावीर मंडल लोवाडीह चौक की बैठक लोवाडीह चौक में हुई। जिसकी अध्यक्षता लीलू साहू ने की। आयोजित की गई। बैठक में मंडल के निदेर्शों का पालन करते हुए रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मंगलवार को मंगलवारी जुलूस लोवाडीह चौक पर निकालने और रामनवमी पर लोवाडीह में पूरे गांव का भ्रमण करते हुए निवारणपुर तक भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से लीलू साहू, वीरू साहू, प्रदीप साहू, उमेश महतो, उमेश साहू, संतोष साहू, मोती महतो, कोले महतो, अमित कुमार राम के साथ मंडल के सदस्य मौजूद थे।

## रामनवमी मेला के आयोजन को लेकर बैठक, मानकी राजेंद्र साही बने अध्यक्ष



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बारीडीह रामनवमी मेला समिति की बैठक रविवार को पूर्व मुखिया मानकी राजेंद्र साही की अध्यक्षता में रामजानकी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में नयी समिति का गठन और शिवरात्रि पूजा का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में रामनवमी के अवसर पर ओरमांझी में लगने वाले झंडा मिलन सह अस्त्रशस्त्र चालन प्रतियोगिता में आकर्षक और भव्य जुलूस के साथ राम भक्त जाएंगे। 19 अप्रैल को बारीडीह सरना मैदान में भव्य लाठी मेला का आयोजन किया जाएगा। नयी समिति में संरक्षक ग्राम प्रधान मानकी जयनारायण सिंह, तिरतु महतो, रामाकांत महतो, विशेश्वर महतो का चयन किया गया है। अध्यक्ष मानकी राजेन्द्र साही, उपाध्यक्ष सोहराई महतो, शिवचरण नायक, विन्देश्वर महतो, विजय महतो, सालिक हेम्ब्रोम, सचिव सिकन्दर महतो, उपसचिव सुजीत नायक, संजय कुमार महतो, विरेन्द्र महतो, झबुलाल महतो, अशोक नायक, संगठन सचिव शारदा प्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष चन्दरु नायक, उपकोषाध्यक्ष पन्नालाल प्रजापति, कार्यकारिणी विजय कुमार, राजेश कुमार महतो, राजेन्द्र प्रसाद साहु, बलराम महतो, ब्रजकिशोर महतो, ब्रह्मदेव नायक, भूषण महतो, बलराम महतो, आशाराम महतो का चयन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया मानकी राजेन्द्र साही, ग्राम प्रधान मानकी जयनारायण सिंह, सिकन्दर महतो, तिरतु महतो, रामाकांत महतो, विशेश्वर महतो, सोहराई महतो, शिवचरण नायक, विन्देश्वर महतो, विजय महतो, सालिक हेम्ब्रोम, सुजीत नायक, संजय कुमार महतो, विरेन्द्र महतो, झबुलाल महतो, अशोक नायक, शारदा प्रसाद महतो, चन्दरु नायक, पन्नालाल प्रजापति, विजय कुमार, राजेश कुमार महतो, राजेन्द्र प्रसाद साहु, बलराम महतो, ब्रजकिशोर महतो, ब्रह्मदेव नायक, भूषण महतो, बलराम महतो, आशाराम महतो आदि थे।

## बेड़ो में श्री रामनवमी पूजा महासमिति की बैठक, राकेश भगत बने अध्यक्ष



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर प्रांगण में शनिवार की शाम रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से पुराने समिति को भंग कर नयी समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष राकेश भगत, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा गोप, उपाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, शशि गोप, अशोक महतो, कैलाश महतो, चरवा उरांव, लक्ष्मी गुप्ता व आशीष महतो, सचिव विश्वनाथ गोप, सहसचिव हरिचरण महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार राय, सह कोषाध्यक्ष मनोज बड़ाईक, संगठन सचिव सुरजीत भगत, सह संगठन सचिव अंकित सोनी, मीडिया प्रभारी बंटी रौनियार व रवि सिंह, कार्यकारिणी समिति के अशोक गोप, विकास सोनी, मुकेश गोप, प्रेम महतो व शिवेंद्र सौरव संरक्षक महावीर गोप, बाणी कुमार राय डा प्रवीण चंद्रा एसपी साहू, रवींद्र वर्मा, मुन्ना बड़ाईक, धनंजय कुमार राय, जगन्नाथ भगत, नकुल राम महथा, मनोज लकड़ा, मनोज भगत, नवदीप महतो, सुरेंद्र यादव, उमेश महतो,परना महतो, राम बड़ाईक, राजेश प्रसाद, रंजीत खत्री, सोमा नायक,रमेश गुप्ता, अजय गुप्ता (बबलू), मुकेश कुमार व रवि केशरी को बनाया गया।

### एनडीआरएफ टीम के अथक प्रयास से मिली सफलता

# झिरी खदान में डूबे युवक का 45 घंटे बाद बाहर निकला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी स्थित खदान के झील में 29 मार्च को डूबे युवक का शव बड़ी मशक्कत के बाद रविवार को एनडीआरएफ की टीम ने दोपहर एक बजे बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के हनुमान नगर कमड़े निवासी मुन्ना सिंह के 21 वर्षीय पुत्र छोटू सिंह के रूप के हुई। घटना कैसे घटी इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं हो पाई है। हालांकि पुलिस ने मृतक के एक दोस्त हनुमान नगर के ही अंशु साहू को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। मृतक के घर वालों के अनुसार छोटू जब झील के पास था उस समय अंशु और उसके अन्य तीन दोस्त भी साथ थे। लेकिन किसी ने मृतक के परिजनों को छोटू के झील में डुबने की सूचना नहीं दी। शनिवार को चारो दोस्त में से एक अंशु साहू ने उसके घर वालों को बताया कि छोटू झील में डूब गया है। जब घर वाले झील के पास आए तो देखा कि उसका हवाई चप्पल वहीं पड़ा हुआ है। हालांकि झील के पानी में छोटू का शव नहीं दिखा। इधर शनिवार की दोपहर एक बजे घटना की जानकारी मृतक के परिजनों ने रातू पुलिस को दी। झील की गहराई को देखते हुए रातू पुलिस ने एनडीआरएफ की टीम से भी संपर्क किया। विभागीय प्रक्रिया में ही दिन भर लग गया। रविवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम घटना स्थल पहुंची। शव को तलाशने में जुट गये। लगभग 6 घंटे के मशक्कत के बाद शव को झील से निकालने में एनडीआरएफ की टीम को सफलता मिली। इस दौरान थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी व एएसआई शतीश कुमार के अलावा मृतक के परिजन व सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मामले को लेकर रातू थाने में मृतक के भाई संतोष सिंह के बयान पर यूडी केश दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।



शव की तलाश करती एनडीआरएफ की टीम।

## रामनवमी को लेकर कमेटी का हुआ गठन, लाल अमन शाहदेव बने अध्यक्ष

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री महावीर मंडल उरुगुट्टू की बैठक रविवार को रामकिशोर गिरि की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रामनवमी के अवसर पर 21 अप्रैल को उरुगुट्टू बाजारटांड़ में अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, सचिव कृष्णा महतो, कोषाध्यक्ष प्रेमप्रकाश सिंह बनाये गये। वहीं कमेटी में संरक्षक रामप्रसाद महतो, चंद्र कांत गिरि, लाल मृत्युंजय नाथ शाहदेव, जलेश्वर महतो, मनोज महतो चुने गये। इस मौके पर उरुगुट्टू, काटमकुली, मारवा, बंसरी, बरौदी, पतरातू, हेसलपिरी, भांटबोडया, जिदु आदि गांवों के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड के तेली साहू वैश्य समाज को हल्के में ना लें सरयू राय : महेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो से मिलकर बधाई दी। साथ ही जीत की अग्रिम शुभकामनाए भी दी। महेश महतो ने ढुल्लू महतो को धनबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाये जाने पर झारखंड भाजपा व केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि झारखंड में तेली साहू समाज की आबादी 50 लाख है। झारखंड के इतिहास में पहली बार किसी तेली साहू समाज को धनबाद लोकसभा सीट का टिकट मिला है जिससे पूरे प्रदेश के तेली साहू समाज में उत्साह का माहौल है। सरयू राय हमेशा से वैश्य साहू समाज को अपमानित करते आए हैं। चाहे वो बन्ना गुप्ता हो या झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास। महेश महेश महतो ने कहा कि सरयू राय अगर इस तरह की बयान बाजी करते रहेंगे तो तेली समाज अब चुप नहीं बैठेगा। वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर सरयू राय को बिहार के बक्सरसे चुनाव लड़ना चाहिए न कि झारखंड में, झारखंड को लोग जाग रहे है मूलवासी अब आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। हम सभी तेली साहू वैश्य के लोग गोलबंद हो रहे है। इस अवसर पर झारखंड तैलिक साहू सभा के प्रदेश महासचिव मदन कुमार ने कहा भाजपा झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगी और मोदी जी की गारंटी, अबकी बार 400 पार का नारा को बुलंद करेगी। इस अवसर पर युवा महासचिव राजकिशोर साहू के साथ ही धनबाद जिला संगठन व प्रदेश कमेटी विजय गोराई, अजय गोराई, काशी साव, नीरज कुमार, अमित कुमार, कैला साहू, अभिषेक कुमार, नवीन साहू, कुमार रौशन, राजीव कुमार आदि मौजूद थे।

## नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का जलवा बरकरार, जीता स्वर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल सीरीज में भारतीय दिव्यांग टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर जलवा बरकरार रखा है। टीम के लीडर मुकेश कंचन ने टीम को जीत की बधाई दी है। गौरतलब है कि दिव्यांग मुकेश कुमार टाटीसिल्वे निवासी है। उन्होंने *आजाद सिपाही* से बात करते हुए बताया कि दिव्यांग जन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते है। बस हम जैसे दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखने के लिए एक अच्छे कोच, मार्गदर्शन करने वाले मुकेश कंचन जैसी लीडर की जरुरत है। समाज में हर वर्ग के लोगों को आगे आने की जरुरत है, तब हम दिव्यांग जन अपने समाज, राज्य और देश का नाम ऐसे ही रोशन करते जायेंगे। टीम में मुकेश कंचन, मुकेश कुमार, महिमा उरांव, तारामनी लकड़ा, पुष्पा मिंज, निक्की कुमारी एवं सनोज महतो शामिल है। काठमांठू जाने से पूर्व टाईगर जयराम महतो की रांची जिला टीम के केंद्रीय कला सांस्कृतिक सचिव सुमित कुमार महतो के नेतृत्व में केंद्रीय महामंत्री जितेन्द्र कुमार महतो, राज ओहदार, राज किशोर महतो, बिमल कुमार महतो , रविन्द्र दिपक, शिष्टीधर महतो, अमर महतो आदि ने टाटीसिलवे निवासी दिव्यांग स्वाभिमान मंच के सचिव सह जेबीकेएसएस सदस्य मुकेश कुमार को नेपाल जाने में आर्थिक मदद किया था। सुमित कुमार महतो ने बताया कि जो शरीर से सामान्य है। उन लोगों को पारा चैम्पियनशिप विजेताओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

### सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने का लिया संकल्प

## जनजातियों को अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करनी होगी : सुबोध लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



10 पहड़ा समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**बेड़ो।** प्रखंड के जरिया कटर माली पड़हा भवन के प्रांगण में रविवार को 10 पड़ाहा समिति की बैठक हुई। जिसमें 10 अप्रैल को सरहुल महापर्व व विशु शिकार उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि जनजातियों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आगे आना होगा। जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने जनजातियों से एकजुट होकर अपने पूर्वजों के सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए पड़हा समाज द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों में सरहुल पूर्व संध्या,पूजा,जुलूस व विशु शिकार हर्सोल्लास के साथ मनाया जाएगा। साथ ही 10 पड़हा के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा द्वारा दसों गांवों के बीच झंडा का वितरण किया जाएगा। इधर बैठक में 10 पड़हा की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ बनाने व पड़हा एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस वर्ष 5 पड़हा गड़गांव भी सम्मिलित होगा। बैठक की अध्यक्षता 10 पड़हा राजा रोहित उरांव व संचालन बुधनाथ उरांव ने किया। बैठक में सचिव विजय उरांव उपाध्यक्ष बिन्नी उरांव मुखिया कुंवारी खलखो पंसस विशेश्वर उरांव, दिवान खड्डी उरांव,शंकर लकड़ा, गोवर्धन उरांव, मलरू उरांव, मंगलाचरण खाखा,जॉन उरांव, पूषा उरांव सहित दस गांवों में क्रमशः शहेदा, मासु, जरिया, कटरमाली, मुड़ामु, हुलसी, टेंगरिया, काला ताबेर, खुर्द ताबेर, डोला व सरनाटोली के सैकड़ों पड़हा समाज के ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## शिक्षकों का काम समाज के हर एक व्यक्ति को चरित्रवान एवं संस्कृत बनाना है : सुखी उरांव



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** चलो जलाएं दीप वहां, जहां आज भी अंधेरा है। उक्त बातें जनजातीय शिक्षा समिति के प्रदेश मंत्री सुखी उराव ने कही। वे रविवार को नगड़ी प्रखंड स्थित श्री कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर कुदलुम रांची में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में जनजातीय क्षेत्र के आचार्य बंधु भगिनी को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि के लिए समाज के हरेक व्यक्ति को सुसंस्कृत होना आवश्यक है। तभी हमारा राष्ट्र सबल व समृद्ध होगा। हम शिक्षकों का काम समाज के हर एक व्यक्ति को चरित्रवान एवं संस्कृत बनाना है। वहीं विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा कि विद्या भारती के लक्ष्य के अनुरूप हम समाज के अंतिम व्यक्ति को शिक्षित कर उसे राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ें। कहा कि अंतिम व्यक्ति शिक्षित होगा तभी हमारा समाज कुरीतियां से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा अपने साथ संस्कार, साधना, भक्ति, आचरण एवं व्यवहार कुशलता लेकर आती है। शिक्षा धनोपार्जन के लिए नहीं, बल्कि व्यक्ति में मानवता के गुण को समावेशित करने के लिए होनी चाहिए। हम आचार्य जब अपने आचरण से देश के नौनिहालों में इस प्रकार का संदेश संप्रेषित करेंगे तो निश्चित ही समाज को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर जनजाती क्षेत्र की शिक्षा क्षेत्र प्रमुख रथू उरांव, बहादुर टाना भगत, कोमल उरांव, गुरूवा मुण्डा, सुखदेव एक्का, राजेन मुण्डरी, सुसाना कुमारी आदि उपस्थित थे।

## प्राकृतिक महापर्व सरहुल के फूलखोसी कार्यक्रम में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रोगाडीह पतराटोली व गडरी गांव में प्राकृतिक महापर्व सरहुल के फुलखोसी कार्यक्रम में पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न गांव से आए पहान, पुजारी, महतो, कोटवार, पनभरवा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी के साथ पूजा एवं नाच गान में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों को सरहुल की शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि हम सभी लोग एक नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। जहां हमें अपनी भाषा संस्कृति, रूढी परंपरा, रीति रिवाज एवं मूल धर्म को बचाने की आवश्यकता है एवं सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। इस मौके पर आसपास के क्षेत्र से काफी ग्रामीण मौजूद थे।

## पिठौरिया महावीर मंडल का पुनर्गठन अध्यक्ष चुने गये कृष्ण कुमार चौरसिया



**पिठौरिया (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व को लेकर पिठौरिया महावीर मंडल अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदारों ने नॉमिनेशन भरा। नॉमिनेशन भरने वाले लोगों में कृष्णा कुमार चौरसिया, जितेंद्र साहू, रितेश कुमार दीपक, शामिल थे। 30 मार्च को चुनाव के लिए पूरी तैयारी कर ली गई थी। पिठौरिया के बुद्धिजीवी प्राचीन महावीर मंदिर स्वर्णकार मोहल्ला पिठौरिया परिसर में नॉमिनेशन के समय मौजूद थे। अनिल केसरी की अध्यक्षता में निर्णायक समिति के सदस्यों के बीच हुई बैठक में चर्चा की। बैठक में आगामी चुनाव के लिए रणनीति तैयार की गई। इसके बाद अध्यक्ष पद के लिए आम सहमति बन पाई। लोगों ने एक स्वर में निष्पक्ष चुनाव वोटिंग सिस्टम से कराने की मांग की। जिसके बाद वोटिंग की गई और श्री महावीर मंडल पिठोरिया का चुनाव संपन्न हुआ। वोटिंग में 161 वोट प्राप्त कर कृष्णा चौरसिया अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि दूसरे स्थान पर जितेंद्र साहू को 124 वोट मिले। वहीं तीसरे स्थान पर रितेश कुमार दीपक को 48 वोट मिले। इस बैठक में श्री महावीर मंडल पिठोरिया के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## अभिभावक अपने बच्चों को आंरभ से ही मोबाइल फोन से दूर रखें : पूनम देवी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के कुड़ला पुल के समीप पहला कदम स्मार्ट स्कूल का रविवार को उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगड़ी जिला परिषद पूनम देवी एवं युवा समाजसेवी बजरंग महतो, पत्रकार केशव भगत, कमलेश केसरी और अब्दुल गफ्फार अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। जिप सदस्य पूनम देवी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों का स्मार्ट स्कूल की मांग समय की आवश्यकता है। अभिभावक अपने बच्चों को आंरभ से मोबाइल फोन से दूर रखें। वहीं समाजसेवी बजरंग महतो ने कहा की बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई की आदत डालना चाहिए। बच्चों को अधिक दिमागी तनाव डालने से शरीर में बहुत खराब असर पड़ता है। उधर, स्कूल के संचालक अभिमन्यु चौधरी ने कहा कि प्ले कक्षा से पांचवी तक के लिए स्मार्ट क्लास की भी सुविधा है। बच्चों को प्रोजेक्टर से आधार पढ़ाया जायगा और प्रत्येक साल एक कक्षा की वृद्धि होगी। साथ ही इस स्कूल में प्लेग्राउंड, स्मार्ट क्लास, डांस क्लास के साथ ही अन्य आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर कृष्णा चौधरी, शिव चौधरी, किशुन उरांव, संतोष केसरी, अंकित केसरी, सौरभ केसरी, पिंकी कुमारी, राधिका कुमारी, सिद्धांत केसरी, संध्या देवी, शक्ति तिवारी, प्रवीण तिर्की सहित स्कूल के विद्यार्थी एवं अभिभावक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## जनता की उम्मीदों को कभी टूटने नहीं दूंगा: कालीचरण



**पांकी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चतरा लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के बसडीहा में प्रवासी बूथ स्तरीय पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने की। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि देश की अजादी के बाद पहली चतरा संसदीय क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार के रूप में पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। इस कर्ज की भरपाई चतरा को विकसित बनाने में अदा करूंगा। क्षेत्र की सेवा के लिए 24 घंटे ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ मेहनत करूंगा। यह विश्वास दिलाता हूं कि लोगों की जनभावनाओं व उम्मीदों को कभी टूटने नहीं दूंगा। पिछले 40 वर्षों से भाजपा के साधारण कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेतृत्व ने जो भी जिम्मेवारी दी उसे पूरी ईमानदारी के साथ पूरा किया हूं। आज जनता का स्नेह व आशीर्वाद मिला है कि पार्टी ने मुझे उम्मीदवार बनाकर जनता के बीच भेजा है। कार्यक्रम के प्रभारी मेदिनीनगर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा के बूथ कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर 370 का आंकड़ा पार करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः देश की बागडोर उनके हाथों में सौंपे, ताकि विश्व के मानचित्र में भारत का नाम विकसित देश के रूप में हों। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री श्यामनंदन ओझा ने किया। कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा भाजपा नेता विजय ठाकुर ने किया। मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह,ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, मंजू लता दूबे, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कुंदन सिंह, महामंत्री धर्मेन्द्र उपाध्याय, मिंटी वर्मा, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, ललित मेहता, राजदेव मेहता, अक्षय कुमार, साधु मांझी, भाजपा युवा मोर्चा के नेता सत्येन्द्र सिंह, ज्ञान रंजन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## चाय पर चर्चा : शहरी क्षेत्र में मतदान बढ़ाना लक्ष्य: आनंद शंकर

# महिला मतदाताओं को वोट के लिए प्रोत्साहित करें: वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता





पलामू चेंबर के चाय पर चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित सांसद व स्थानीय लोग।

**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए रविवार को गांधी उद्यान से 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत काफी कम है। जिसके चलते कुल वोट प्रतिशत गिर जाता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बुद्धिजीवी लोग ज्यादा रहते हैं जिन्हें अच्छे गलत प्रत्याशी की परख होती है। वैसे लोग मतदान नहीं करेंगे या अपने आपसास वालों को वोट करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे तो उनकी थोड़ी सी लापरवाही एक बड़े निर्णय को बदल सकता है जो समाज हित में नहीं होगा। इसका पूरा प्रभाव क्षेत्र के विकास पर पड़ता है। आनंद शंकर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चेंबर बहुत जल्द प्रशासन के साथ बैठक कर एक निर्णय लेगा कि जो लोग वोट देने के बाद बूथ पर लगे सेल्फी पॉइंट में फोटो खिंचवाएंगे उस फोटो को दिखाने पर दो दिन तक शहर के कई रेस्टोरेंट में 20 प्रतिशत छूट, ऑटोमोबाइल में विशेष उपहार, मॉल में विशेष ऑफर, सोना चांदी के मेकिंग चार्ज में छूट आदि कई ऑफर भी लेकर आएगा जिसकी सहमति व्यवसाईयों ने दी है। चाय पर चर्चा कार्यक्रम में कई प्रशासनिक एवं शहर के आइकॉन को बारी-बारी मुख्य अतिथि के रूप में सुबह-सुबह आधे घंटे के लिए आमंत्रित किया जाएगा जो वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगे और सबका सुझाव भी लेंगे। इस दिन आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विष्णुदयाल राम भी उपस्थित थे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कई अच्छे-अच्छे सुझाव दिए। वीडी राम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं पहले वोट करती थी इसलिए ग्रामीण क्षेत्र का वोट प्रतिशत ज्यादा होता है और शहरी क्षेत्र में महिलाएं कामकाज और छुट्टी के उत्सव में लग जाती जो वोट करने तक नहीं जाती। जिसके चलते वोट प्रतिशत गिर जाता है। अगर सभी लोग माता-बहनों को सुबह-सुबह पहले वोट दिला देंगे तो निश्चित रूप से वोट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। कार्यक्रम का संचालन चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया। चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम चुनाव तक चलेगा हम सभी कॉलोनी में एवं पब्लिक प्लेस में सुबह-सुबह बैठक करेंगे जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मिलिट्री कैंप में कार्यरत नावाटांड़ के युवक की हरिहरगंज में सड़क हादसे में हुई मौत



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ढाब कला एनएच 98 फोरलेन पर रविवार की सुबह एक अज्ञात हाइवा ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावाटांड़ निवासी युगल किशोर यादव के 31 वर्षीय पुत्र वरुण कुमार यादव के रूप में हुई है। वह मिलिट्री कैंप में कार्यरत था। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। ग्रामीणों ने बताया कि एक बाइक पर दो लोग सवार होकर हरिहरगंज की ओर जा रहे थे। बाइक ढाब कला परशुराम मेहता के घर के सामने रुकी और आपस में बात कर रहे थे। तभी पीछे से एक हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक का सिर पूरी तरह कुचल गया और मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना के तुरंत बाद पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ राकेश सिंह, एएसआई संजय सिंह और एएसआई मनोज कुमार दास घटना स्थल पर पहुंच कर मामले का जायजा लिया और शव को कब्जे में कर थाने ले आई। जहां परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा भरकर अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृतक के पिता युगल किशोर यादव ने बताया कि वरुण नासिक मिलिट्री कैंप में कुक के पद पर पदस्थापित था।वह होली की छुट्टी पर घर आया था। वह अपने भाई बीमल कुमार यादव के साथ बाइक से अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहा था। इस बीच में यह घटना हुई है। इस दौरान बीमल को भी चोटें आई है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत हुई है। अज्ञात वाहन के बारे में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान: अविनाश वर्मा





हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के अमन चैन मुहल्ला स्थित समता स्कूल की वर्षगांठ रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सचिव संतोष मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र- छात्राओं द्वारा कई तरह के रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन जीसा के केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश वर्मा, पलामू जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, जिला सचिव दिवेन्दु गुप्ता, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य अक्षय कुमार चौहान व पत्रकार सतेंद्र चंदेल आदि ने संयुक्त रूप से किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मंच से बाल कलाकारों ने क्षेत्रीय एवं विविध तरह गीत-संगीत व नाटक के माध्यम से सामाजिक सरोकार से संबंधित प्रेरणादायी संदेश दिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर आयोजित होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। मौके पर शिक्षिका किरण देवी ,अंजली सिंह ,सुधांशु कुमार सिंह ,विनोद कुमार सिंह ,अनुज कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राहुल चौहान, बेबी शेख,विकास कुमार ,दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, सलोनी कुमारी ,शिल्पा कुमारी, रेशमा सैयद, रिमझिम देवी, उम्म सैयद, अर्जुन कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति,अनूप पांडे एवं परिचारिका जनक दुलारी देवी आदि मौजूद थे।

## युवाओं को बढ़-चढ़ कर करना चाहिए मतदान: याज्ञवल्क शुक्ला



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद की ओर से रविवार को मेदिनीनगर के सेलिब्रेशन हॉल में युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क शुक्ल शामिल हुए। मंच पर उपस्थित राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, पलामू भाग्य विभाग प्रमुख सत्देव पांडे, पलामू के जिला प्रमुख केसी झा, पलामू विभाग की विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी एवं मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रहित में मतदान सबसे आवश्यक है जिसका उपयोग हर युवाओं को अनिवार्य रूप से करना चाहिए। कहा कि विद्यार्थी परिषद सभी जिलों में युवाओं के उनके प्रत्याशी से क्या मांगे रहेंगे उनका विमोचन करेंगा। साथ ही अपने मत और राजनीतिक चेतनाओं की समझ के लिए युवाओं को जागृत करने का प्रयास करने को युवाओं को जागृत करेगा। परिषद के विभाग प्रमुख सत्देव पांडे ने कहा कि हमें अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करने की आवश्यकता है तभी हम भारत को विश्व गुरू बनने के सपने को साकार कर पाएगें। जिला प्रमुख प्रो केसी झा ने कहा कि देश के युवाओं का एक-एक वोट अति महत्वपूर्ण है। युवा आगे बढ़कर अपने मत का प्रयोग करें। मौके पर पलामू के विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला, गोंविद मेहता, शशांक चौबे, शुभम तिवारी, शुभम कुमार, आदर्श कुमार, उदय गूप्ता, अभय वर्मा, राजन कश्यप, रोहित गुप्ता, नितीश दूबे, विपिन यादव, कौशल मिश्रा आदि मौजूद थे।

# अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा संत मरियम स्कूल : अविनाश

**संत मरियम में नामांकन के लिए अंतिम चरण में आयोजित प्रवेश परीक्षा में 200 से अधिक बच्चों ने लिया भाग**

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय अपने स्थापना काल से ही विद्यार्थियों के उत्कृष्टता को लेकर कटिबद्ध है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही तकनीकी कौशल व अन्य गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखती है, जो कि इस विद्यालय के बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अवल आकर विद्यालय के साथ-साथ जिले के नाम का भी परचम लहरा रहे हैं। यही कारण है कि विद्यालय में नए सत्र प्रारंभ होते ही अभिभावकों की भीड़ उमड़ने लगती है। विदित हो की इस विद्यालय में नामांकन के लिए अब तक तीन चरण में परीक्षा आयोजित हो चुकी है। अंतिम चरण में नामांकन के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसका रिजल्ट तीन अप्रैल को प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अभिभावकों व परीक्षार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि जिस तरह से अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन इस विद्यालय में जिस उम्मीद से करा रहे हैं, मैं उनके उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करूंगा। इस विद्यालय के बच्चे शैक्षणिक ज्ञान के साथ- साथ उन्हें राष्ट्रवाद, समाजवाद आदर्शवाद, नैतिक मूल्य,सांस्कारिक ज्ञानों से परिपूर्ण करना बेहद आवश्यक है, जो की यह सभी गुण विद्यार्थियों के उत्कृष्ट व्यक्तित्व विकास के सहयोगी है। साथ ही साथ यह भी प्रयास रहेगा की इस विद्यालय के बच्चे परीक्षा में ही उत्तम नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर अपने सपनों को उड़ान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में नए सत्र का प्रारंभ पांच अप्रैल से हो रहा है, जो कि बच्चे नए सिरे से जोश,जुनून और उमंग के साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे और खासकर यह विद्यालय लड़को एवं लड़कियो के लिए बेहतर छात्रावास प्रदान कर देश के नव निर्माण में अपना योगदान दे रहा है।

## किशोरी से दुष्कर्म, 28 दिन बाद नाबालिग सहित आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नाबालिग लड़की को जबरन खेत में लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म व मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपित को हुसैनाबाद पुलिस ने 28 दिनों के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ईंटवा गांव निवासी राजकुमार पासवान के रूप में हुई है। इसके अलावा एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एक मार्च 2024 को नाबालिग लड़की के पिता ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसका कांड संख्या 42/2024 है। दर्ज प्राथमिकी में कहा था कि हमारी लड़की शौच के लिये घर से बाहर गई थी, लेकिन जब काफी समय बीत जानें के बाद घर नहीं लौटी, तो अपराह्न तीन बजे गांव के कुछ महिलाओं से पता चला की उनकी लड़की अरहर के खेत में अचेत अवस्था में पड़ी है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिती गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां वहां करीब 25 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जुझती रही। लड़की के फर्द बयान के लिए पुलिस की टीम वाराणसी उत्तर प्रदेश अस्पताल भी गई थी। जहां लड़की बोलने की स्थिति में नहीं रहने के कारण वापस लौट आई थीं, पीढ़िता के वापस आने के बाद उसके बयान के अधार पर इस घटना में शामिल दो लोगों की गिरफ्तारी की गई। दोनों को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया।

### तूफान से मकान क्षतिग्रस्त, मुआवजे की मांग

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। बे मौसम बरसात और आंधी ने शनिवार की देर रात क्षेत्र में जमकर तबाही मचायी। जगह-जगह पेंड़ पौधे की टहनियां गिरे और गेहूं की कटी फसलें बर्बाद दिख रही थी। कई घरों की करकट की छत भी तूफान ने उड़ गए। तूफान से हरिहरगंज नगर पंचायत के सतगांवा गांव निवासी श्रवण राम के ईंट से निर्मित मकान में लगे सभी करकट की छत पूरी तरह उखड़ कर चूर चूर हो गई है। हालांकि गनीमत रही कि श्रवण राम अपने पूरे परिवार के साथ घर से बाहर निकल गये थे, जिससे उसकी जान बच गई। मगर तेज हवाओं के चलते आशियाने को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। श्रवण राम गरीब परिवार से है।दूसरी ओर, शनिवार की रात आयी आंधी और तूफान के कारण रविवार को पूरे प्रखंड में बिजली सेवा पूरी तरह बाधित रहा। जगह-जगह पर बिजली की खंभे और तार पर भी कहर बरपाया है। वहीं 20 घंटे से अधिक बिजली गुल रहने से लोग परेशान दिखे।

# स्पोर्ट्स



भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने मियामी ओपन 2024 के मेंस डबल्स का टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना 44 साल की उम्र में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जितने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं।

### एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले बने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

## रोहन बोपन्ना ने मियामी ओपन जीतकर रचा इतिहास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने मियामी ओपन 2024 के मेंस डबल्स का टाइटल जीतकर इतिहास रच दिया है। बोपन्ना 44 साल की उम्र में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने पिछले साल इंडियन वेल्स का खिताब जीतकर बनाया था। शनिवार को खेले गए फाइनल में बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियन पार्टनर मैथ्यू एब्डन ने क्रोएशिया के इवान डोडिक और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी को हराया। खिताबी मुकाबले में



इस इंडो-ऑस्ट्रेलियन जोड़ी ने 6-7, 6-3, 10-16 से जीत हासिल की।

### छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता

बोपन्ना ने छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था। **क्या है एटीपी मास्टर्स :** एटीपी मास्टर्स जिसे 2009 से एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के रूप में जाना जाता है, नौ टेनिस टूर्नोंट्स की एक सीरीज है। इसकी शुरूआत 1990 से हुई। ग्रैंड स्लैम के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस का टॉप टियर टूर्नामेंट है। ग्रैंड स्लैम के बाद टेनिस रैंकिंग में इसी टूनार्मेंट के सबसे ज्यादा पॉइंट मिलते है। जहां ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।

### इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन भी बने

रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एब्डन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। रॉड लेवर एरीना में भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया ववास्सोरी की जोड़ी को सीधे सेटों में 7-6, 7-5 से हराया था। करीब डेढ़ घंटे तक चले फाइनल मुकाबले में बोपन्ना-एब्डन की जोड़ी का दबदबा कायम रहा। यह बोपन्ना के करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब था।

## गुजरात ने हैदराबाद को 7 विकेट से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 में दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 12वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया। इस जीत के साथ गुजरात की टीम पॉइंट्स टेबल के चौथे नंबर पर आ गई है, जबकि हैदराबाद 5वें नंबर पर है।

अहमदाबाद में रविवार के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट गुजरात के बल्लेबाजों ने 19.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। साई सुदर्शन ने 36 बॉल पर 45 रन की पारी खेली, जबकि डेविड मिलर ने 27 बॉल पर



नाबाद 44 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 36 और ऋद्धिमान साहा ने 25 रन का योगदान दिया। अभिषेक शर्मा और अब्दुल समद ने 29-29 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 24 रन का योगदान दिया।

# धनबाद कोयलांचल की जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं को नहीं भा रहे ढुल्लू महतो

## प्रत्याशी बदलने की उठने लगी मांग, सरयू राय की एंट्री से रोमांचक हुआ राजनीतिक माहौल

### ढुल्लू के विरुद्ध दर्ज केस

| | |
|---|---|
| हत्या का प्रयास | 21 |
| रंगदारी | 13 |
| आर्म्स एक्ट | 15 |



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/महुदा।** धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के नाम की घोषणा के बाद से ही विपक्षी पार्टियों के साथ ही भाजपा की कई आनुषांगिक इकाइयों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ढुल्लू महतो की आलोचना तेज कर दी गई है। जो ढुल्लू महतो के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। वहीं उनके लिए धनबाद लोकसभा सीट हाथ से निकलती हुई प्रतीत हो रही है। इन अटकलों के बीच धनबाद लोकसभा की राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गयी है। इसके विपरीत धनबाद भाजपा में भी कई तरह की बातें सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आने लगी हैं। जिसे कहीं न कहीं धनबाद की जनता ढुल्लू को आसानी से स्वीकार करने के मूड में नहीं दिख रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की ढुल्लू के प्रति आक्रामकता कहीं से भी उन्हें धनबाद में अपने मुखिया के तौर पर स्वीकार करती नहीं दिख रही हैं। क्योंकि ढुल्लू महतो की दबंगई की कहानी बाघमारा विधानसभा से निकल कर झारखंड की राजधानी रांची तक पहुंच चुकी है। ढुल्लू महतो के खिलाफ कुल 49 मुकदमे दायर हैं। उनमें से कुछ में वह बरी भी हुए, लेकिन अधिकांश में वह विचाराधीन हैं। वहीं चार में तो उन्हें जेल भी जाना पड़ा है। उनके इन कारनामों को कोयलांचलवासी पूर्व से ही जानते हैं। वहीं उनकी दबंगई को बाघमारा की कई आउटसोर्सिंग कंपनियां और उन्हीं के पैतृक गांव चिटाही के ग्रामीणों सहित अन्य क्षेत्रों के आमजनों ने झेला है। इन आलोचनाओं पर धनबाद के सभी बड़े नेता कुछ भी प्रतिक्रिया देने से बचते आ रहे हैं। इसके विपरीत विपक्ष के कई नेता और कार्यकर्ता इस पर खूब मजे ले रहे हैं। बताते चलें कि जहां एक ओर भाजपा महिलाओं के सम्मान की बात करती है, वहीं उनके प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपने पैतृक गांव चिटाही की एक ग्रामीण महिला को भद्दी गालियां देते हुए एक वीडियो में देखा जा चुका है। यह वीडियो इस वक्त उन्हीं के समर्थक द्वारा सोशल मीडिया में शेयर की गयी है, जिससे कहीं न कहीं ढुल्लू के लिए लोकसभा चुनाव में पार पाना कठिन दिख रहा है। क्योंकि जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने धनबाद दौरे में एक बयान के दौरान धनबाद लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का संकेत दे दिया है। ऐसे में अगर वह चुनाव लड़ते हैं, तो यह ढुल्लू महतो के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है, क्योंकि सरयू राय एक ऐसे विधायक हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास तक को हरा चुके हैं। ऐसे में धनबाद लोकसभा चुनाव दिलचस्प होने जा रहा है।

दूसरी ओर, जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने भी पार्टी के झारखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को एक पत्र लिख कर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को लोकसभा प्रत्याशी बनाने को लेकर आपत्ति जतायी है। उन्होंने अपने पत्र में ढुल्लू महतो की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए कई गंभीर आरोप भी लगाये हैं। ढुल्लू महतो को माफिया कहते हुए धनबाद लोकसभा की जनता के लिए खतरा बताया है। दूसरी ओर, जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कहा कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का आचरण भय फैलने वाला है। अगर इस तरह का काम करते रहेंगे, तो जिस तरह गैंगस्टर प्रिंस खान के खिलाफ कार्रवाई के लिए मैंने लड़ाई लड़ी, उसी तरह ढुल्लू महतो के खिलाफ भी लड़ूंगा। इसके साथ ही बाघमारा में बीसीसीएल एरिया एक से लेकर पांच तक एक विशेष समूह के द्वारा 1200 रुपये प्रति टन दिये बगैर कोयला नहीं उठाने दिया जाता, अब इस आतंक को दूर करने का प्रयास करूंगा। इडी से आवेदन देकर मांग करूंगा कि बाघमारा इलाके में मनी लांड्रिंग के पैसों का चुनाव में इस्तेमाल ना हो इस पर नजर रखी जाये।

### कृष्णा अग्रवाल ने ढुल्लू के खिलाफ दर्ज करायी एक और शिकायत

**धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने रविवार को धनबाद एसएसपी को पत्र देकर भाजपा के धनबाद लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो के पक्ष में कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा उन्हें व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू को जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि प्रिंस खान ने एक ऑडिओ जारी कर खुलेआम दुल्लू महतो का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। उधर, एसएसपी ने तुरंत मामले पर संज्ञान लेते हुए बरवाअड्डा थाना प्रभारी को मामला दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद बरवाअड्डा थाना प्रभारी ने घटना को लेकर कांड संख्या 53/24 के तहत भादवि की धारा, 109, 387, 504, 506, 120 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं। इसके विपरीत सांसद प्रत्यासी ढुल्लू महतो ने भी धनबाद एसएसपी सहित डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड, मुख्य सचिव एवं डिजीपी झारखंड वायरल ऑडियों के विरुद्ध पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की हैं।**

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** मैथन स्थित निरसा एसडीपीओ कार्यालय में रविवार को एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने प्रेसवार्ता की। बताया कि निरसा थाना क्षेत्र के एमपीएल ओपी अंतर्गत सिरपुरिया निवासी मुकेश बाउरी (27) नामक युवक को वहीं की एक नाबालिक लड़की से दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गाय है। एसडीपीओ ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे एक नाबालिक लड़की अपने गांव के तालाब में बर्तन धोने गई थी। तभी मुकेश बाउरी ने लड़की को अकेले पाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर उसकी मां घटनास्थल पर पहुंच गई। यह देख आरोपित मुकेश वहां से भाग निकला। बाद में इसकी सूचना एमपीएल ओपी को दी गई। ओपी प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकेश बाउरी को छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की मानें तो, पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। जिसके विरुद्ध पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मुकेश बाउरी को धनबाद जेल भेजा जाएगा। वहीं, छापामारी के दौरान पुलिस पदाधिकारी एमपीएल ओपी प्रभारी योगेंद्र कुमार, बन्ने उरांव, उमेश कुमार, निर्मल पाल और नरेश राम उपस्थित थे।

## कार्रवाई : मास्टरमाइंड निकला नक्सली गुट का पूर्व एरिया कमांडर

# डकैती कांड का उद्भेदन, 4 गिरफ्तार

**उसके खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज है 19 आपराधिक मामले**

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस की गिरफ्त में डकैती कांड में शामिल डकैत।

**गिरिडीह।** जिले के ताराटांड थाना अंतर्गत नवादा गांव में रहने वाली सबिया देवी (62) के घर में विगत 19 मार्च को हुई डकैंती की घटना का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार लोगों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मिथिलेश मंडल (36), मुन्ना प्रसाद वर्मा (22), सबीर अंसारी (25) और किशोर साव उर्फ पहुना (40) के रूप में हुई है। मिथिलेश गिरिडीह जिले के ही गांडेय थाना क्षेत्र के मारगोडीह का रहने वाला है। जबकि मुन्ना ताराटांड़ थाना क्षेत्र के चौरा गांव, सब्बीर, गांडेय के शीतलाटांड़ और किशोर साव गांडेय के ही गांधीनगर का रहने वाला है। इनके पास से एक लाख, तीन हजार 500 रुपये नकद, दो बाइक और मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर इनके गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यो के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, छापामारी दल में अनुपुलिस पदाधिकारी सदर बिनोद रवानी, गांडेय अंचल के पुलिस निरीक्षक कमाल खां, ताराटांड़ थाना के प्रभारी मुकेश कुमार पंडित, अहिल्यापुर थाना के प्रभारी जितेंद्र सिंह बिष्ट, गांडेय थाना के प्रभारी रघुनाथ सिंह, और ताराटांड़ थाना के पुअनि सुशांत कुमार चिरंजीवी आदि शामिल थे। गौरतलब हो कि ताराटांड थाना क्षेत्र में रहने वाली सबिया देवी के घर में 10 से 12 डकैतों के दल ने धावा बोल दिया था। डकैतों ने सबिया और परिवार के अन्य सदस्यों को एक कमरे में बंधक बनाकर बंद कर दिया। इसके बाद घर से नकद पांच लाख रुपये और करीब पांच लाख रुपये मूल्य के ही स्वर्ण आभूषण लेकर चंपत हो गए थे। पीड़िका की शिकायत पर गिरिडीह एसपी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए डकैती कांड का उद्भेदन करने के लिए छापामारी दल का गठन किया। एसपी के निर्देश पर गिरिडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त कांड में संलिप्त कुल चार डकैतों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद की गई है। जांच के क्रम में पुलिस ने पाया कि डकैती कांड का मास्टरमाइंड मिथिलेश मंडल है जो पूर्व में हार्डकोर नक्सली था। वह एरिया कमांडर भी रह चुका है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में कुल 19 अपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

## प्रेमिका के साथ विवाहित युवक फरार, पत्नी परेशान

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह थाना अंतर्गत मलहांन टांड़ से 24 वर्षीय शिव कुमार गुप्ता नामक एक युवक अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। उसकी एक महीना पहले की शादी हुई थी। इस घटना से पत्नी काफी परेशान है। इस बाबत शिव गुप्ता के पिता रामबली साव ने बताया कि बेटे की शादी 2024 में ही छह फरवरी को हिंदू रीति-रिवाज से की थी। लेकिन शादी के एक महीने बाद शिव अपनी पत्नी राधा देवी को 27 मार्च की रात में छोड़कर भाग गया। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस दौरान जानकारी मिली कि मलहांन टांड़ के निवासी छोटू सिंह की अविवाहित पुत्री के साथ फरार हुआ है। हालांकि छोटू ने ऐसी किसी खबर से इन्कार किया है। उधर, फरार हुए युवक की पत्नी ने सभी से न्याय की मांग की है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये किशुन पहलवान



**झरिया (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मिनिया मोड़ स्थित महाराणा प्रताप व्यायामशाला भवन में रविवार को महाराणा प्रताप दल के संस्थापक प्रसिद्ध पहलवान किशुन साव की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जहां दल व परिवार के सदस्यों ने उन्हें नमन किया। इस दौरान मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो सहित कई गणमान्य लोगों ने किशुन पहलवान की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने कहा कि समाज में स्व. किशुन पहलवान के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे झारखंड समेत अन्य प्रांतों में काफी मशहूर थे। किशोरावस्था से युवावस्था तक उन्होंने कई नामी हस्तियों को कुश्ती में पटखनी दी थी। वहीं, स्व. किशुन साव के पुत्र दिलीप साव, अशोक साव दारा व मनोज साव ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर योगेंद्र यादव , सरोज सिंह, लोकसभा प्रभारी सुरेश साव अरुण साव, अनूप साव, बप्पी बाउरी आदि उपस्थित थे।

## नावाडीह पुलिस के हत्थे चढ़े दो गौ तस्कर वाहन के साथ आधा दर्जन गोवंश बरामद



**बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सारूबेड़ा मोड़ के समीप पिकअप में लदे आधा दर्जन गौवंश को बरामद किया है। लगे हाथ आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उक्त जानकारी देते हुए नावाडीह के थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि शनिवार की दोपहर लगभग 1.45 बजे सूचना मिली कि डुमरी फुसरो मुख्य मार्ग पर सारूबेड़ा मोड़ के मार्ग से गौवंशीय पशु को ब्लू रंग के पिकअप में लादकर ले जाया जा रहा है। सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए थाना के सहायक अवर निरीक्षक लाल मोहन मूर्मू को घटनास्थल की ओर भेजा गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और वाहन सहित पशुओं को जब्त कर लिया है। साथ ही आरोपी बारीडीह के मुस्लिम टोला टांड़ निवासी रहमान अंसारी (30) और धनगढ़ी के सेक्टर-9 निवासी छोटू राय (35) को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में नावाडीह थाना में कांड संख्या 19/24 दर्ज किया गया है।

# जिन वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप व सभी वाजिब दस्तावेज नहीं, उन पर कार्रवाई के साथ लगेगा जुर्माना: डीटीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर के नेतृत्व में पिंडरजोरा चेकपोस्ट, माराफारी स्टील गेट, बालीडीह टोल प्लाजा एवं धनबाद-बोकारो मार्ग के पुपुनकी टॉलप्लाज सहित अन्य जगहों पर ओवरलोड वाहन के विरुद्ध रविवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान जिन वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा था उन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही जुर्माना भई लगाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 20 बड़ी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगे होने व 13 ओवरलोड वाहनों से लगभग तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा हाइवा, ट्रक, मिनी हाइवा सहित अन्य वाहनों की भी जांच की गई। इस दौरान कई ओवरलोड वाहनों से जुर्माना वसूला गया। 50 से अधिक वाहनों की जांच की गई। ओवरलोड वाहनों की जांच को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों की शिकायत मिलने पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण आदि की जांच के साथ बाइक चालकों को परिचालन के दौरान हेलमेट की भी जांच की गई। उन्होंने बताया कि बाइक चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों के परिचालन के समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने बताया कि अक्सर वाहनों में ओवरलोड, ओवरहाइट, पॉल्यूशन, इंश्योरेंस पेपर नहीं होने की शिकायत अक्सर मिलती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए वाहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन जांच के दौरान जिन वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महुदा में अपराधी बेखौफ, बाइक सवार से मारपीट कर 10 हजार की छिनतई



**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत महुदा-राजगंज नये फोरलेन मुख्यमार्ग पर रात में बेखौफ बदमाशों के गिरोह द्वारा राहगीरों से छिनतई की घटनाओं को अंजाम देने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इस कड़ी में शनिवार को महुदा थाना अंतर्गत बारकी बस्ती निवासी वाहन चालक अनवर आलम (38) के साथ कुछ बदमाशों द्वारा मारपीट कर 10 हजार 900 रुपये लूट लिए जाने की घटना प्रकाश में आई है। इस बाबत पीड़ित ने रविवार की सुबह महुदा थाना में लिखित आवेदन देकर अपराधियों पर कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित युवक ने अपने आवेदन में बताया कि वह खरखरी स्थित नावागढ़ निवासी तोहिद शेख की गाड़ी चलता हैं। गत शनिवार की रात 10.55 बजे वह वाहन मालिक से अपनी पगार लेकर बाइक से अपने घर बारकी जा रहा था। तभी नये फोरलेन सड़क स्थित एक ढाबा के नजदीक कुछ बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर पूरा पैसा छीन लिया। वहीं घटना के संदर्भ में महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने शिकायत मिलने की बात स्वीकार की है। कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। किसी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## जनता ने मौका दिया तो संसद में गूंजेगी मेरी आवाज: जगदीश रवानी

# मासस ही कर सकता है भाजपा से मुकाबला: अरूप चटर्जी

**मासस जिला कमेटी की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



पत्रकारों से बातें करते पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, प्रत्याशी जगदीश रवानी व अन्य।

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) जिला कमेटी की बैठक रविवार को टेंपल रोड के पुराना बाजार स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता मासस जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान और संचालन जिला उपाध्यक्ष सुभाष चटर्जी ने किया। बैठक में मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और पार्टी के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में अरुप चटर्जी ने कहा कि भारत के संघीय ढांचे और अनेकता में एकता की राष्ट्रवादी सोच के साथ किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ आत्महत्या होगी। संविधान की रक्षा के लिए मासस निरंतर संघर्ष करता रहेगा। कोयलांचल की राजनीत में संसदीय चुनाव पार्टी पूरे दम-खम से लड़ रही है। जन सहयोग से हमें भारी बहुमत हासिल होगी। भाजपा की समाज विरोधी राजनीतिक झांसा का मुकाबला एकमात्र मासस ही कर सकती है। वहीं, धनबाद लोकसभा क्षेत्र से मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनसंपर्क में गंभीरता के साथ लगे हुए हैं। आमजन के दुख सुख में शामिल हो रहे हैं। यदि धनबाद की जनता ने मौका दिया तो कोयलांचल की नागरिक सुविधा में विकास के लिए संसद में हमेशा आवाज उठाता रहूंगा। इस मौके पर बबलू महतो, दिल मोहम्मद, सबुर गोराय, पवन महतो, बादल बाउरी, शेख रहीम, गणेश महतो, सुभाष सिंह, टूटन मुखर्जी, मुमताज अंसारी, राणा चटराज, हीरालाल महतो, संतु चटर्जी, पूर्व मुखिया संतोष रवानी, विजय पासवान, हेमलता देवी, फटिक चंद्र मंडल, लालमोहन महतो, मुक्तेश्वर महतो, भगत राम महतो, रामप्रवेश यादव, रंजीत यादव, राकेश सिंह, सुखलाल महतो, ललिता देवी, मोतीलाल हेंब्रम, पूनम देवी, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, राजकुमार पासवान, अरविंद तिवारी, अजय महतो, राम प्रकाश महतो, प्रथम चंद्र महतो, राजेश बिरुआ, अनिल यादव, चिंटू रवानी, गोपाल दास,संतोष रवानी, अमित शर्मा, जगदीश साव आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा लोकसभा केंद्र में भाजपा को भाकपा-माले ही हरायेगी : राजेश यादव



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में भाकपा माले ही भाजपा को हराएगी। भाजपा जनता की नहीं, बल्कि पूंजीपतियों-कंपनियों की सरकार है। वह कभी आम जनता का भला नहीं कर सकती। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कही। वे रविवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में जारी जन संपर्क अभियान के दौरान बेंगाबाद प्रखंड के शहरपुरा गांव में लोगों से मुलाकात कर महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में वोट मांगते हुए लोगों से कह रहे थे। उन्होंने मतदाताओं से चुनाव संघर्ष कोष में सहयोग करने की भी अपील की। इसके बाद सभी घरों से चुनाव संघर्ष कोष के लिए 20-20 रुपये की सहयोग राशि लेने का अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने मोदी सरकार की गलत नीतियों से उत्पन्न महंगाई और अभूतपूर्व बेरोजगारी पर भी आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार के खिलाफ वोट करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर माले के लोकल सचिव शंभू तुरी, शाखा सचिव महेश लाल सोरेन, बाबूराम मरांडी, मोहिलाल टुडू, बबलू मुर्मू, पन्नालाल सोरेन और रूपलाल किस्कू आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश कार्यालय में भाजपा की राज्य चुनाव प्रबंधन समिति की दूसरी बैठक

# बीजेडी सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लेकर लोगों के पास जायेगी भाजपा: गोलक महापात्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के लोग बीजू जनता दल के लंबे शासन से तंग आ चुके हैं। दुर्निति, भ्रष्टाचार और व्यभिचार में लिप्त बीजेडी मंत्रियों और नेताओं के कारण ओड़िशा का विकास बाधित हुआ है। ओड़िशा के लोग मोदी की गारंटी से वंचित हैं। लंबे शासनकाल के दौरान ओड़िशा की जनता को धोखा देने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ एक लंबी आरोप पत्र तैयार की गयी है। प्रदेश उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेडी सरकार के खिलाफ तैयार किये गये आरोप पत्र से सभी को अवगत कराया जायेगा। प्रदेश भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की दूसरी बैठक शनिवार को प्रदेश कार्यालय में हुई है। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल की अध्यक्षता में क्षेत्रीय प्रभारी सुनील बंसल, प्रदेश चुनाव प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री बिशेश्वर टुडू, विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्र, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति, प्रदेश महासचिव (संगठन) मानस कुमार महांति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। राज्य की सभी 21 लोकसभा और 147 विधानसभा में होने वाले आम चुनाव के लिए बीजेपी पूरी तरह से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्र गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई केंद्रीय नेता ओड़िशा आयेंगे और चुनाव प्रचार के लिए 50 से ज्यादा जगहों पर सभा को संबोधित करेंगे। इसी तरह अन्य नेता भी राज्य की सभी 147 विधानसभा में जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। इस चुनाव में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा होगा। ओड़िशा की अस्मिता के आधार पर चुनाव लड़ा जायेगा। श्री महापात्र ने कहा कि नवीन बाबू सत्ता से बाहर होंगे और भाजपा ओड़िशा की सत्ता में आयेगी।

## कटक मंगुली टोलगेट से 9 किलो सोना के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक स्थित मंगुली टोल गेट के पास विदेशी सोना जब्त किया गया। कोलकाता से सोने की तस्करी की जा रही थी। डीआरआइ ने आरोपी को कोलकाता से सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा। एक कार में कोलकाता से 9 किलो 180 ग्राम सोने की तस्करी की जा रही थी। डीआरआइ ने मंगुली टोल प्लाजा पर कार को रोककर जांच के दौरान सोना पाया गया। जब्त किये गये सोने की अनुमानित कीमत 6 करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस ने इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है।

## चिरंजीवी बिस्वाल और सुकांत नायक बीजेडी में हुए शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के पूर्व विधायक चिरंजीव बिस्वाल बीजेडी में शामिल हुए। शंख भवन में समर्थकों के साथ बीजू जनता दल में शामिल हुए। उन्होंने शनिवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। राज्यसभा सांसदों मानस मंगराज और सस्मीत पात्र की मौजूदगी में चिरंजीवी बीजेडी में शामिल हुए। चिरंजीव पूर्व उपमुख्यमंत्री दिवंगत बसंत बिस्वाल के बेटे हैं।

बता दें कि चिरंजीवी पहले से ही तिर्तोल और जगतसिंहपुर से विधायक रह चुके है। यहां तक कि विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष चिरंजीवी बिस्वाल भी थे। विपक्षी दल के नेता के तौर पर भी उन्होंने कांग्रेस की आवाज बुलंद की।

उधर, नीलगिरी के विधायक सुकांत नायक बीजेडी में शामिल हो गये। सुकांत ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया और बीजेडी में शामिल हो गये। सुकांत नायक शंखभवन में हजारों समर्थकों की उपस्थिति में बीजेडी में शामिल हुए।






## भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने का संकल्प लें कार्यकर्ता : लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



रविवार को डोरंडा स्थित दुर्गा मंडप परिसर में धनवार विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**राजधनवार (गिरिडीह)।** आपको मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को जन जन तक पहुंचाना है और उन्हें भाजपा को वोट करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि इस बार के चुनाव में पिछले सभी रिकॉर्ड टूट जाये। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहीं। वे डोरंडा स्थित दुर्गा मंडप परिसर में धनवार विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थीं। विधायक ने मोदी सरकार के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि उन सभी विकास योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी दें। कहा कि नए मतदाताओं को भी भाजपा के कार्यों के बारे में बताते हुए उन्हें पहला वोट कमल फूल में डालने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि आज हर वर्ग के उत्थान के लिए हमारे प्रधानमंत्री द्वारा योजनाएं चलायी जा रही हैं। रोजगार हो या स्वास्थ्य की जरूरत या फिर प्रतिदिन उपयोग में आने वाली व्यवस्था हो सभी के लिए सहजता, सुलभता के साथ उपलब्ध करवाने के लिए मोदी सरकार कृत संकल्पित है। आज हमारी माताएं बहनों के लिए उज्ज्वला योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। हर घर शौचालय का निर्माण करवा कर उन्होंने हमारे सम्मान की रक्षा की है। गरीब परिवार को स्वास्थ्य लाभ दिलवाने के लिए आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया है, ताकि जरूरतमंद लोग पांच लाख रुपये तक इलाज मुफ्त करवा कर लाभ ले रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा कर इस बार के चुनाव में भाजपा को पिछले चुनाव के अपेक्षा अधिक वोट दिलाने का संकल्प लेना है और दिलाना है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## जेएसपी ने अंगुल में मेगा रक्तदान शिविर लगाया

### ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओपी जिंदल ग्रुप के दूरदर्शी और संस्थापक श्री ओपी जिंदल के परोपकारी प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने 30 मार्च को अंगुल इकाई के साथ-साथ उनकी 19वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर मेगा रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। सामुदायिक सेवा की अविश्वसनीय भावना का प्रदर्शन करते हुए जेएसपी के कर्मचारियों, श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने स्थानीय समुदाय के सदस्यों के साथ भीषण गर्मी के बावजूद इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भारी मात्रा में भाग लिया। उनके सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप 703 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

इस अवसर को चिह्नित करने के लिए जेएसपी के पंकज मल्हन कार्यकारी निदेशक और अंगुल इकाई प्रमुख और दामोदर मित्तल कार्यकारी निदेशक के साथ कर्मचारियों, कार्यकर्ताओं और समुदाय के सदस्यों ने ओपी जिंदल को पुष्पांजलि अर्पित की।

जेएसपी के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने एक सोशल मीडिया संदेश में अपने पिता ओपी जिंदल को गहरी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके पिता की जीवन यात्रा उनके लिए एक किताब है, जिसे वह हर दिन पढ़ते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं। शिविरों का आयोजन अंगुल, आठमलिक, तालचेर और बुर्ला (संबलपुर) के रेड क्रॉस ब्लड बैंकों के सहयोग से किया गया था।


आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626 मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

S M Toy & School Furniture

Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

एक बार जरूर पधारे

Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)

Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स

Mob : 9973853279, 9031249105

समस्या है तो ! समाधान भी है !

आचार्य प्रणव मिश्रा

प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची

गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची


## सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने की साजिश बंगाल में इसे लागू नहीं होने दूंगी : ममता बनर्जी

- चुनाव में भाजपा को 200 सीट का आंकड़ा पार करने की दी चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किए जाने पर रविवार को सवाल उठाते हुए भाजपा व केंद्र पर करारा हमला बोला। ममता ने कहा कि सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का एक जाल (साजिश) है, जिसे वह बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। इस महीने की शुरुआत में लगी चोट से उबरने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए नदिया जिले के कृष्णानगर में अपनी पहली जनसभा में ममता ने लोगों को आगाह किया कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करते ही आपको विदेशी घोषित कर दिया जायेगा।

कृष्णानगर से तृणमूल प्रत्याशी महुआ मोइत्रा के समर्थन में मतुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र में आयोजित इस रैली में ममता ने लोगों से इसके लिए आवेदन नहीं करने का अनुरोध किया। ममता ने कहा- सीएए का मतलब ही एनआरसी है। आवेदन करते ही आप एनआरसी के दायरे में आ जायेंगे। केंद्र सरकार आपके (मतुआ भाइयों) के सभी नागरिक अधिकार छीन कर आपको डिटेंशन कैंप में भेज देगी। सीएए के कारण लोग तनाव में हैं। ममता ने स्पष्ट कहा कि हम बंगाल में सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे।



तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मतुआ समुदाय से आने वाले बनगांव से भाजपा सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर का नाम लिये बिना कहा कि भाजपा के नेता सीएए के तहत आवेदन क्यों नहीं कर रहे हैं?

ममता ने सवाल किया कि जब सीएए कानून को संसद से 2019 में ही पारित किया गया तो इतने साल बाद चुनाव से ठीक पहले इसे क्यों लागू किया गया है? पहले इसे लागू क्यों नहीं किया गया। यह चुनावी जुमले के अलावा कुछ भी नहीं है। ममता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा के 400 से अधिक सीटें जीतने के लक्ष्य का भी मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कह रही है, लेकिन मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि वह 200 सीट का आंकड़ा भी पार करके दिखाये।

**कांग्रेस व माकपा पर भी निशाना :** ममता ने विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन के सहयोगियों माकपा और कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए भाजपा से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। कहा कि बंगाल में कोई आइएनडीआइए गठबंधन नहीं है। माकपा और कांग्रेस बंगाल में भाजपा के लिए काम कर रही हैं। कांग्रेस व माकपा को वोट देने का मतलब भाजपा को वोट देना होगा।


RAJHANS ACADEMY

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN

Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773

302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01

Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे

जल ही जीवन

993106883

9113754813

रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में

Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

FREE FRANCHISE

Just call us : 9835502908

Alpha Institute of Computer Education

Franchise Benefit

- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908

Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045

Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546

E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**